CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्र.सं. 56

ऋग्वेद संहिता

(वैदिकजीवनभाष्ययुता)

पदपाठ, शब्दार्थ, संस्कृत और
भाषा अनुवाद टिप्पणी और मन्त्रों के
आशय पर व्याख्यान से युक्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्र.सं. ५८

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY 1986 A.D.
पुस्तकालय

R.

रत्न पुस्तक भण्डार
"ग्रीन हाउस"
२७१, माईतीघर
काठमाडौं, नेपाल
फोन : ४-२४०८५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

९५-६३६

ऋग्वेद संहिता

(वैदिकजीवनभाष्ययुता)

पदपाठ, शब्दार्थ, संस्कृत और भाषा अनुवाद टिप्पणी और मन्त्रों के आशय पर व्याख्यान से युक्त

प्रथम मण्डल : द्वितीय खण्ड

सम्पादक
शिवनाथ आहिताग्नि
पं० शंकरदत्त शास्त्री

NAG PUBLISHERS
नाग प्रकाशक
११ए/यूए, जवाहर नगर, दिल्ली-७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नाग प्रकाशक
(१) ११ए/यू. ए. जवाहरनगर, दिल्ली-७
(२) ८ ए/यू. ए. ३ जवाहर नगर, दिल्ली-७
(३) जलालपुर माफी (चुनार-मिर्जापुर) उ० प्र०

ISBN 81-7081-246-1(SET)

प्रथम संस्करण १९०४
द्वितीय संस्करण १९९१

R
Acc. 25046/29054
NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY पुस्तकालय

मूल्य: रु०

श्री नागशरण सिंह द्वारा नाग प्रकाशक, जवाहर नगर, दिल्ली से प्रकाशित ज्ञान आफसेट, शहजादा बाग, दिल्ली से मुद्रित ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वेद- ६३६

अथ चतुर्विंशं सूक्तम्॥

२४ वें और अगले छः सूक्तों के ऋषि शुनःशेप हैं इन की अद्भुत कथा ऐतरेय ब्राह्मण में लिखी है, यह कथा राजसूय यज्ञ में राजाका अभिषेक किये पीछे होता ऋत्विज् सोनेके तारों से बने हुए आसन पर बैठकर राजा को सुनाता है। इस कथाका परिणाम बहुत अच्छा है क्योंकि इस में एक अपुत्र राजा को पुत्र मिल गया, रोहित के छः वर्ष बन में फिरने के श्रम से उस के अपने और पिता के पूर्व संचित पाप क्षय होकर उस को प्राणरक्षा होगई और पिताकी प्रतिज्ञा पूरी होगई, अजीगर्त को जो बन में भूखा मरता था तीन सौ गौएं मिल गईं, शुनःशेप के बन्धन छूट गए और राजा को आरोग्यता मिल गई। इसलिये यह कथा सब आपत्तियों के नाश करने वाली यशके देने वाली और पाप को नाश करनेवाली है जिन को पुत्रकी इच्छा है वे इस के सुनने से पुत्रको प्राप्त कर सकते हैं (१)।

ऐतरेय ब्राह्मण में यह कथा इस प्रकार लिखी है (देखो ऐ० ब्रा० पं० ७ खं० १३—१८)।

इक्ष्वाकुवंशी वेधस के पुत्र हरिश्चन्द्र एक पुत्र हीन राजा थे उनके एकसौ स्त्रियां थीं (२)परन्तु उनमेंसे किसीको पुत्र नहीं होता

---

(१) इस कथा के ये फल ऐतरेय ब्राह्मण में लिखे हैं। इस का आशय यह नहीं है कि एक वार के श्रवण मात्र से ये फल हो जाते हैं। किन्तु श्रद्धा से वारंवार श्रवण और चिन्तन करने से ऐसे संस्कार मनुष्य के मन पर पड़जाते हैं कि साधारण यत्न करने पर वह २ कर्म शीघ्र फल युक्त होजाता है।

(२) पुत्र उत्पादन करके स्वजाति की वृद्धि करना आर्य का धर्म हैं। यदि एक स्त्री में पुत्र न हो, तो दो तीन वा १०० स्त्री भी रखना अधर्म नहीं है, यदि विषयभोगके लिये ये विवाह न किये जाएं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

था उन के घर में पर्वत और नारद ऋषि रहतेथे। राजाने नारद से पछा, कि हे नारद! ज्ञानी और अज्ञानी सभी पुत्र की इच्छा करते हैं। पुत्र से क्या लाभ है यह मुझे आप कहें इस एक श्लोक में पूछे हुए प्रश्न का नारद ने इन दस श्लोकोंमें उत्तर दिया॥

१ यदि अपने से उत्पन्न हुए जीते पुत्रका मुख पिता देखता है तो वह अपने ऋणको चुकाता है और अमर होजाता है (३) २ जितने पृथिवी में भोग हैं और जितने सुख अग्नि और जल द्वारा मनुष्य को प्राप्त होते हैं इन सब से अधिक सुख पिता को पुत्र में है। ३ पुत्र के द्वारा पिता बड़े संकट के भी पार लंघ जाता है क्योंकि वह पुत्र रूपमें अपनेसे आप उत्पन्न होताहै(४) पुत्र अन्नवस्त्रादि सामग्री से युक्त नौका की तरह समुद्र के पार लंघाने वाला है। ४ नित्य का ब्रह्मचर्य धारण करके मल रखने से क्या लाभ है। मृगचर्म से,डाढ़ी रखने से और तप से क्या लाभ है। हे ब्राह्मणो गृहस्थी बन कर पुत्र की इच्छा करो। क्योंकि पुत्र के द्वारा जीवन दोषरहित बन जाता है (५)। ५ इस लोक में अन्न प्राण की स्थिति का हेतु है घर शीतादि से रक्षा करता है। सुवर्ण रूप को बढाताहै, पशु वाहन के हेतु हैं। स्त्री सच्ची मित्र है। पुत्री दया का पात्र है परन्तु पुत्र

(३) पुत्र उत्पादन किये विना मनुष्य पितृ ऋण से मुक्त नहींहो सकता। पुत्र द्वारा मनुष्य अमर कैसे होताहैइसके लियेदेखो श्लोक७

(४) पुत्र अपनी ही आत्मा होने से मनुष्य एक से दो बन जाता है। और संकट का सामना करने के लिये उस का बल द्वि-गुण होजाता है।

(५) गृहस्थी बन कर स्त्री पुत्र और अन्य मनुष्यों के सम्बन्ध से जो अनुभव मनुष्य को होते हैं, वे नित्य ब्रह्मचारी को कदापि नहीं हो सकते। और उस के जीवन से वह दोष दूर नहीं हो सकते जो गृहस्थाश्रम रूपी अग्निमें से निकलने से ही हो सकते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्कृष्ट आकाश में ज्योति की समान प्रकाशको देनेवाला है ६ पति स्त्री में प्रविष्ट होता है और गर्भ रूपमें रखने से वह उस की माता बन जाती है। उसमें फिर नया बनकर दसवें महीनेमें उत्पन्न होता है ७ इसलिये स्त्री को जाया कहते हैं क्योंकि वह उस में फिर (जायते) जन्म लेता है। यह (स्त्री) निरन्तर जीवित रहने का हेतु है। क्योंकि जीवन रूप बीज इसमें बोया जाता है और यह उस जीवनको फिर प्रगट करके निरंतर रखती है ८ देवता और ऋषियों ने स्त्री में बडा तेज स्थापन किया और फिर देवताओंने मनुष्यों से कहा कि यह तुम्हारी फिर माता बनेगी (६)। ९ यह बात सबपशुभी जानते हैं कि पुत्रहीन के लिये दुनियां कुछ नहीं................... ....१० यह रस्ता जिस पर पुत्रवान शोक रहित होकर चलते हैं महापुरुषों से स्तुति किया गया है और सुख से सेवन करने योग्य है इस बात को पशु पक्षी भी जानते हैं (७) ... ...

इस प्रकार उसकोउत्तर देकर नारदने कहा कि हे राजन् वरुण राजा के पास जाकर प्रार्थना करो कि मेरे पुत्र हो, और यह भी कहो कि ऐसा होनेपर मैं उससे आपका यज्ञ करूंगा (८) यह सुन

---

(६) यह श्लोक अलंकार रूप में स्त्रीके तेज और उच्च पदवी को दर्शाता है, स्त्री पुरुष की माता है। इसलिये सर्वदा माता के तुल्य आदर के योग्य है।

(७) नवें और दसवें श्लोक के अन्तिम कुछ पद छोड़ दिये हैं। क्योंकि आज कल की गिरी हुई सभ्यता प्राचीन आर्यों के सरल और मुंह फट वाक्यों को सहन नहीं कर सकती॥

(८) यह नारद का उपदेश हमें बड़ा विचित्र प्रतीत होता है परन्तु इस कथा के परिणाम को देख कर हम नारद को धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकते। स्यात् वह जानते थे, कि राजा का यह प्रण भूखे मरते ब्राह्मण की भूखी सन्तान में से एक को मंत्र द्रष्टा ऋषि बनाएगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर राजा हरिश्चद्र ने कहा ऐसा ही करूंगा और राजा वरुण के पास जाकर (९) कहा कि मेरे पुत्रहो मैं उससे आपका यज्ञ करूंगा वरुणने वरदिया (९) कि ऐसाही हो और उसके पुत्र उत्पन्न होगया जिस का नाम रोहित रखा गया। पुत्र उत्पन्न होने पर वरुण ने हरिश्चन्द्र से कहा, कि तेरे पुत्र होगया, इससे मेरा यज्ञ कर (जैसे प्रतिज्ञाकी थी) (१०) उसने उत्तर दिया(११)कि जब पशु दस दिनसे बडा होता है तब यज्ञके योग्य होता है। इसलिये यह भी दस दिन से बड़ा होलेवे फिर मैं इस से आप का यज्ञ करूंगा यह बात वरुण ने स्वीकार की और जब वह दस दिन का होगया तो वरुण ने कहा यह दस दिन का होगया अब इस से मेरा यज्ञ कर । हरिश्चन्द्र ने कहा कि जब पशु को दांत निकल आते हैं। तब यज्ञ के योग्य होता है इस लिये इस के दांत निकल आने दो। पीछे मैं इस से आपका यज्ञ करूंगा। वरुण ने मान लिया, और जब उस को दांत निकल आए तब कहा कि इस के दांत निकल आए अब इस से मेरा यज्ञ कर। राजा ने कहा जब पशु के पहले दांत गिरते हैं, तब वह यज्ञ के

(९) पास जाकर कहा, अर्थात् उपासना करके कहा देवता का वर देना या तो प्रत्यक्ष में हो सकता है या यह आशय भी हो सकता है कि उपास्य देव की उपासना तुष्टि पूर्वक हो चुकने पर उपासक को निश्चय हो जाता है कि देवता ने मेरी प्रार्थना को सुन लिया है। और अब मेरे प्रयोजन की सिद्धि हो जायगी ।

(१०) इस का आशय दो तरह हो सकता है, एक तो यह कि वरुण ने प्रत्यक्ष होकर कहा दूसरा यह कि राजा के आत्मा (conscience) ने उसको प्रेरण किया कि प्रतिज्ञा पूरी करनीचाहिये।

(११) अर्थात् प्रत्यक्ष में उत्तर दिया वा यह कह कर अपनी मन समझोती करली। जैसे आत्मा (conscience) के विरुद्ध कर्म करके हम सदा करलेते हैं। देवता से प्रत्यक्षमें वार्तालापकी सम्भावना ऋ०१।२५।१७से स्पष्ट प्रतीत होती है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योग्य होता है। इस लिये इस के दांत गिर लेवें तब मैं इस से आप का यज्ञ करूंगा। जब उस के दांत गिर गए तब वरुण ने कहा इस के दांत गिर गए अब इस से मेरा यज्ञ कर। राजाने उत्तर दिया जब पशु के दांत दूसरी बार निकलते हैं। तब वह यज्ञ के योग्य होता है इस लिये इस के दांत फिर निकल आवें तब मैं इससे आपका यज्ञ करूंगा। वरुण ने मान लिया और जब उसके दांत दूसरी बार निकल आए तब कहा कि इस के दूसरी बार दांत निकल आए अब इससे मेरा यज्ञ कर, राजाने कहा जब क्षत्रिय शस्त्र और कवच पहनने की अवस्थाको प्राप्त होता है तब यह यज्ञके योग्य (१२) होता है इसलिये यह शस्त्र और कवचधारी होलेवे तब मैं इससे आपका यज्ञ करूंगा। वरुण ने मान लिया (१३) और जब वह शस्त्र और कवच धारी हुआ तब राजा से कहा अब यह शस्त्र और कवच धारी हो गया इस से मेरा यज्ञ कर। राजा ने कहा अच्छा और पुत्र को बुला कर कहा। हे तात इस वरुण ने तुझे मेरे ताईं दिया है इस लिये मैं तुझ से इनका यज्ञ करूंगा। रोहितने कहा नहीं (१४)और ऐसा कह कर धनुष को लेकर वन में चला गया वह एक बरस बनमें फिरता

---

(१२) यहां यज्ञ से रण यज्ञ तात्पर्य हो सकता है। क्योंकि पुरुष यज्ञ की तो आर्यों में चाल ही नहीं थी देखो (१९)

(१३) इस से प्रतीत होता है कि राजा वरुण मनुष्य के प्रतिज्ञा वा नियम भंग की बारबार उपेक्षा करते हैं, परन्तु अन्त में दण्ड दिये बिना नहीं रहते फिर प्रतिज्ञा वा नियम को पालन करलेने से दण्ड को हटा लेते हैं, जैसे राजा को जलोदर होने और अन्त में हट जाने से प्रतीत होता है (देखो ऐ० ब्रा० पं० ७ खं० १६ का अन्त)

(१४) रोहित का पिता की आज्ञा को न मानना जितलाता है कि उस को पिता की पुरुष बलि की प्रतिज्ञा अनोखी जान पड़ी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहा। इस अन्तर में हरिश्चन्द्र को राजा वरुणने पकड लिया और उसको जलोदर होगया यह बात रोहित ने सुनी और बन से पिता के पास आने के लिये लौटा (१४)उसको रस्तेमें मनुष्य रूपमें इन्द्र मिले और कहा "हे रोहित हम सुनते आए हैं कि परिश्रम करके थके बिना लक्ष्मी नहीं प्राप्त होती श्रेष्ठ पुरुष भी घर में बैठा रहने से पापी होजाता है और फिरने वाले का इन्द्र सखा है इस लिये फिर"(१५)रोहित यह विचार कर कि मुझे ब्राह्मणने फिरने का उपदेश किया है दूसरे बरस फिर वन में फिरता रहा दूसरे बरस की समाप्ति पर नगर को लौटा तो उस को फिर पुरुष रूप में इन्द्र मिले और कहने लगे "फिरने वाले की जंघा फूलों वाली (शाखा की न्याईं सुन्दर) होती हैं, और उसका शरीर बढनेवाले फल युक्त वृक्ष (के समान परोपयोगी) होता है। उसके सब पाप लम्बी यात्रा के श्रम से नष्ट होकर मरदे की तरह सोजाते हैं, इस लिये फिर"। रोहित यह सोच कर कि मुझे ब्राह्मण ने फिरने का उपदेश दिया है तीसरे बरस फिर वन में फिरता रहा समाप्तिपर लौटते समय उस को फिर पुरुष रूप में इन्द्र मिले और कहने लगे "बैठने वाले का भाग्य बैठ जाता है, खडे होनेवाले का खड़ा होजाता है, सोनेवालेका सोजाता है फिरने वालेका भाग्य गतियुक्त होता है इस लिये फिर"।(१५)रोहित यह विचार कर कि मुझे ब्राह्मणने फिरनेका

और वह इस से बचने के लिये वन में चलागया, परन्तु जब उसने सुना कि प्रतिज्ञा भंग से पिता को जलोदर होगया तो अपने को बलिदान करने के लिये वन से नगर को लौटा ॥

(१५) पुरुष बलिका होना देवताओंकोभी अभीष्ट न था इस लिये इन्द्र ने पुरुष रूप धारण करके रोहित को नगर में जाने से रोका। और ऐसा हित कर उपदेश दिया जो सदा के लिये सब को ग्रहण करने योग्य है। आर्य जातिकी वर्तमान अवस्थामें यह विशेषता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उपदेश दिया है, चौथे बरस फिर बन में फिरता रहा जब समाप्ति पर नगर को लौटा तो उस को पुरुष रूप में इन्द्र मिले और कहा सोया हुआ मनुष्य कलि रूप होता है। जागा हुआ द्वापररूप खडा हुआ त्रेता रूप और चलता फिरता हुआ (सर्वोत्तम) कृत को प्राप्त होता है इस लिये फिर"। रोहित यह बिचार कर कि मुझे ब्राह्मणने फिरने का उपदेश किया है पांचवें साल फिर वन में फिरता रहा जब समाप्ति पर नगर को लौटा तो पुरुष रूप में इन्द्र ने मिल कर कहा "फिरने वाला मधु प्राप्त करता है। फिरने वाला स्वादु उदुम्बर को प्राप्त करता है, सूर्य के श्रम को देख जो फिरता हुआ कभी नहीं आलस्य करता। इसलिये फिर" (१५)रोहित यह सोच कर कि मुझे ब्राह्मण ने फिरने का उपदेश किया है छठे बरस फिर बन में फिरता रहा। इस काल में उसको सूयवस का पुत्र अजीगर्त ऋषि भूख से मरता हुआ उस वन में मिला (१६)। उसके तीन पुत्र थे शुनः पुच्छ शुनःशेप और शुनो लांगूल। उस को रोहितने कहा "हे ऋषि मैं आप को सौ गौ दूंगा। इन में से एक पुत्र को मुझे दो। जिस से मैं अपने को छुडा सकूं। ऋषि ने बडे बेटे को पकड़ कर कहा इस को तो मैं न दूंगा इसी तरह माता ने सब से छोटे बेटे को पकड़ कर कहा इस को मैं न दूंगी तब उन्हों ने

से उपयोगी है। वास्तव में आलस्य ही हमारे दुःखों का मूल है। हम अधिक विश्राम की इच्छा करते हैं। घरसे बाहर नहीं निकलना चाहते। देश देशान्तरमें भ्रमण और परिश्रम करके अपने भाग्य को गति युक्त नहीं करना चाहते। इसीलिये हमारा भाग्य सोया हुआहै॥

(१६) इन्द्र का आशय रोहित को छः वर्ष तक फिराने का यह था कि देवताओंने जिस भक्त को तपाकर ऋषि बनाना था वह अभी बालक अवस्था में थे। जब वह कुमार अवस्था को प्राप्त होगए, तो रोहित से अजीगर्त की भेट हुई॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बीच के बेटे शुनःशेप को देना स्वीकार किया (१७)। रोहित ऋषि को सौ गौ देकर और शुनःशेप को साथ लेकर बनसे नगर में लौट आया। और पिता के पास जाकर कहा, हे पिता मैं इस के द्वारा अपने को छुड़ाऊंगा। राजा ने वरुण के पास जाकर कहा कि मैं शुनःशेप से आपका यज्ञ करूंगा। वरुण ने स्वीकार किया और कहा कि ब्राह्मण क्षत्रियसे श्रेष्ठ है (१८) फिर वरुणने राजाहरिश्चन्द्र को राजसूय यज्ञ करने का उपदेश किया। हरिश्चन्द्र ने राजसूय यज्ञ प्रारम्भ किया और उसके अभिषेचनीय नाम दिन में पशु की जगह शुनःशेप को ग्रहण किया। इस राजसूय यज्ञ में विश्वामित्र होता जमदग्नि अध्वर्यु वसिष्ठ ब्रह्मा और अयास्य ऋषि उद्गाता थे। (पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि पुरुष से यज्ञ किया जाय इस लिये) जब शुनःशेप का कुशा से युक्त प्लक्ष शाखा से उपाकरण संस्कार हो चुका तब राजा को यूप में बांधने वाला कोई नहीं मिला (१९) तब सूयवसका पुत्र अजीगर्त बोला कि मुझे सौ गौ और दो सौ मैं इस को यप में बांध दूंगा। उस को राजा ने सौ गौ और दीं और उसने उसको यूप में बांध दिया जब शुनःशेप को इस प्रकार उपाकरण करके बांध दिया गया, आप्रीसूक्त के मंत्रों से

---

(१७) अजीगर्त का वृत्तान्त सिद्ध करता है कि भूख मनुष्य के उच्च भावों को नष्ट कर देती है। और नीच भाव प्रबल होजाते हैं इसलिये अपने को ऐसी अवस्था में कभी नहीं गिरने देना चाहिये कि खाने को अन्न भी न मिल सके ॥

(१८) क्योंकि ब्राह्मणमें ही वह तेज है जिसके द्वारा ऐसी अवस्था में जहां बल और शस्त्र कुछ काम नहीं आते उसके प्राणों की रक्षा होसक्ती है ॥

(१९) इससेस्पष्ट प्रतीत होता है, कि राजाका यह कर्म अपूर्व और विलक्षण था। और आर्य जाति में पुरुष बलि नहीं होती थी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रयाज कर्म होकर पर्यग्निकरण संस्कार होचुका तब राजा को शुनःशेपका मारने वाला कोई नहीं मिला, (१९) तब सूयवस के पुत्र अजीगर्तने कहा मुझे सौ गौ और दो मैं इसका वधकरूंगा (२०) उस को राजा ने सौ गौ और दीं। और वह खड्गको पैना कर शुनःशेप की ओर चला। शुनःशेप ने विचार किया कि यह तौ मुझे पशु की तरह मारने लगे हैं मैं देवताओंकी शरण लूं (२१)। ऐसा सोच कर वह पहले देवताओं में मुख्य प्रजापति के पास गया (अर्थात् मन से चिन्तन किया) और २४ वें सूक्त के पहले मंत्र से प्रजापति को सम्बोधन किया। (ऐ० ब्रा० पं०७ खं० १३—१६)

इन मंत्रों में केवल अपने छुटकारे के लिये प्रार्थना नहीं हैं इसी लिये शुनःशेप इन के द्रष्टा कहे जाते हैं अर्थात् मनुष्य मात्र के हित के लिये उन्होंने इन मंत्रों को देवताओं के अनुग्रह से देखा (अन्तःकरण में भान किया) और उच्चारण करके यह दाय हमारे लिये छोड़ गए। इस लिये इन्हीं मंत्रों से हम सब प्रार्थना करसकते हैं। और अनेक कर्मों में इन का विनियोग कर सकते हैं, जैसा आगे विनियोगों के देखने से प्रतीत होगा॥

---

(२०) जब नीच भाव प्रबल होजाते हैं तो मनुष्य परमात्मा का भी शत्रु बन जाता है और ऐसे कर्म करने को उद्यत होजाता है जिस को क्रूर से क्रूर पशु भी नहीं करते मनुष्य का मनुष्यत्व इसी में है कि उस की नीच चेष्टाएं सर्वदा उच्च भावों द्वारा दबती रहें॥

(२१) यदि हम भी विपत्ति के समय घबराने वा निराश होने की जगह देवताओं की शरण लें तो वह विपत्ति देवताओं के साथ हमारा सम्बन्ध होने का साधन बन कर हम को उच्च बना सकती है विपत्ति में देवताओं की शरण लेने से शुनःशेप और कवष मंत्र द्रष्टा ऋषि बने॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ०मं० १ सू०२४ मं०१

प्रजापतिर्देवता आजीगर्तिःशुनःशेपःकृत्रिमो वैश्वा मित्रो देवरातिर्ऋषिः त्रिष्टुप्छन्दः॥११।११।११।११॥

कस्यनूनंकतमस्यामृतानां मना-

महेचारुदेवस्यनाम। कोनोमह्या

अदितयेपुनर्दात्पितरंचदृशेयंमात-

रंच ॥१॥

कस्य	कस्य	किस का
नूनम्	इदानीम्(आ०को)	अब
कतमस्य	बहूनां मध्ये कस्य	बहुतों में से किस का
अमृतानाम्	अमरणधर्मणाम्	अमरण धर्मियों में से
मनामहे	चिन्तयेम	हम चिन्तन करें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चारु॑	शोभनम्	सुन्दर को
दे॒वस्य॑	देवस्य	देवता के
नाम॑	नाम	नाम को
कः	कः	कौन
नः॒	अस्मान्	हम को
म॒ह्यै	महत्यै	महान् के लिये
अदि॑तये	अदितये	अदिति के लिये
पुन॑ः	पुनः	फिर
दा॒त्	दद्यात्	देवे
पि॒त॑रम्	पितरम्	पिता को
च॒	च	और
दृ॒शेय॑म्	पश्येयम	देखूं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मातरम्	मातरम्	माता को
च	च	और

संस्कृतार्थः।

(वयं) इदानीं कस्य, (बहूनाम्) अमृतानां मध्ये कतमस्य देवस्य, शोभनं नाम चिन्तयेम कोऽस्मान्पुनःमहत्या अदितये दद्यात्(येन) पितरञ्च मातरञ्च पश्येयम् ॥ १ ॥

भाषार्थः।

हम किस का, बहुत अमरण धर्मियों में से किस देवता का, सुन्दर नाम चिन्तन करें कौन हम को महती अदति के ताईं फिर देंगे और मैं पिता और माता को देखूंगा ॥ १ ॥

अदिति (Nature) आकाश और पृथिवी और अन्य सब देवताओं की माता प्रकृति का परिणाम रूप यह दृष्ट जगत् है।

मंत्र का आशय यह है कि कौन देवता हम को फिर इस बड़े दृष्ट जगत् में विचरने का अधिकार देंगे। जिस अधिकार को पाकर मैं शुनःशेप द्यौष्पिता और पृथिवी माता का स्वतन्त्रता पूर्वक देख सकूंगा। यूप में बंधा हुआ वा कारागृह (Jail) में पड़ा हुआ, वा बध के लिये पकड़ा हुआ मनुष्य सभी इस मंत्र द्वारा मोक्षण के लिये प्रार्थना कर सकते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११॥

अग्नेर्वयंप्रथमस्यामृतानां मनामहे
चारुदेवस्यनाम । सनोमह्या अदित
येपुनर्दा त्पितरंचदृशेयंमातरंच॥२॥

अग्नेः	अग्नेः	अग्नि का
वयम्	वयम्	हम
प्रथमस्य	प्रथमस्य	प्रथम का
अमृतानाम्	अमरणधर्मणाम्	अमरणधर्मियों के
मनामहे	चिन्तयेम	चिन्तन करें
चारु	शोभनम्	सुन्दर को
देवस्य	देवस्य	देवता के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MDF

नाम	नाम	नाम को
सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को
मह्यै	महत्यै	महान् के ताईं
अदितये	अदितये	अदिति के ताईं
पुनः	पुनः	फिर
दात्	दद्यात्	देवे
पितरम्	पितरम	पिता को
च	च	और
दृशेयम्	पश्येयम्	देखूं
मातरम्	मातरम्	माता को
च	च	और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

(वयं) अमृतानां प्रथमस्याग्नेर्देवस्य शोभनं नाम चिन्तयेम सोऽस्मान्पुनर्महत्या अदितये दद्यात् (येन) पितरञ्च मातरञ्च पश्येयम् ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

(हम) अमर रहने वालों में सब से पहले देवता अग्नि का सुन्दर नाम चिन्तन करें वह हम को फिर महती अदिति के ताईं देवें (जिस से) मैं पिता और माता को देखूं ॥ २ ॥

पहले मंत्र से प्रार्थित होने पर प्रजापति ने शुनःशेप से कहा अर्थात् प्रत्यक्ष में कहा, क्योंकि देवताओं से वार्तालाप करने का अधिकार मंत्र द्रष्टा ऋषियों को है (देखो १।२५।१७।) अथवा शुनःशेप के मन में यह भान हुआ, कि अग्नि सब देवताओं की अपेक्षा प्रथम है। उनका ध्यान करो । इस लिये शुनःशेप ने इस मंत्र से अग्नि का ध्यान किया ॥

इस मंत्र से प्रार्थित होने पर अग्नि ने शुनःशेप से कहा कि सविता सब कार्य्यों में प्रेरणाकरने वाले हैं (तुझे भी इस महान् कार्य्य में अपने भर्ग से प्रेरण करेंगे) उनके पास जा। अग्नि के उपदेश से शुनःशेप ने अगले तीन मंत्रों से सविता से प्रार्थना की ॥ (ऐ० ब्रा० पं० ७ खं० १६)

सविता देवता निचृद्गायत्री छन्दः । ८ । ७ । ८ ।

अभित्वादेवसवित रीशानंवार्य्याणाम् । सदावन्भागमीमहे । ३ ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अभि	अभि+	--
त्वा	त्वाम्	आप को
देव	हे देव	हे देव
सवितः	हे सवितः	हे सविता
ईशानम्	स्वामिनम्	स्वामी को
वार्याणाम्	वरणीयानाम् (धनानाम्)	वरने योग्य (धनों) के
सदा	सर्वदा	सदा
अवन्	रक्षक	रक्षक
भागम्	ऐश्वर्यम्	ऐश्वर्य को
ईमहे	अभि + ईमहे सर्वतो याचामहे	सब ओर से मांगते हैं

संस्कृतार्थः

सर्वदा रक्षक हे देव हे सवितर्वरणीयानाम् (धनानाम्) स्वामिनं त्वाम् (वयम्) ऐश्वर्यं सर्वतो याचामहे ॥३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

सदा रक्षा करनेवाले हेदेव हे सविता वरने योग्य (धनों)के स्वामी आप से(हम)सब ओर से ऐश्वर्य को मांगते हैं ॥ ३ ॥

विनियोग–यह मंत्र वैश्वदेव यागके अग्निमन्थन में (आ० श्रौ० सू० २।१६।२) प्रवर्ग्य में (आ० श्रौ० सू० ४।७।१) और प्राव स्तोत्र में (आ० श्रौ०सू० ५।१२।६) पढा जाता है।

यह मंत्र और अगले २ मंत्र प्रथम छन्दोम के वैश्व देव शस्त्र में पढ़े जाते हैं (आ० श्रौ० सू० उ० २।९।५)

वास्तव में सूर्य्य ही सब वरने योग्य धन और ऐश्वर्य के स्वामी हैं। इसलिये सविता नाम से हम उन्हीं से ऐश्वर्य की प्रार्थना करते हैं। वह ऐश्वर्य कैसा हो यह अगले मंत्रमें कहते हैं ॥

सविता देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

यश्चिद्धितइत्थाभगः शशमानः पुरानिदः। अद्वेषोहस्तयोर्दधे ॥४॥

यः	यः	जो (कुछ)
चित्	अपि	भी
हि	खलु	निश्चय करके
ते	तव	आप के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इत्था	सत्यः	सच्चा
भगः	भजनीयोऽर्थः	सेवने योग्य धन
शशमानः	स्तूयमानः	स्तुति किया जाने वाला
पुरा	पूर्वम्	पूर्व
निदः	निन्दायाः	निन्दा से
अद्वेषः	द्वेषरहितः	द्वेष रहित
हस्तयोः	हस्तयोः	दोनों हाथों में
दधे	धृतः	धारण किया गया

संस्कृतार्थः ।

(हे सवितः) योऽपि खलु सत्यो निन्दायाः पूर्वं स्तूयमानो द्वेषरहितो भजनीयोऽर्थस्तवहस्तयोर्धृतः (तं याचामहे) ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

(हे सविता) जो कुछ भी निश्चय करके सच्चा, निन्दा से पूर्वं स्तुति किया गया, और द्वेषरहित, सेवने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योग्य धन आप के हाथ में धारण किया हुआ है (उस को हम मांगते हैं) ॥ ४ ॥

हम ऐसा ऐश्वर्य मांगते हैं जो सच्चा हो जो निन्दा के पूर्व होने से स्तुति के योग्य हो (जब किसी ऐश्वर्य भोग में निन्दा होने लगती है, तो वह स्तुति के योग्य नहीं रहता) जो ऐश्वर्य द्वेष रहित हो हम ऐश्वर्यवान् भी हों और इतने महानुभाव भी हों कि हमारा ऐश्वर्य किसी को बुरा न लगे। जो ऐश्वर्य सविता ने अपने हाथ में धारण किया हुआ है, हम केवल उसी को मांगते हैं। झूठे बनावटी, निन्दा युक्त, द्वेष उत्पन्न करने वाले ऐश्वर्य को नहीं मांगते।

सविता देवता गायत्रीछन्दः।८।८।८।

भगभक्तस्यतेवय मुदशेमतवावसा।

मूर्धानंरायआरभे ॥ ५ ॥

भगऽभक्तस्य	ऐश्वर्यं विभागं कृतवतः	ऐश्वर्यके बांटने वालेके
ते	त्वदीयाः	आप क
वयम्	वयम्	हम
उत	अतिशयेन	अत्यन्त करके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अश्याम	व्याप्नुयाम	व्याप्त हों
तव	तव	आप की
अवसा	रक्षणेन	रक्षा से
मूर्धानम्	शीर्षम्	शिखर को
रायः	ऐश्वर्यस्य	ऐश्वर्य के
आरभे	आरब्धुम्	आरम्भ करने को

संस्कृतार्थः ।

(हे सवितः) त्वदीया वयमैश्वर्य्यस्य शीर्षमारब्धुमैश्वर्यं विभागं कृतवतस्तव रक्षणेनातिशयेन व्याप्नुयाम ॥ ५ ॥

भाषार्थः ।

(हे सविता) ऐश्वर्य्य के शिखरको आरम्भ करने को आपके (सेवक) हम लोग ऐश्वर्य बांटने वाले आपकी रक्षासे अत्यन्त करके व्याप्त हों ॥५॥

हम थोडे ऐश्वर्य से तृप्त नहीं होते किन्तु ऐश्वर्य के शिखर पर चढने का व्यवसाय करने लगे हैं—इस व्यवसाय में हम विघ्नों से पराजित न हो जावें इस लिये हमारी प्रार्थना है कि हम सविता देव की रक्षा से अत्यन्त करके व्याप्त हों ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरुणोदेवता त्रिष्टुप् छन्दः । ११ । ११ । ११ । ११ ।

नहितेक्षत्रंनसहोनमन्युं वयश्च
नामीपतयन्तआपुः । नेमाआपो
अनिमिषंचरन्ती र्नयेवातस्यप्रमि-
नन्त्यभ्वम् ॥ ६ ॥

नहि	नहि	नहीं
ते	तव	आप के
क्षत्रम्	अखण्डराज्यम्	अखण्ड राज्य को
न	न	न
सहः	बलम्	बल को
न	न	न
मन्युम्	कोपम्	कोप को
१ वयः	पक्षिणः	पक्षी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

च॒न	अपि	भी
अ॒मी	अमी	ये
पत॑यन्तः	उत्पतन्तः	उडते हुए
आ॒पुः	प्राप्ताः	पहुंचे
न	न	न
इ॒माः	इमाः	ये
आप॑ः	आपः	जल
अ॒नि॒मि॒षम्	निमेषरहितम्	पलक झांपने के तुल्य भी विश्राम के विना
चर॑न्तीः	चरन्त्यः	चलते हुए
न	न	न
ये	ये	जो
वात॑स्य	वातस्य	पवन के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रऽमिनन्ति	ह्रासयन्ति (आ० को)	कम करते हैं
अभ्वम्	माहद्बलम्	बडे बल को

संस्कृतार्थः।

(हे वरुण) नहि तव क्षत्रं न बलं न कोपमुत्पतन्तोऽमी पक्षिणोऽपि प्राप्ताः न निमेषरहितं चरन्त्य इमा आपः न ये वातस्य महद्बलं ह्रासयन्ति ॥ ६ ॥

भाषार्थः।

(हे वरुण) न आप के अखण्ड राज्य को न बल कोऔर न कोप को ये उड़ते हुए पक्षी भी पहुंचे हैं न तनिक भी विश्राम के बिना चलते हुए ये जल और न (ये पर्वत) जो पवन के बडे बलको (रोक कर) कम कर देते हैं ॥ ६ ॥

जब पिछले तीन मंत्रों से शुनः शेप सविता की स्तुति कर चुके तौ सविता ने कहा कि तुम वरुण राजा के लिये नियुक्त हुए हो उनकी शरण लो। इस पर शुनःशेप ने इस सूक्त के शेष मंत्र और अगले (२५वें) सूक्तसे वरुणकी स्तुतिकी (ऐ०ब्रा०पं०७खं०१६)

(१) पक्षियों की गति मनुष्य से अधिक है आकाश में भी वह उड कर चले जाते हैं। परन्तु वह भी वरुण के अखण्ड राज्य की सीमा को नहीं पहुंच सकते। न उन के बल और कोप की थाह लगा सकते हैं। जल पलक झांपने के तुल्य विश्राम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किये विना निरन्तर चलते रहते हैं। पर्वत यद्यपि वायु के भी महान् बल को रोक कर कम कर देते हैं परन्तु ये भी वरुण के राज्य बल और कोप का अन्त नहीं पाते। कोप से यह आशय है कि वरुण का नियम भंग करके समुद्र पर्वत वा आकाशमें चले जाने से भी कोई उन के दण्ड से नहीं बच सकता ॥

वरुणा देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११।

अबुध्ने राजा वरुणो वनस्योर्ध्वं स्तूपं ददते पूतदक्षः। नीचीनाः स्थुरुपरि बुध्न एषामस्मे अन्तर्निहिताः केतवः स्युः ॥ ७ ॥

अबुध्ने	प्रतिष्ठारहिते	निराधार में
राजा	राजा	राजा
वरुणः	वरुणः	वरुण
वनस्य	वनस्य	बन के
ऊर्ध्वम्	ऊर्द्धम्	ऊपर
स्तूपम्	सङ्घम्	समूह को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ददते	स्थापयति	स्थापनकरता है
पतऽदक्षः	पवित्रबलः	पवित्रबल वाला
नीचीनाः	अधोमुखाः	नीचे मुख वाले
स्थुः	तिष्ठन्ति	स्थित हैं
उपरि	उपरि	ऊपर
बुध्नः	मूलम्	जड़
एषाम्	एषाम्	इन की
अस्मे	अस्मासु	हम में
अन्तः	अन्तः	अन्दर
निऽहिताः	निहिताः	स्थापित होकर
केतवः	प्रज्ञा (रूपाः)	प्रज्ञा (रूप)
स्युः	भवन्तु	हों

संस्कृतार्थः ।

पवित्रबलो वरुणो राजा प्रतिष्ठारहित आकाशे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वनस्य सङ्घमूर्ध्वं स्थापयति (ते वृक्षाः) अधोमुखा स्तिष्ठन्ति एषां मूलमुपरि (वर्तते)(एते) अस्मास्वन्त निहिताः प्रज्ञारूपाः भवन्तु ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

पवित्र बल वाले वरुण राजा निराधार(आकाश) में ऊपर की ओर बन के समूह को स्थापन करते हैं (ये वृक्ष) नीचे मुख किये हुए हं और इन की जड़ ऊपर है। (ये) हमारे भीतर स्थित होकर प्रज्ञा रूप बनें ॥ ७ ॥

किरणें एक वन के समान हैं जिस तरह वन में चारों ओर शाखा फैली हुई होती हैं। इसी तरह किरणें सब ओर फैली हुई हैं। इन किरण रूपो बन को राजा वरुग निराधार आकाश में स्थापन करते हैं। इन की जड़ ऊपर सूर्य्य में है। और मुख नीचे की ओर। यही किरणें हमारे भीतर प्रवेश करके प्रज्ञा रूप बनें अर्थात् प्रज्ञा में बदल जावें। शक्ति एकरस होने से नष्ट वा उत्पन्न नहीं हो सकती। किन्तु एक शक्ति का दूसरी शक्ति में परिवर्तन हो सकता है। प्रकाश का पाचक शक्ति, तेज, प्रज्ञा इत्यादि अनेक शक्तियों में परिवर्तन होना सम्भव है। हमारी प्रार्थना है कि हमारे भीतर प्रकाश का प्रज्ञा में ही परिवर्तन हो ॥

वरुणोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११।

उरुंहिराजावरुणश्चकार सूर्या-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यपन्थामन्वेतवाउ । अपदे पादा

प्रतिधातवेऽकरुतापवक्ता हृदयाविध-

श्चित् ॥ ८ ॥

उरुम्	विस्तीर्णम्	विस्तृत
हि	निश्चयेन	निश्चय करके
राजा	राजा	राजा ने
वरुणः	वरुणः	वरुण ने
चकार	चकार	किया
सूर्याय	सूर्याय	सूर्य के लिये
पन्थाम्	मार्गम्	रस्ते को
अनुऽएतवै	अनुगन्तुम्	चलने के लिये
ऊम्	इति प्रसिद्धम्	यह प्रसिद्ध है
अपदे	निराश्रये	बिना टिकाववाले में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पादा	पादौ	पाओं को
प्रतिऽधातवे	प्रक्षेप्तुम्	रखने को
अकः	कृतवान्	किया
उत	अपिच	और
अपऽवक्ता	निराकर्त्ता	दूर करने वाला
हृदयऽविधः	हृदयस्य वेद्धः	हृदय को पीडा देने वाले के
चित्	अपि	भी

संस्कृतार्थः ।

वरुणो राजा सूर्यायानुगमनार्थं निश्चयेन विस्तीर्णं मार्गं चकारेति प्रसिद्धम्, निराश्रये (आकाशे) पादौ प्रक्षेप्तुम् (उपायम्) कृतवान् (इत्यपि प्रसिद्धम्), अपिच (स एव वरुणः) हृदयस्य वेद्धुरपि निराकर्ता (आस्त) ॥८॥

भाषार्थः ।

राजा वरुण ने सूर्य के गमन करन के लिये निश्चय करके चौड़ा, रस्ता बनाया है, यह प्रसिद्ध है । और बिना टिकाव वाले आकाश में पाओं रखने के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(उपाय) बनाया है (यह भी प्रसिद्ध है)। किन्तु वह हृदय को पीड़ा देने वाले के हटाने वाले भी हैं ॥८॥

यह बात तो सब देखते हैं कि वरुण ने निराधार आकाशमें सूर्यके गमन के लिये मार्ग बनाया है। परन्तु यह बात सबकोविदित नहीं है कि वही हमारे हृदयको पीड़ा देनेवाले शत्रुके भी हटानेवाले हैं। राजा वरुण जिस प्रकार सृष्टि नियम (cosmic law)के शासन कर्ता हैं। वैसे ही धार्मिक (moral) और सामाजिक नियमों (social laws) के नियन्ता भी हैं ॥

वरुणो देवता त्रिष्टुप् छन्दः ।११।११।११।११।

शतं ते राजन्भिषजः सहस्रमुर्वी-
गभीरा सुमतिष्टे अस्तु। बाधस्व दूरे
निर्ऋतिं पराचैः कृतं चिदेनः प्र मुमु-
ग्ध्यस्मत् ॥ ९ ॥

शतम्	शतम्	सौ
ते	तव	आप के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राजन्	हे राजन्	हे राजा
१ भिषजः	भेषजानि	रोगादि दुःखों की निवृत्ति के उपाय
सहस्रम्	सहस्रसंख्याकानि	सहस्रों
उर्वी	विस्तीर्णा	दूर तक पहुंचने वाली
गभीरा	गम्भीरा	गहरी
सुऽमतिः	कल्याणमतिः	कल्याण बुद्धि
ते	तव	आप की
अस्तु	अस्तु	हो
बाधस्व	बाधस्व	विनाश करो
दूरे	दूरे	दूर
२ निःऽऋतिम्	पापदेवताम	पाप की शक्ति को
पराचैः	पराङ्मुखाम् (कृत्वा)	परे लौटा कर
कृतम्	कृतम	किये हुए को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चित्	अपि	भी
एनः	पापम्	पाप को
प्र	प्र +	–
मुमुग्धि	प्र+मुमुग्धि प्रकर्षेण मुक्तं कुरु	अतिशय करके छुडाओ
अस्मत्	अस्मत्तः	हम से

संस्कृतार्थः।

हे राजन्(वरुण)तव शतसहस्रसंख्याकानि भेषजानि (सन्ति) तव कल्याणमतिर्विस्तीर्णा गम्भीरा (च) अस्तु, (त्वम्) पापदेवतां पराङ्मुखाम् (कृत्वा) दूरे बाधस्व (अपि च)कृतमपि पापमस्मत्तः प्रकर्षेण मुक्तं कुरु ॥९॥

भाषार्थः।

हे राजा (वरुण) आपके पास (रोगादि दुःखों की निवृत्ति के) सैंकड़ों हजारों उपाय हैं। आपकी कल्याण बुद्धि गहरी और दूर तक पहुंचने वाली हो। (आप) पाप की शक्ति को लौटा कर (हम से) दूर (लेजाकर) विनाश करो। और जो किया हुआ भी(हमारा पाप है) उसको हम से पूर्णतया छुड़ा दो ॥९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) राजा वरुण के पास हमारे रोगादि दुःखों के सैंकड़ों हजारों भेषज (इलाज) हैं वह चाहें तौ क्षण भर में उन को शमन कर सकते हैं। उनकी कल्याण बुद्धि गहरी और दूर तक पहुंचने वाली हो जो हम तक भी पहुंच जाव॥

(२) निर्ऋति से तात्पर्य्य वह शक्ति है जो हमें पाप की ओर प्रवृत्त करती है, वरुण देवता उस को हम से परे लौटा कर ले जावें और दूर जाकर उस का विनाश करें, हम उस से प्रेम नहीं करते॥

वरुणो देवता त्रिष्टुप् छन्दः।११।११।११।११।

अमी य ऋक्षा निहितास उच्चा नक्तं ददृश्रे कुह चिद्दिवेयुः। अदब्धानि वरुणस्य व्रतानि विचाकशच्चन्द्रमा नक्तमेति॥ १०॥

अमी	अमी	ये
ये	ये	जो
ऋक्षाः	सप्तर्षयः	सप्तर्षि तारे
नि ऽ हितासः	स्थापिताः	स्थापन किये गए
उच्चाः	उच्चाः	ऊंचे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्तम्	रात्रौ	रात्रि में
ददृश्रे	दृष्टाः	देखे गये
कुह	कुह + चित्, क्वापि	कहीं भी
चित्	+चित्	–
दिवा	दिवसे	दिन में
ईयुः	गताः	गए
२ अदब्धानि	हिंसितुमशक्यानि	जिनको कोई हिंसा न कर सके अर्थात् बिगाड़ न सके
२ वरुणस्य	वरुणस्य	वरुण के
२ व्रतानि	व्रतानि	नियम
विऽचाकशत्	विशेषेण दीप्यमानः	विशेषकरके प्रकाशमान
चन्द्रमाः	चन्द्रमाः	चन्द्रमा
नक्तम्	रात्रौ	रात्रि में
एति	गच्छति	चलता है

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY
पुस्तकालय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

अमी ये सप्तर्षय उच्चा स्थापिता रात्रौ दृष्टाः ते दिवसे क्वापि गताः, वरुणस्य व्रतानि हिंसितुमशक्यानि, चन्द्रमा रात्रौ दीप्यमानः (सन्) गच्छति ॥१०॥

भावार्थः ।

ये जो सप्तर्षि तारे ऊंचे स्थापन किये हुए रात्रि में दीखते थे, वह दिन में कहीं चले गये। वरुण के नियम बिगाड़े नहीं जा सकते। चन्द्रमा रात्रि में प्रकाशमान हुआ २ चलता है ॥१०॥

सप्तर्षि तारे उत्तर देशों में इतने ऊंचे रहते हैं कि दिन में वा रात्रि में कभी भी अस्त नहीं होते यद्यपि दिन में विना नलिका के दिखाई नहीं देते॥

(२) वरुण के नियम वह हैं जो इस सृष्टि को सब ओर से शासन करते हैं, जो नियम अटल हैं और जिनको कोई बिगाड नहीं सकता, जैसे सप्तर्षि तारे रात्रि में दीखते हैं और दिन में नहीं दीखते इस से किसी को यह शंका नहीं होती कि वे नष्ट हो गए हैं अब रात्रि में फिर नहीं आयेंगे वा चन्द्रमा जो आज रात्रि में विशेष प्रकाशमान हुआ हुआ चलता है वह अगली पूर्णिमा को फिर इसी तरह जगमगाता हुआ नहीं चलेगा। ऐसे ही जगत् की सब घटनाएं नियम से बद्ध हैं किसी अवस्था में भी यह शंका नहीं होनी चाहिये कि अमुक अवस्था जो आगे नियम से होती आई है अब नहीं होगी॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरुणो देवता त्रिष्टुप् छन्दः । ११ । ११ । ११ । ११ ।

तत्त्वायामिब्रह्मणावन्दमान-
स्तदाशास्तेयजमानोहविर्भिः । अ-
हेळःमानोवरुणेहबोध्यु रुशंसमान
आयुःप्रमोषीः । ११ ।

तत्	तत्	यह
त्वा	त्वाम्	आप को
यामि	याचे(निघं०३,१९)	मैं मांगता हूं
ब्रह्मणा	मंत्ररूपवाण्या	मंत्ररूप वाणी से
वन्दमानः	अभिवादयन्	प्रणाम करता हुआ
तत्	तत्	यह
आ	आ +	–
शास्ते	आ + शास्ते प्रार्थयते	प्रार्थना करता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यज॑मानः	यजमानः	यजमान
ह॒विःऽभि॑ः	हविर्भिः	हवि से
अ॒हे॑ळमानः	अक्रुध्यन्	क्रोध न करता हुआ
व॒रु॒ण॒	हे वरुण	हे वरुण
इ॒ह	इह	यहां
बो॒धि॒	विदितो भव	जाने जाओ
उरु॑ऽशंस	हे विस्तीर्णप्रशंसोपेत	हे अतिप्रशंसनीय
मा	मा	मत
नः॒	अस्मदीयम्	हमारी
आयु॑ः	आयुः	आयु को
प्र	प्र +	–
मो॒षीः॒	प्र + मोषीः अपहर	हरणकरो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे वरुण मंत्ररूपवाण्याभिवादयन् (अहम्) त्वां तद्याचे (तव) यजमानो हविर्भिः (त्वां पूजयन्) तत्प्रार्थयते यत्त्वम् इहाऽक्रुध्यन्सन् विदितो भव हे विस्तीर्ण प्रशंसोपेत अस्मदीयमायुर्माऽपहर ॥११॥

भाषार्थः ।

हे वरुण मंत्र रूप बाणी से प्रणाम करता हुआ मैं आप से यह मांगता हूं (आपका) यजमान हवि से (आपको पूजकर) यह प्रार्थना करता है कि आप क्रोध न करते हुए यहां जाने जाएं हे अतिप्रशंसनीय हमारी आयु को मत हरण करो ॥ ११ ॥

विनयोग—यह मंत्र एकादशिन में वरुणका याज्या है (आ० श्रौ० ३।७।१५) और वरुणप्रघास कर्म में वरुण की हवि का याज्या है (आ० श्रौ। २।१७।१५)

मंत्र रूपवाणी से प्रणाम करके और हवि से पूज कर हम वरुण से यह मांगते हैं। कि वह हमें क्रोधरहित जान पड़ें। हमें इस बात का निश्चय होजावे कि वरुणहमसे नाराज नहीं हैं। जिनकी स्तुति बहुत दूर दूर तक की जाती है ऐसे वरुण हमारी आयु को हरण न करें ॥

वरुणोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ११ ११।११।११

तदिन्नक्तं तद्दिवा मह्यमाहु स्त-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दयं केतो हृदआविचष्टे । शुनःशेपो-
यमह्वद्गृभीतः सोअस्मन्राजाव-
रुणोमुमोक्तु ॥१२॥

तत्	तत्	यह (बात)
इत्	एव	ही
नक्तम्	रात्रौ	रात्रि में
तत्	तत्	यह
दिवा	दिवसे	दिन में
मह्यम्	मह्यम्	मेरे ताईं
आहुः	आहुः	कहते हैं
तत्	तत्	यह (बात)
अयम्	अयम्	यह
केतः	बोधः	बोध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हृदः	हृदयस्य	हृदय का
आ	सर्वतः	सब ओर से
वि	वि+	–
चष्टे	वि + चष्ट–स्पष्टं कथयात	स्पष्ट कहता है
शुनःशेपः	शुनःशेपः	शुनःशेप ने
यम्	यम्	जिस को
अह्वत्	आहूतवान्	बुलाया है
गृभीतः	(यूपे) बद्धः	(थम्भमें) बंधेहुए ने
सः	सः	वह
अस्मान	अस्मान्	हम को
राजा	राजा	राजा
वरुणः	वरुणः	वरुण
मुमोक्तु	मुक्तान्करोतु	छुडावे

संस्कृतार्थः ।

तदेव रात्रौ तद्दिवा मह्यं (कवयः) आहुः अयं हृद-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यस्य बोधः (अपि)तदेव सर्वतः स्पष्टं कथयति,(यूपे) बद्धःशुनःशेपोयमाहूतवान् स वरुणोराजाऽस्मान् (बन्धनात्) मुक्तान्करोतु ॥ १२ ॥

भाषार्थः ।

यही (बात) रात्रि में यही दिन में मेरे ताईं (विद्वान्) कहते हैं, यह हृदय का बोध भी स्पष्ट यही कहता है। (यूप में) बान्धेहुए शुनःशेप ने जिस को बुलाया था वह वरुण राजा हम को भी (बन्धन से) छुडावें ॥ १२ ॥

विपत्ति में विद्वान् लोग दिन रात यही उपदेश करते हैं और हृदय से भी स्पष्ट यही शब्द निकलता है, कि वरुण की शरण लेनी चाहिये। जिस वरुण को शुनःशेप ने बुलाया वही हमें भी पाप के बन्धन से छुडावें ॥ यह प्रार्थना हमारे लिये शुनःशेप छोड़ गए हैं। यह और अगला मंत्र इस बातको सिद्ध करते हैं कि शुनःसेप की स्तुति केवल अपने लिये नहीं है, किन्तु उनसे दृष्ट मंत्र ऐसे हैं जिनसे सब स्तुति कर सकते हैं ॥

वरुणो देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११

शुनःशेपो ह्यह्वद् गृभीतस्त्रिष्वादित्यं द्रुपदेषु बद्धः। अवैनं राजा वरुणः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सस॒ज्या ह्वि॒ह्वाँ॑श्च॒दृ॑ग्धो॑ वि॒मु॑मो॒क्तपा॑-
श्या॑न् ॥ १३ ॥

शु॒नः॒शेप॑ः	शुनःशेपः	शुनःशेप ने
ह्वि	प्रसिद्धम्	यह प्रसिद्ध है
अह्व॑त्	आहूतवान्	बुलाया
गृ॒भी॒तः	गृहीतः	पकड़ा हुआ
त्रि॒षु	त्रिषु	तीनों में
आ॒दि॒त्यम्	अदितेःपुत्रम्(वरुणम्,	अदिति के पत्र (वरुण) को
द्रु॒ऽप॒देषु॑	काष्ठस्तम्भेषु	काठ के थंभों में
ब॒द्धः	बद्धः	बन्धा हुआ
अव॑	अव +	–
१ ए॒न॒म्	एनम्	इस को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

राजा	राजा	राजा
वरुणः	वरुणः	वरुण
ससृज्यात्	अव+ससृज्यात् विमुक्तं करोतु	छुडावे
विद्वान्	विद्वान्	विद्वान
अदब्धः	वञ्चितमशक्यः	जिसे कोई धोखा नहीं दे सकता
वि	वि+	–
मुमोक्तु	वि+मुमोक्तु वि-च्छिन्द्यात्	काटे
पाशान्	पाशान्	पाशों को

संस्कृतार्थः ।

गृहीतःत्रिषु काष्ठस्तम्भेषु बद्धः शुनःशेपोऽदितेः पुत्रम् (वरुणम्) आहूतवानिति प्रसिद्धम् (स एव) राजा वरुण एनम् (माम्) विमुक्तं करोतु । (सः) विद्वान् वञ्चितुमशक्यः (वरुणः) पाशान् विच्छिद्यनात् ॥१३॥

भाषार्थः ।

पकड़े हुए (और) तीन काठ के थंभों में बंधे हुए शुनःशेप ने अदिति के पुत्र (वरुण) को बुलाया था

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह प्रसिद्ध है। (वही) राजा वरुण (इसमुझ) को छुडावें। (वह) विद्वान और धोखा न दिये जाने वाले (वरुण) पाशों को काटें ॥ १३ ॥

(१) एनम् से तात्पर्य प्रार्थना करने वाला है। राजा वरुण विद्वान् हैं, यद्यपि हमें दीखते नहीं तौभी यदि प्रत्यक्ष विद्वान् की अपेक्षा हम उनका कम आदर न करें वा किसी मिषसे उनके आदेश को टालना न चाहें तौ वह हमें अवश्य पाप और दुःख के सब बन्धन काट कर निर्मुक्त कर देंगे ॥

वरुणोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११।

अव॑ ते॒ हेळो॑ वरुण॒ नमो॑भि॒रव॑ य॒ज्ञेभि॑रीमहे ह॒विर्भिः॑। क्षय॑न्न॒स्मभ्य॑मसुर प्रचेता॒ राज॒न्नेनां॑सि शिश्रथः कृ॒तानि॑ ॥१४॥

अव॑	अव (ईमहे) अपनयामः	निवारण करते हैं
ते॒	तव	आप के
हेळः॑	क्रोधम्	क्रोध को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरुण	हे वरुण	हे वरुण
नमःऽभिः	नमस्कारैः	नमस्कारा से
अव	अव +	–
यज्ञेभिः	यज्ञैः	पूजाओं से
ईमहे	अव + ईमहे अपनयामः	दूर करते हैं
हविःऽभिः	हविर्भिः	हवियों से
क्षयन्	निवसन्	निवास करते हुए
अस्मभ्यम्	अस्मदर्थम्	हमारे लिये
असुर	हे प्राणवन् (नि० ३।२।२)	हे प्राणवान
प्रऽचेतः	हे प्रकृष्टप्रज्ञा युक्त	हे बड़ी बुद्धि वाले
राजन्	हे राजन्	हे राजा
एनांसि	पापानि	पापों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिश्रथः	शिथिलानि कुरु	शिथिल करो
कृतानि	कृतानि	किये हुओं को

संस्कृतार्थः।

हे वरुण तव क्रोधं नमस्कारैरपनयामः यज्ञैर्हविर्भिः(च) अपनयामः, हे प्राणवन् प्रकृष्टप्रज्ञायुक्त राजन् (वरुण अस्मदर्थम्(इह) निवसन् (अस्माभिः) कृतानि पापानि शिथिलानि कुरु॥ १४॥

भाषार्थः।

हे वरुण आपके क्रोध को (हम) नमस्कारों से निवारण करते हैं पूजा और हविओं से निवारण करते हैं हे प्राणवान प्रकृष्ट बुद्धियुक्त राजा (वरुण आप) हमारे लिये (यहां) निवास करते हुए (हम से) किये हुए पापों को शिथिल कीजिये॥ १४॥

विनियोग–यह और अगला मंत्र अवभृथ इष्टि में वरुण की याज्या और अनुवाक्या हैं (आ०श्रौ० सू० ६। १३। ७)

जो हमारे किये हुए भी पाप हैं। वे नमस्कार पूजा और हवि देने से छीज जाते हैं। पिछले पापों के छीजने के लिये वही लोग वरुण को प्रसन्न करना चाहते हैं, जो पूरे आस्तिक हैं और आगे के लिये ऐसे पाप कदापि न करने का संकल्प रखते हैं क्यों कि वरुण प्राणवान और बडी बुद्धि वाले हैं जड नहीं हैं जैसे अज्ञान के कारण हमें आकाश रूप में प्रतीत होते हैं वह यजमान के हृदय से भेद हैं। मन में कपट रख कर उनको नमस्कार पूजा और हविसे प्रसन्न करना असम्भव है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरुण देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११

उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं

विमध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य

व्रते तवानागसो अदितये स्याम ॥१५॥

उत्	उत् (अव्यय) उन्मोचय	ऊपर खेंच कर खोलो
उत्ऽतमम्	उपरिष्ठम्	ऊपर वाले को
वरुण	हे वरुण।	हे वरुण
पाशम्	पाशम्	पाश को
अस्मत्	अस्मत्तः	हम से
अव	अव (अव्यय) अवमोचय	नीचे खेंच कर खोलो
अधमम्	अधस्थम्	नीचे वाले को
वि	वि +	–
मध्यमम्	मध्यमम्	बीच वाले को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथय	वि+अथ विमोचय	काट कर खोलो
अथ	अनन्तरम्	इस के पीछे
वयम्	वयम्	हम
आदित्य	हे अदितिपुत्र (वरुण)	हे अदिति के पुत्र (वरुण)
व्रते	व्रते	नियम में
तव	तव	आप के
अनागसः	अपराधरहिताः	अपराध रहित
अदितये	अदितये	अदिति के लिये
स्याम	स्याम	होवें

संस्कृतार्थः।

हे वरुणोपरिष्ठं पाशमस्मत्त उन्मोचय अधस्थं पाशम् वमोचय मध्यमम् (पाशम्) विमोचय अनन्तरं हेअदितिपुत्र (वरुण) वयं तव व्रते (स्थित्वा) अदितये अपराधरहिताःस्याम ॥ १५॥

भाषार्थः।

हे वरुण ऊपर के(पाश)को हम से ऊपर की ओर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

खैंच कर छुडाओ नीचे के (पाश) को नीचे खैंच कर छुडाओ बीच के (पाश) को काट कर छुडाओ इस से पीछे हे अदिति के पुत्र हम आपके नियम में स्थित रह कर अदिति के सामने निरपराध होवें ॥ १५ ॥

जिस प्रकार कोई सिर कमर और पाओं से बंधा हुआ हो और कोई दयालु पुरुष उस के सिर के पाश को ऊपर से खैंच कर बीच के पाश को काट कर और नीचे के पाश को नीचे खैंच कर निकाल ले तो वह सब पाशों से मुक्त होकर इस जगत में स्वतन्त्रता पूर्वक भ्रमण करता है । इसी प्रकार हम भी जो सर्वत्र पाप रूपी पाश से जकड़े हुए हैं वरुण से प्रार्थना करते हैं—कि हमारे पापको छुड़ा कर हमको अपने नियम पर चलने की सामर्थ्य दें । जिस से हम अदिति माता अर्थात् इस सृष्टि के सामने निरपराध हों ।

ऋ० मं० १ सू० २५ ।

वरुणो देवता शुनःशेपऋषिर्गायत्रीछन्दः ८।८।८।

यच्चिद्धिते विशो यथा प्र देव वरुण व्रतम् । मिनीमसि द्यविद्यवि ॥ १ ॥

यत्	यत् + चित्	यद्यपि
चित्	+ चित्	—
हि	खलु	निश्चय करके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ते	तव	आप के
विशः	प्रजाः	साधारण मनुष्य
यथा	यथा	जैसे
प्र	प्र+	–
देव	हे देव	हेदेव
वरुण	हे वरुण	हेवरुण
व्रतम्	व्रतम्	नियम को
मिनीमसि	प्र+मिनीमसि उल्लंघयामः	उल्लंघन करते हैं
द्यविऽद्यवि	प्रतिदिनम्	प्रतिदिन

संस्कृतार्थः ।

हे देव वरुण (वयम्) प्रजा इव यद्यपि खलु तव व्रतं प्रतिदिनमुल्लङ्घयामः (तेनापराधेन) ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

हे देव वरुण (हम) मनुष्यों की तरह यद्यपि आपका नियम प्रतिदिन उल्लंघन करते हैं (उस के लिये) ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विनियोग—सत्र के अभिप्लव पृष्ठ्या के दिनों में होत्रकों के प्रातः सवन सम्बन्धी शस्त्रों में इस सूक्त का पाठ है (आ० श्रौ०स० उ० १।५।९)

इस मंत्र का अगले मंत्र के साथ सम्बन्ध है :—

एक थोड़ी सी सीमा में मनुष्य को स्वतन्त्रता दी गई है। जिस से वह अनुभव द्वारा सीख सके कि वरुण के नियम पालना ही श्रेय का हेतु है। और उन को उल्लंघन करना सर्वथा हानि कारक है। परन्तु इस बात को जानने वाला भी साधारण मनुष्यों की तरह प्रतिदिन नियमों का उल्लंघन करता रहता है। इसमें कारण उस की दुर्बलता है। इसलिये अगले मंत्र में प्रार्थना है।

वरुणोदेवता गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

मानो॑व॒धाय॑ह॒त्नवे॑ जिहीळा॒नस्य॑

रीरधः। मा॑हृणा॒नस्य॑म॒न्यवे॑ ॥२॥

मा	मा	मत
नः	अस्मान्	हमको
वधाय	वधाय	वध के लिये
हत्नवे	मृत्युसाधनाय	मृत्यु साधन के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जिह्वीळानस्य	अनादरं कृतवतः	अनादर करने वाले की
रीरधः	समर्पय	सौंपो
मा	मा	मत
हृणानस्य	क्रुद्धस्य	क्रुद्ध हुए के
मन्यवे	क्रोधाय	क्रोध के लिये

संस्कृतार्थः।

(हे वरुण) अनादरं कृतवतः (जनस्य) मृत्युसाधनवधायास्मान्मा समर्पय क्रुद्धस्य (तव) क्रोधाय (अस्मान्) मा (समर्पय)॥ २॥

भाषार्थः।

(हे वरुण) अनादर करने वाले (पुरुष) की मृत्यु का साधन जो वध है, उसके लिये हम को मत सौंपो क्रुद्ध हुए (आपके) क्रोध के लिये (हम को) मत (सौंपो) ॥२॥

जो वरुण के नियमों का अनादर करता है उसकी मृत्यु का साधन जो बध है उस बध के लिये हमें वरुण न सौंपें अर्थात् हम अनादर करने वाले की मौत न मरें, किन्तु हम वरुण के नियमों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

को आदर करने वालों की गणना में हों, वरुण हम से क्रुद्ध होकर अपने क्रोध के वशीभूत हम को न करें, किन्तु हम पर कृपा करके ऐसा आत्मिक बल प्रदान करें जिस से हम उनके नियमों को उल्लंघन न करते हुए उन के क्रोध के पात्र न बनें ॥

वरुणोदेवता गायत्री छन्दः ८।८।८॥

विमृळीकायतेमनो रथीरश्वंन-
सन्दितम् । गीर्भिर्वरुणसीमहि ॥३॥

वि	वि+	-
मृळीकाय	कृपायै	कृपा के लिये
ते	तव	आप के
मनः	मनः	मन को
रथीः	रथस्वामी	रथ का स्वामी
अश्वम्	अश्वम्	घोडे को
न	इव	न्याईं
सम्ऽदितम्	सम्यक् खण्डितम्	सम्यक् कटे हुए को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गी:ऽभि:	स्तुतिभि:	स्तुतियों से
वरुण	हे वरुण	हे वरुण
सीमहि	वि+सीमहि विबध्नीम:	बांधते हैं

संस्कृतार्थः।

(हे वरुण) कृपायै तव मन स्स्तुतिभिर्वि बध्नीमः, यथारथस्वामी सम्यक् खण्डितमश्वम् (उपनाहैनर्बध्नाति) ॥ ३ ॥

भाषार्थः।

हे वरुण कृपा के लिये हम आप के मन को स्तुतिओं द्वारा बांधते हैं जैसे रथ का स्वामी सम्यक् कटे हुए घोड़े को (पट्टियों से) बांधता है ॥ ३ ॥

वरुण का मन हमारे पापों के कारण युद्ध में कटे हुए घोडे की तरह घायल है जिस तरह रथवान् कटे हुए घोडे को पट्टियों से बांधता है उसी तरह हम वरुण के मन को स्तुतियों से बांधते हैं। स्तुतियों से वरुण के मन को ऐसा ही संतोष होता है जैसे कटे हुए घोड़े को मल्लम पट्टी से। ऐसा करने से संतुष्ट होकर वरुण हम पर कृपा करेंगे और हमें पाप से छुडावेंगे॥

किसी देवता की मनुष्य जितनी स्तुति करता है उतना ही वह उस देवता के गुणों को धारण करता है इस लिये दृढ व्रत वाले वरुण की स्तुति से हम भी दृढ व्रत होकर निष्पाप बन सकते हैं॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

परा॒हि॒मे॒विमन्यव॒: पतन्ति॒वस्य

इष्टये । वयो॒नव॒स॒तीरुप ॥४॥

परा	पराङ्मुखाः (भूताः)	हटी हुई
हि	हि	निश्चय करके
मे॒	मम	मेरी
विऽमन्यवः	क्रोधरहिताः (बुद्धयः)	क्रोध रहित (बुद्धियां)
पतन्ति	पतन्ति	गिरती हैं
वस्यःऽइष्टये	अतिशयेन धनवतः प्राप्तये (वसुमत् + ईयसुन् + इष्टये)	अतिशय करके धनवान की प्राप्ति केलिये
वयः	पक्षिणः	पक्षी
न	इव	तरह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वसतीः	नीडान्	घोंसलों को
उप	प्रति	ओर

संस्कृतार्थः

मम क्रोधरहिताः (बुद्धयः) (क्रोधाश्रयेभ्यः)पराङ्मुखाः (भूताः)अतिशयेन धनवतः प्राप्तये नीडान्प्रति पक्षिणइव पतन्ति ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

मेरी क्रोध रहित (बुद्धियां)क्रोध के स्थानों से हटी हुई धन वाले की अतिशय करके प्राप्ति के लिये गिरती हैं जैसे घोंसलों की ओर पक्षी ॥ ४ ॥

साधारण मनुष्य प्रायः मन में किसी न किसी पर क्रुद्ध किसी न किसी से असंतुष्ट किसी न किसी को कोसता रहता है और उसके क्रोध के भाजन प्रायः उसके स्त्री पुत्र भृत्य इत्यादि आत्मीयवर्ग ही होते हैं। इस अनुचित क्रोध की अवस्थामें वरुण में मन लगना असम्भव है, परन्तु जब मन की वृत्तियां क्रोध रहित हो जाती हैं तो जो क्रोध के भाजन थे उन से हट कर अतिशय करके धनवान जो वरुण हैं उनकी ओर गिरती हैं, जैसे पक्षी स्वभाव से ही अपने घोंसलों की ओर गिरते हैं कुछ पुरुषार्थ की अपेक्षा नहीं रखते, इसी तरह क्रोध रहित होने से वृत्तियां स्वयं वरुण में जा लगती हैं ॥

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

कदाक्षत्रश्रियंनर मावरुणंकरामहे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मृळीकायोरुचक्षसम् ॥ ५ ॥

कदा	कदा	कब
क्षत्रश्रियम्	अखण्डराज्यंसम्पत्तर्यस्य तम्	अखंडराज्य सम्पत्ति वाले को
१ नरम्	नरम्	नर को
आ	आ+	—
वरुणम्	वरुणम्	वरुण को
करामहे	आ+करामहे आगतं करवाम	आगमनकरावें
मृळीकाय	कृपायै	कृपा के लिये
उरुचक्षसम्	विस्तीर्णदृष्टयुपेतम्	बहुत दूर तक देखने वालो को

संस्कृतार्थः ।

(वयम्) अखण्डराज्यसम्पत्तियुक्तं विस्तीर्णं दृष्टयुपेतं नरं वरुणं कृपायै कदाऽऽगतं करवाम ॥५॥

भाषार्थः ।

अखण्डराज्य सम्पत्ति वाले बहुतदूर तक देखने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाले नर वरुण का कृपा करने के लिये हम कब आगमन करावेंगे ॥५॥

(१, नर से तात्पर्य्य नेतावीर है जो अनुगमन करने के योग्य हो। वरुण के आने के लिये ऐसी तीव्र उत्कण्ठा होने से ही वरुण आते हैं॥

वरुणोदेवता गायत्री छन्दः । ८ । ८ । ८ ।

तदित्समानमाशाते वेनन्ता न
प्रयुच्छतः । धृतव्रताय दाशुषे ॥ ६ ॥

तत्	प्रसिद्धम् (हविः)	हवि को
इत्	एव	ही
समानम्	समानम्	एक को
आशाते	अश्नीतः	खाते हैं
वेनन्ता	कामयमानौ (वेनतिः कान्तिकर्मा, (निघं०२।६)	कामना करते हुए
न	न	नहीं
प्र	प्र+	--

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

युच्छतः	प्र+युच्छतःप्रमादं कुरुतः	प्रमाद करते हैं
धृतऽव्रताय	धृतव्रताय	दृढ नियम वाले के लिये
दाशुषे	हविर्दत्तवते (भक्ताय)	हविदेने वाले (भक्त) के लिये

संस्कृतार्थ ।

(हविः) कामयमानौ (मित्रा वरुणौ) धृतव्रताय (भक्ताय) समानमेव (हविः) अश्नीतः, प्रमादं न कुरुतः ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

(हविकी) कामना करने वाले (मित्र और वरुण) दृढ़ नियम वाले (भक्त) के लिये एक ही (हवि) को खाते हैं (कभी) प्रमाद नहीं करते ॥ ६ ॥

जो भक्त वरुण के नियमों पर दृढता से स्थित है, उस की दी हुई एक ही हवि को मित्र और वरुण दोनों प्रेम से खा लेते हैं और कभी प्रमाद नहीं करते अर्थात् कभी नहीं चूकते, देवताओं की मित्रता चाहने वाले को वरुण के नियमों पर दृढ रहना अत्यावश्यक है ॥

वरुणो देवता निचृद्गायत्री छन्दः ७।८।८।

वेदायोवीनांपद मन्तरिक्षेणपत-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ताम् । वेदनावः समुद्रियः ॥ ७॥

वेद	वेत्ति	जानता है
यः	यः	जो
वीनाम्	पक्षिणाम्	पक्षिओं के
पदम्	मार्गम्	खोज को
अन्तरिक्षेण	अन्तरिक्षेण	अन्तरिक्ष से
पतताम्	उद्गच्छताम्	उड़ते हुओं के
वेद	वेत्ति	जानता है
नावः	नावः	नावों को
समुद्रियः	समुद्रेभवः	समुद्र में होने वाला (वरुण)

संस्कृतार्थः।

योऽन्तरिक्षेणोद्गच्छतां पक्षिणां मार्गं वेत्ति(यश्च) समुद्रेभवः (वरुणः) नावः (मार्गम्) वेत्ति ॥ ७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

जो आकाश मार्ग से चलते हुए पक्षियों के खोज को जानते हैं और जा समुद्र में होने वाले (वरुण) नावों (के खोज) को जानते हैं ॥ ७ ॥

उड़ते हुए पक्षिओं का आकाश में जो खोज है, वह हमारे लिये तत्कालनष्ट होजाता है। परन्तु वरुण उस को सदा जानते हैं क्योंकि वह आकाश की प्रत्येक दिशा में विद्यमान है, इसी तरहसमुद्र में नावों (जहाजों) के खोज को वरुण जानते हैं क्योंकि वह समुद्र में सर्वत्र रहते हैं।

वरुणो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः।
वेदाय उपजायते ॥८॥

वेद	वेत्ति	जानता है
मासः	मासान्	महीनों को
धृतऽव्रतः	धृतनियमः	दृढ़ नियम वाला
द्वादश	द्वादश	बारहों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रजाऽवतः	प्रजायुक्तान्	प्रजा सहितों को
वेद	वेत्ति	जानता है
यः	यः	जो
उपऽजायते	उत्पद्यते	उपजता है

संस्कृतार्थः ।

धृतनियमः (वरुणः) प्रजायुक्तान्द्वादश मासान्वेत्ति यः(च त्रयोदशोमासः)उत्पद्यते(तमपि वेत्ति)॥८

भाषार्थः ।

दृढ़ नियम वाले (वरुण) प्रजा सहित बारहों महीनों को जानते हैं और जो (तेरहवां महीना) उपजता ह (उस को भी) जानते हैं ॥८॥

साल के बारह महीने और महीनों की प्रजा अर्थात् दिन, घड़ी, पल, विपल इन सब को वरुण जानते हैं। किसी साल में १३ महीने भी होते है क्योंकि चन्द्रमास अर्थात् अमावस्या से अमावस्या तक का समय २९ दिन ३१ घड़ी ५० पल (29 *d*, 12 *h*, 44 *m*) का होता है इस को बारह गुणा करनेसे साल ३५४ दिन २२ घड़ी (354 *d*, 8 *h*, 48 *m*) का हुआ। परन्तु सौर वर्ष (सूर्य के सायनमेष से चल कर पुनः सायनमेष में आने तक का काल) ३६५ दिन, १४ घड़ी, ३२ पल (365 *d*, 5 *h*, 48 *m*, 48 *s*) का होता है। इस से प्रति वर्ष १० दिन ५२ घड़ी का अन्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पड़ता है। इसलिये ३ वर्ष में एक मास बढ़ा कर चन्द्र और सौर वर्ष का मेल करलेते हैं। यही तेरहवां महीना है जिस को वरुण जानते हैं।

मनुष्य भी वरुण के नियमों को देखते रहने से इन महीनों को जान गया है।

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ॥८।८।८।

वेद॒वात॑स्यवर्त॒निमु॒रोर्ऋ॒ष्वस्य॑-
बृ॒ह॒तः। वेदा॒येअ॒ध्यास॑ते ॥ ९ ॥

वेद॑	वेत्ति	जानता है
वात॑स्य	वायोः	वायु के
व॒र्त॒निम्	मार्गम्	मार्ग को
उ॒रोः	विस्तीर्णस्य	विस्तीर्ण के
ऋ॒ष्वस्य॑	उच्चस्य	ऊंचे के
बृ॒ह॒तः	महतः	महान के
वेद॑	वेत्ति	जानता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ये	ये	जो
अधिऽआ-सते	उपरितिष्ठन्ति	ऊपर स्थित हैं

संस्कृतार्थः ।

विस्तीर्णस्योच्चस्य महते वायोर्मार्गम् (वरुणः) वेत्ति य उपरितिष्ठन्ति (तानपि वेत्ति) ॥ ९ ॥

भावार्थः ।

विस्तीर्ण ऊंचे (और) महान वायु के मार्ग को (वरुण) जानते हैं और जो ऊपर स्थित हैं (उनको भी जानते हैं) ॥ ९ ॥

विस्तीर्ण उच्च और महान वायु के मार्ग को वरुण जानते हैं। वायु उंचाई में पृथिवो से ४५ मील तक (और सूक्ष्म रूप में २१२ मील तक) है। यह वरुण के नियम देखने से मनुष्यों ने निश्चय किया है। वायु से ऊपर रहने वाले जो गन्धर्वादि हैं। उनको वरुण हो जानते हैं अभो तक मनुष्य नहीं जानते ॥

वरुणो देवता गयत्री छन्दः। ८। ८। ८।

निषसादधृतव्रतो वरुणः पस्त्या३स्वा। साम्राज्यायसुक्रतुः॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नि	नि +	–
स॒सा॒द॒	आ+नि+ससाद सर्वतो निषण्ण वान्	सब ओर बैठा हैं
धृ॒तऽव्र॑तः	दृढनियमः	दृढ़ नियम वाला
वरु॑णः	वरुणः	वरुण
प॒स्त्या॑सु	प्रजासु	प्रजाओं में
आ	आ+	–
साम्ऽरा॑ज्याय	साम्राज्याय	चक्रवर्ती राज्य के लिये
सु॒ऽक्रतु॑ः	शोभनप्रज्ञः	सुन्दर बुद्धि वाला

संस्कृतार्थः।

दृढ नियमः शोभनप्रज्ञो वरुणः साम्राज्याय प्रजासु सर्वतो निषण्णवान् ॥१०॥

भाषार्थः।

दृढ़ नियमवाले सुन्दर बुद्धिवाले वरुण चक्रवर्ती राज्य के लिये प्रजाओं में सब ओर बैठे हैं ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हमारे बीच में अदृश्य रूप में बैठे हुए वरुण प्रजा का न्याय पूर्वक अखंड राज्यकर रहे हैं, यह विश्वास मनुष्यके हृदय से लौकिक राजा से होने वाले अत्यचार के भय को उठा देता है ॥

वरुणो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

अतो विश्वान्यद्भुता चिकित्वाँ-

अभिपश्यति। कृतानिया चकर्त्वा॥११॥

अतः	अस्मात् (स्थानात्)	यहां से
विश्वानि	सर्वाणि	सब को
अद्भुता	अद्भुतानि	घटनाओं को
चिकित्वान्	प्रज्ञावान्	बुद्धिमान
अभि	अभि+	–
पश्यति	अभि+पश्यति	सब ओर से देखता है
कृतानि	कृतानि	की गई हैं
या	यानि	जो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

च	च	और
कर्त्वा	कर्तव्यानि	करनी हैं

संस्कृतार्थः।

प्रज्ञावान् (वरुणः) अस्मात् (स्थानात्) सर्वाण्य द्भुतान्यभिपश्यति यानि कृतानि (यानि) च कर्त्त-व्यानि ॥ ११ ॥

भाषार्थः।

बुद्धिमान (वरुण) इस (स्थान) से सब घटनाओं को देखते हैं जो की गईं हैं और जो करनी हैं ॥११॥

इस सृष्टि में जो आलोक होचुके हैं और जो आगे होने वाले हैं। उन सब को वरुण ऐसे देखते हैं जैसे हम वर्तमान किसी आलोक को देख रहे हों। भूत भविष्यत वर्तमान केवल हमारी अल्प दृष्टि के लिये हैं वरुण की दृष्टि में सब काल एक रस है ॥

वरुणो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८

स नो॑ वि॒श्वाहा॑ सु॒क्रतु॑रादि॒त्यः

सु॒पथा॑ कर॒त्। प्र॒ण॒ आयूं॑षि तारिषत्॥१२

सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हमको

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विश्ववाहा	सर्वेष्वहस्सु	सब दिनों में
सुऽक्रतुः	शोभनप्रज्ञः	सुन्दर बुद्धि वाला
आदित्यः	अदितिपुत्रः (वरुण)	अदिति का पुत्र (वरुण)
सुऽपथा	शोभनमार्गेण	सुन्दर मार्ग से
करत्	करोतु	करें
प्र	प्र+	–
नः	अस्माकम्	हमारी
आयूंषि	आयूंषि	आयुओं को
तारिषत्	प्र+तारिषत् प्रवर्धयतु	बढ़ाए

संस्कृतार्थः ।

शोभनप्रज्ञः स अदि तिपुत्रः (वरुणः)सर्वेष्वहस्सु अस्माञ्छोभनमार्गेण (सहितान्) करोतु अस्माक मायूंषि (च) प्रवर्धयतु ॥ १२॥

भाषार्थः

सुन्दर बुद्धिवाले वह अदिते के पुत्र (वरुण) सब

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिनों में हमको सुन्दर मार्ग से युक्त करें (और) हमारी आयु को बढावें ॥ १२ ॥

जो अपनी इच्छा को त्याग कर वरुण की इच्छा पर चलने को उद्यत है उस को वरुण अवश्य उत्तम मार्गसे चलाते हैं और सुमार्ग पर चलने से आयु का दीर्घहोना नियमित है ॥

वरुणो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

बिभ्रद्द्रापिंहिरण्ययं वरुणोवस्त-
निर्णिजम्। परिस्पशोनिषेदिरे ॥१३॥

बिभ्रत्	धारयन्	धारण करता हुआ
द्रापिम्	कवचम्	कवच को
हिरण्ययम्	सुवर्णमयम्	सुवर्ण वाले को
वरुणः	वरुणः	वरुण
वस्त	आच्छदयत्	ढका है
निःऽनिजम्	रूपम् (निघं० ३।७)	रूप को
परि	अभितः	चारों ओर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पशः	गुप्तचराः	गुप्तचर(जासूस)
नि	नि +	–
सेदिरे	नि + सेदिरे निषण्णा	बैठे हैं

संस्कृतार्थः ।

सुवर्णमयं कवचं धारयन्वरुणः (स्व) रूपमाच्छादयत् (तम्) अभितो गुप्तचरा निषेदिरे ॥ १३ ॥

भाषार्थः ।

सुवर्ण के कवच को धारण करते हुए वरुण (अपने) रूप को ढके हुए हैं (और उनके) चारों ओर गुप्तचर बैठे हैं ॥ १३ ॥

राजावरुण प्रकाश रूपी सुवर्ण की कवच पहन कर अपने रूप को ढापे हुए हैं इसी लिये हमें नहीं दिखाई देते । और उनके चारों ओर मनुष्यों के पाप पुण्य का समाचार लाने वाले गुप्तचर बैठे हुए हैं, जो काम मनुष्य मन वाणी वा कर्म द्वारा करता है उस से उठी हुई तरंगे आकाश द्वारा सर्वत्र फैल जाती हैं यह आकाश के परमाणु हो जिनके द्वारा तरंगे फैलती हैं कदाचित् वरुण के गुप्तचर हों ॥

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

न यं दिप्सन्ति दिप्सवो न द्रुह्वाणो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जनानाम् । नदेवमभिमातयः ॥१४॥

न	न	नहीं
यम्	यम्	जिस को
दिप्सन्ति	दम्भुमिच्छन्ति	धोखा देने की इच्छा करते हैं
दिप्सवः	दम्भुमिच्छवः	धोखादेने की इच्छा करने वाले
न	न	नहीं
द्रुह्वाणः	द्रोग्धारः	द्रोहकरनेवाले
जनानाम्	मनुष्याणाम्	मनुष्यों के
न	न	नहीं
देवम्	देवम्	देव को
अभिऽमातयः	शत्रवः (आ०को)	शत्रु

संस्कृतार्थ ।

दम्भुमिच्छवोयं न दम्भुमिच्छन्ति मनुष्याणां

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्रोग्धारयम् न द्रुह्यन्तिशत्रवः(यम्)देवं न(भीषयन्ते)१४

भावार्थः।

धोखा देने की इच्छा करने वाले जिस को धोखा देने की इच्छा नहीं करते हैं मनुष्यों से द्रोह करने वाले जिन के प्रति द्रोह नहीं करते हैं (और शत्रु जिन को नहीं डराते हें ॥ १४ ॥

मनुष्यों को धोखा देने वाले और उनसे द्रोह करने वाले बहुत हैं। परन्तु ये वरुण के साथ यह लीला नहीं करना चाहते, क्योंकि यहा ये अपने व्यवसाय को व्यर्थ जानते हैं। शत्रु भी मनुष्य को डरा लेते हैं वरुण को डराने का व्यवसाय नहीं करते। जो वरुण के नियमों पर दृढ हैं उस को भी न कोई धोखा दे सकता है न कोई उससे द्रोह कर सकता है और न कोई उन्हें डरा सकता है।

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

उतयोमानुषेष्वा यशश्चक्रे असा-म्या। अस्माकमुदरेष्वा ॥१५॥

उत	अपि	और
यः	यः (वरुणः)	जिस (वरुण) ने
मानुषेषु	मनुष्येषु	मनुष्यों में
आ	मध्ये (आ०को)	बीच में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यशः	अन्नम् (निघं० २। ७।)	अन्न को
चक्रे	कृतवान्	स्थापन किया है
असामि	पूर्णतया	पूर्णता से
आ	(अतिशयार्थः) (आ०को)	अतिशय करके
अस्माकम्	अस्माकम्	हमारे
उदरेषु	उदरेषु	उदरों में
आ	मध्ये (अ० को)	बीच में

संस्कृतार्थः ।

अपि च यः (वरुणः) मनुष्येषु मध्येऽतिपूर्णतया ऽन्नं कृतवान् (स एव) अस्माकमुदरेषु मध्ये (कृतवान्) १५

भाषार्थः ।

और जिस (वरुण) ने मनुष्यों के बीच में अन्नको अति पूर्णता से स्थापन किया है (उसीने) हमारे उदरों में (अन्नको स्थापन किया है) ॥ १५ ॥

जिस वरुण ने सब मनुष्यों के लिये पर्य्याप्त (काफी) अन्न बनाया है। वही हमारे उदर में भी अन्न पहुंचाते हैं, हम समझते हैं कि वह काम हमारी स्वतन्त्र इच्छा से होता है वास्तव में यह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर्म कला की न्याईं वरुण के नियम से हमारे हाथ मुख मस्तिष्क स्वयं कर लेते हैं ॥

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

परा मे यन्ति धीतयो गावो न गव्यूती रनु । इच्छन्तीरुरुचक्षसम् ॥ १६ ॥

परा	पराङ्मुखाः	निवृत्त होकर
मे	मम	मेरी
यन्ति	गच्छन्ति	जाती हैं
धीतयः	मनोवृत्तयः	मनकी वृत्तियां
गावः	गावः	गौएं
न	इव	न्याईं
गव्यूतीः	गोप्रचरान् (आ०को०)	गौओं के चरने के स्थानों को
अनु	अनु (लक्ष्य)	लक्ष्य रख कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

इच्छन्तीः	इच्छन्त्यः	इच्छा करती हुईं
उरुऽचक्षसम्	विस्तीर्णदृष्ट्युपेतम्	बहुत दूर तक देखने वाले को

संस्कृतार्थः।

विस्तीर्णदृष्ट्युपेतम् (वरुणम्) इच्छन्त्यो मम मनोवृत्तयः (लोकात्) पराङ्मुखाः (भूत्वा) गोप्रचरान् नुलक्ष्य गावइव (सम्प्रति) गच्छन्ति॥१६॥

भाषार्थः।

बहुत दूरतक देखने वाले (वरुण) को इच्छा करती हुईं मेरी मनकी बृत्तियां (लोक से) निवृत्त होकर (उनकी ओर) जाती हैं जैसे चरने के स्थानों को लक्ष्य रख कर गौएं जाती हैं॥१६॥

जब भक्त के चित्त में वरुण की चाह प्रगट होजाती है, तो उसके मनकी वृत्तियां व्यर्थ चिन्तन से निवृत्त होकर स्वयं वरुण की ओर चली जाती हैं, जैसे गौएं चरने के स्थानों को बिना हांकने के स्वयं चली जाती हैं॥

वरुणो देवता गायत्री छन्दः।८।८।८।

संनुवोचावहैपुनर्यतोमेमध्वाभृतम्।

होतेवक्षदसेप्रियम्॥१७॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सम्	सम्+	--
नु	अवश्यम्	अवश्य
वोचावहै	सम्+वोचावहै सम्भूय वार्तां करवावहै	हम दोनों मिलकर बातें करें
पुनः	पुनः	फिर
यतः	यतः	जिस से
मे	मया (तृतीयार्थे षष्ठी)	मुझ से
मधु	मधुरम् (हविः)	मीठी हवि
आऽभृतम्	सम्पादितम्	सम्पादन की गई है
होताऽइव	अग्निरिव (अग्निर्देवानांहोता)	अग्नि की तरह
क्षदसे	अश्नासि	आप खाते हैं
प्रियम्	प्रियम्	प्रीति पूर्वक

संस्कृतार्थः ।

यतो मया सम्पादितं मधुरम् (हविः) त्वं अग्नि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रिव प्रियमश्नासि (अतः) पुनरवश्यं सम्भूय वार्ता करवावहै ॥ १७ ॥ भाषार्थः।

जिससे मुझसे सम्पादन की हुई मीठी (हवि) को आप अग्नि की तरह प्रीतिपूर्वक खाते हैं (इससे) फिर अवश्य हम दोनों मिलकर बातें करेंगे ॥१७॥

जिस प्रकार देवताओं के होता अग्नि प्रत्यक्ष हमारी हवि को खाते हैं उसी प्रकार जब भक्त को निश्चय होजाता है, कि वरुण ने मेरी हविको खा लिया और वह मुझसे प्रसन्न हैं तो वह वरुण सेवार्तालाप करने की भी आशा रखता है,वास्तवमें हमारा देवताओं से वार्तालाप करनेमें असमर्थ होनेका कारण यहीहै किहमउनसेपरे२ रहते हैं। और उनकी प्रसन्नता सम्पादनकरनेकायत्न नहीं करते ॥

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

दर्शं नु विश्वदर्शतं दर्शं रथमधि क्षमि

एता जुषत मे गिरः ॥ १८ ॥

दर्शम्	दृष्टवान्	देखा है
नु	खलु	निश्चय करके
विश्वऽदर्शतम्	सर्वैर्दर्शनीयम्	सबसे देखने योग्य को

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दर्शम्	दृष्टवान्	देखा है
रथम्	रथम्	रथ को
अधि	उपरि	ऊपर
क्षमि	भूमौ	पृथिवी पर
एताः	एताः	ये
जुषत	स्वीकृतवान्	अङ्गीकार किया है
मे	मम	मेरी
गिरः	स्तुतीः	स्तुतियों को

संस्कृतार्थः ।

सर्वैर्दर्शनीयम् (वरुणम्) (अहम्) दृष्टवान् खलु (तस्य) रथम् (अहम्) भूमावुपरि (स्थितम्) दृष्टवान् (सः) एता मम स्तुतीः स्वीकृतवान् ॥१८॥

भाषार्थः ।

सब से देखने योग्य (वरुण) को मैंने निश्चय ही देखा है (उन के) रथ को मैंने भूमिपर (टिका हुआ) देखा है (उन्होंने) मेरी स्तुतियों को अङ्गीकार करलिया है ॥१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब देवता हवि और स्तुति स्वीकार कर लेते हैं तो उनका स्तुति प्रति पादित रूप में साक्षात् दर्शन भी सम्भव है, ऋषि अपना अनुभव कहते है, कि मैंने पृथिवी पर टिका हुआ वरुण का रथ देखा, और उनके दर्शन किये ॥

वरुणो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृळय

त्वामवस्युरा चके ॥१९॥

इमम्	इमम्	इस को
मे	मदीयम्	मेरी
वरुण	हे वरुण	हे वरुण
श्रुधि	शृणु	सुनो
हवम्	आह्वानम्	पुकार को
अद्य	अद्य	आज
च	च	और
मृळय	कृपां कुरु	कृपा करो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वाम्	त्वाम्	आप को
अवस्युः	रक्षणेच्छुः	रक्षाकी इच्छा वाला
आ	आ+	--
चके	आ+चक्रे, आहूतवान	मैंने पुकारा है

संस्कृतार्थः ।

हे वरुण मदीयमिदमाह्वानं शृणु अद्य च कृपां कुरु रक्षणेच्छुरहम् (त्वाम्) आहूतवान् (अस्मि) १९ ॥

भावार्थः ।

हे वरुण मेरीइस पुकार को सुनो और आज कृपा करो रक्षा की इच्छावाले मैंने (आप को) पुकारा है ॥ १९ ॥

जब रक्षाकी इच्छासे भक्त वरुणको पुकारता है तो वह अवश्य उसकी पुकार सुनते हैं, और उस पर कृपा करते हैं ॥

वरुणो देवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

त्वंविश्वस्यमेधिर दिवश्चग्मश्च

राजसि । सयामनिप्रतिश्रुधि ॥२०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	आप
विश्वस्य	सर्वम् (द्वितीयार्थे षष्टी)	सब को
मेधिर	हे मेधाविन्	हे मेधावी
दिवः	द्युलोकम् (द्वितीयार्थेषष्ठी)	द्युलोक को
च	च	और
ग्मः	भूलोकम् (द्वितीयार्थेषष्टी)	भूलोक को
च	च	और
राजसि	प्रशास्सि	राज्य करता है
सः	सः	वह
यामनि	आह्वाने	बुलाने पर
प्रति	प्रति +	—
श्रुधि	प्रति+श्रुधि (उत्तरम्)श्रावय	प्रत्युत्तर दो

संस्कृतार्थः ।

हे मेधाविन् (वरुण) त्वं सर्वं द्युलोकं भूलोकं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

च प्रशास्सि, स त्वम् (अस्मदीये) आह्वाने (सति) प्रत्युत्तरं देहि ॥ २० ॥

भाषार्थ ।

हे मेधावी (वरुण) आप सब द्युलोक और भूलोक का राज्य करते हं वह आप(हमारे)बुलाने पर प्रत्युत्तर देवें ॥ २० ॥

इस से प्रतीत होता है कि वरुण बुलाए जाने पर अपने भक्त को उत्तर भी देते हैं ॥

वरुणोदेवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

उदुत्तमंमुमुग्धिनो विपाशंमध्यमं-चृत। अवाधमानिजीवसे ॥ २१ ॥

उत्	उत् +	--
उत्ऽतमम्	उपरिष्ठम्	ऊपर वाले को
मुमुग्धि	उत् + मुमुग्धि उन्मोचय	ऊपर खैंच कर छुड़ाओ
नः	अस्माकम्	हमारे
वि	वि +	--
पाशम्	पाशम्	पाश को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मध्यमम्	मध्यमम्	बीच वाले को
चृत	वि + चृत वियुज्य नाशय	काट कर नाश करो
अव	अव (चृत) अव कृष्य नाशय	नीचे खैंच कर नाश करो
अधमानि	अधमान्	नीचे वालों को
जीवसे	जीवितुम्	जीने के लिये

संस्कृतार्थः ।

(हे वरुण) जीवनार्थमस्माकमुपरिष्ठं पाश मुत्कृष्य मोचय मध्यमम् (पाशम्) वियुज्य नाशय अध मान् (पाशान्) अवकृष्य नाशय ॥२१॥

भाषार्थः ।

हे वरुण जीवन के लिये आप हमारे ऊपर के पाश को ऊपर खैंचकर छुड़ादो बीच के (पाश) को काट कर नाश करो (और) नीचे के (पाशों) को नीचे खैंचकर नाश करो ॥ २१ ॥

जब तक मनुष्य किसी प्रकार के पाशों से बंधा हुआ है, तब तक उसका जीवन जीवन नहीं है, जीवन स्वतंत्रतामें ही है, इसलिये सच्चे जीवन के लिये सब प्रकार के पाशों से छूटने के लिये सदा वरुण से प्रार्थना करते रहना चाहिये ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ० मं० १ सू० २६ ।

जब शुनः शेप वरुण की स्तुति कर चुके, तो वरुणने कहा, अग्नि देवताओं के मुख हैं, और सबसे अधिककोमल हृदय वाले (दयालु) हैं, उनकी स्तुति करो, फिर हम तुझे छोड़ देंगे, यह सुनकर शुनः शेप ने २६ वें सूक्त के १० मंत्र और २७ वें सूक्त के १२ मंत्रों से अग्नि को प्रसन्न किया ॥

अग्निर्देवता शुनःशेपऋषिः निचृद्गायत्रीछन्दः ८।७।८

वसिष्वा हि मियेध्य वस्त्राण्यूर्जां पते ।

सेमं नो अध्वरं यज ॥ १ ॥

वसिष्व	परिधत्स्व	पहनो
हि	खलु	निश्चय करके
मियेध्य	हे यष्टव्य	हेपूजाकरनेयोग्य
वस्त्राणि	वस्त्राणि	वस्त्रों को
ऊर्जाम्	बलानाम्	बलों का
पते	पते	हे पति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सः	सः (त्वम्)	वह (आप)
इमम्	इमम्	इसको
नः	अस्मदीयम्	हमारे
अध्वरम्	यज्ञम्	यज्ञ को
यज	यज	करो

संस्कृतार्थः ।

हे यष्टव्य बलानांपते (अग्ने)वस्त्राणि परिधत्स्व खलु (परिधायच) सः (त्वम्) अस्मदीयमिमं यज्ञं यज ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

हे पूजा करने योग्य और बलोंके पति(अग्निदेव) आप अवश्य वस्त्रों को पहनो (और) हमारे इस यज्ञ को सम्पादन करो ॥१॥

विनियोग—यह और अगला सूक्त आग्नेय क्रतु के प्रातरनुवाक में पढ़े जाते हैं, देखो (आ० श्रौ० सू० ४ । १३ । ७)

बलों के स्वामी अग्निदेव ज्वालारूपी वस्त्रों को पहन कर हमारे लिये देवपूजन करें ॥

अग्निर्देवता गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

नि नो होता वरेण्यः सदा यविष्ठ म-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न्मभिः । अग्ने दिवित्मता वचः ॥२॥

नि	नितराम्	निपट
नः	अस्माकम्	हमारा
होता	होता	होता
वरेण्यः	वरणीयः	बरने योग्य
सदा	सर्वदा	सदा
यविष्ठ	हे युवतम	हे पूरे जवान
मन्मऽभिः	मंत्रैः (मन्यन्तेयैः, करणे मनिन्प्रत्ययः)	मंत्रों से
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्निदेव
दिवित्मता	दीप्तिमता	दीप्तिवाले से
वचः	वचसा(तृतीयार्थे प्रथमा)	बचन से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हेयुवतम(अग्ने)वरणीयः (त्वम्)मंत्रैः(अस्मदीयेन) दीप्तिमता वचसा (च) सदा (अस्माकम्) होता (भवसि) ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

हे पूरे जवान (अग्निदेव) बरने योग्य (आप) मंत्रों से (और) दीप्ति वाले (हमारे) बचन से सदा (हमारे) होता बनते हो ॥२॥

अग्निदेव जो पूरे जवान हैं और बरने के योग्य ऋत्विक् हैं सदा हमारे होता बन कर देवयज्ञ करते हैं, और उनके होता बनकर हमारे लिये देवपूजन करने में कुछ आश्चर्य नहीं है क्योंकि (देखो अगला मंत्र)

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

आ हि ष्मा सूनवे पिता पिर्यजत्या-पये। सखा सख्ये वरेण्यः ॥३॥

आ	सत्यम् (आ०को)	सचमुच
हि	एव	ही
स्म	(पूरणः)	–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूनवे	पुत्राय	पुत्र के ताईं
पिता	पिता	पिता
आपिः	बन्धुः	बन्धु
यजति	यजति	यज्ञ करता है
आपये	बन्धवे	बन्धु के लिये
सखा	सखा	मित्र
सख्ये	सख्ये	मित्र के लिये
वरेण्यः	वरणीयः	बरने योग्य

संस्कृतार्थः ।

सत्यमेव वरणीयः (अग्निः) पिता पुत्राय, बन्धु बन्धवे, सखा सख्ये (देवान्) यजति ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

सचमुच ही बरने योग्य (अग्नि देव) पिता पुत्र के लिये बन्धु बन्धु के लिये (और) मित्र मित्र के लिये (देवताओंका) पूजन करते हैं ॥३॥

वह हमारे पिता हैं, हम उनके पुत्र हैं, वह हमारे बन्धु हैं हम उनके बन्धु हैं वह हमारे मित्र हैं, हम उनके मित्र हैं, इसलिये हमारे लिये उन के देव पूजन करने में क्या आश्चर्य्य है ?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८।

आनोबर्हीरिशादसो वरुणोमित्रो

अर्यमा। सीदन्तुमनुषोयथा ॥ ४ ॥

आ	समन्तात्	चारों ओर
नः	अस्माकम्	हमारी
बर्हिः	बर्हिषि(सप्तम्यर्थे द्वितीया)	कुशा पर
रिशादसः	हिंसकानामत्तारः	सताने वालों के भक्षण करनेवाले
वरुणः	वरुणः	वरुण
मित्रः	मित्रः	मित्र
अर्यमा	अर्यमा	अर्यमा
सीदन्तु	सीदन्तु	बैठें
मनुषः	मनुष्याः (ऋ०२।२।५)	मनुष्य
यथा	यथा	जैसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हिंसकानामत्तारो वरुणो मित्रो ऽर्यमा अस्माकम्बर्हिषि समन्तात्सीदन्तु यथा मनुष्याः (सीदन्ति)॥४॥

भाषार्थः ।

(हमको) सताने वाला के भक्षण करने वाले वरुण मित्र और अर्यमा हमारी कुशा पर चारों ओर बैठें जैसे मनुष्य (बैठते हैं) ॥४॥

(१) अर्यमा भी मित्र और वरुण के सदृश आकाश के अधिष्ठाता हैं, जिस प्रकार मित्र दिन के आकाश, वरुण आकाश मात्र और विशेष करके रात्रि के आकाश को द्योतन करते हैं, इसी प्रकार अर्य्यमा सायं और प्रातः की दो सन्ध्या काल के आकाश को द्योतन करते हैं ॥

यह तीनों देवता हमारे यज्ञ में बिछाई हुई कुशा पर इस प्रकार आकर बैठें, जैसे मनुष्य किसी के घर में आकर आसन पर बैठते हैं, (अदृश्य देवताओं में इसी प्रकार चिन्तन करने से भावना दृढ़ होसकती है, जिस भावना के दृढ़ होने से देवता का दर्शन भी सम्भव होजाता है)॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः॥८।८।८।

पूर्व्य॑ होतरस्य नो॒ मन्द॑स्व स॒ख्यस्य॑ च । इ॒मा उ॒ षु श्रु॑धी॒ गिरः॑ ॥५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूर्व्य	हे पुरातन (निघं० ३।२७)	हे प्राचीन
होतः	हे होतः	हे होता
अस्य	अस्मिन् (सप्तम्यर्थे षष्ठी)	इस में
नः	अस्माकम् (यज्ञे)	हमारे (यज्ञ में)
मन्दस्व	हृष्टोभव	हर्षित हो
सख्यस्य	सख्ये(सप्तम्यर्थे षष्ठी)	मित्रता में
च	च	और
इमाः	इमाः	इन को
ऊम्	खलु	निश्चय करके
सु	सुष्ठु	भली प्रकार से
श्रुधि	शृणु	सुनो
गिरः	स्तुतीः	स्तुतियों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे पुरातन होतः (त्वम्) अस्मिन्नस्मदीये (यज्ञे) (अस्माकम्) सख्ये च हृष्टोभव इमाः स्तुतीः (च) खलु सुशृणु ॥ ५ ॥

भावार्थः ।

हे प्राचीन होता आप इस (यज्ञ) और (हमारी) मित्रता में हर्षित हों (और) इन स्तुतियों को अवश्य भलीप्रकार से सुनें ॥ ५ ॥

(१)अग्निदेव हमारे बड़ों के भी होता थे ।जो उनके मनुष्य होता होते थे, वे तो अब नहीं रहे, परन्तु अग्नि अब तक विद्यमान हैं इस तरह अग्नि के द्वारा हमारा मंत्र द्रष्टा ऋषियों के साथ संबन्ध चला आया है । इसी लिये हम अभिमान के साथ अग्नि को] पूर्व होता कहते हैं ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः॥८।८।८।

यच्चिद्धिशश्वतातना देवंदेवं

यजामहे। त्वेइद्धूयतेहविः॥ ६ ॥

यत्	यत्+चित्	यद्यपि
चित्	+चित्	--

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY
पुस्तकालय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ह्वि	खलु	सचमुच
शश्वता	नित्यम्	नित्य
तना	अपि(ऋ० १।३।४)	भी
देवम्ऽदेवम्	प्रत्येकं देवम्	प्रत्येक देवता को
यजामहे	यजामहे	हम पूजते हैं
त्वे०	त्वयि	तुझ में
इत्	एव	ही
हूयते	हूयते	हवन किया जाता है
हविः	हविः	हवि को

संस्कृतार्थः ।

(हे अग्ने) यद्यपि खलु (वयम्) नित्यमपि प्रत्येकं देवं यजामहे (तथापि) हविस्त्वय्येव हूयते ॥६॥

भाषार्थः ।

(हे अग्नि) सचमुच यद्यपि (हम) नित्यप्रति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रत्येक देवता को पूजते हैं (फिर भी) हवि आप ही में दी जाती है ॥ ६ ॥

जो कुछ देवपूजन नित्यप्रति होता है, उसके लिये अग्नि में ही हवि दी जाती है, इसीलिये कहते हैं, कि अग्नि हमारे लिये देव पूजन करते हैं, हम तो वास्तव में अग्नि का ही पूजन करते हैं ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८।

प्रियोनोअस्तुविश्पति र्होतामन्द्रो-

वरेण्यः । प्रियाःस्वग्नयोवयम् ॥७॥

प्रियः	प्रियः	प्यारा
नः	अस्माकम्	हमारा
अस्तु	अस्तु	हो
विश्पतिः	प्रजानां पालकः	प्रजाओंके पालने वाला
होता	होता	होता
१ मन्द्रः	हृष्टः	प्रसन्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वरेण्यः	वरणीयः	बरने योग्य
प्रियाः	प्रियाः	प्यारे
२ सुऽअग्नयः	शोभनाग्नियुक्ताः	सुन्दर अग्नियों से युक्त
वयम्	वयम्	हम

संस्कृतार्थः ।

प्रजानां पालको होता हृष्टो वरणीयः (अग्निः) अस्माकं प्रियोऽस्तु शोभनाग्नियुक्ता वयम् (तस्य) प्रियाः (भूयास्म) ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

प्रजाओं के पालने वाले होता प्रसन्नबदन (और) बरने योग्य (अग्निदेव) हमारे प्यारे हों (और) शोभन अग्नियों से युक्त हम (उनके) प्यारे हों ॥७॥

(१) अग्नि प्रसन्न बदन हैं जैसे प्रज्वलितरूप में हमें प्रतीत भी होतेहैं, देवगुण होनेसे मनुष्यको भी सदा प्रसन्नबदन रहना उचितहै।

(२) "सुन्दर अग्नियों से युक्त" अर्थात् आहवनीय दक्षिणाग्नि और गार्हपत्य अग्नियोंका आधान करके हम अग्नि के प्यारे बनें ॥

हम इन अग्नियों का आधान क्यों करें इसका एक और भी कारण अगले मन्त्र में दिया है ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८॥

स्वग्नयो॒हिवार्यं॑ दे॒वासो॑दधि॒रे च॑

नः। स्वग्नयो॑मनामहे ॥८॥

१ सु॒ऽअ॒ग्नयः॑	शोभनाग्नियुक्ताः	सुन्दरअग्नियों से युक्त
हि	यस्मात्	जिस से
वार्य॑म्	वरणीयम्(धनम्)	बरने योग्य (धन) को
दे॒वासः॑	देवाः	देवताओं ने
द॒धि॒रे	धृतवन्तः	धारण किया
च॒	अपिच	और
नः॒	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
सु॒ऽअ॒ग्नयः॑	शोभनाग्नियुक्ताः	सुन्दर अग्नियोंसे युक्त
म॒ना॒म॒हे॒	पूजयामः(आ.को.)	हम पूजन करते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः।

अपिच यस्मात् शोभनाग्नियुक्ता देवा अस्मदर्थं वरणीयम् (धनम्) धृतवन्तः (तस्मात्) वयं शोभनाग्नियुक्ताः (सन्तस्त्वाम्) पूजयामः ॥८॥

भाषार्थः।

और जिस कारण से सुन्दर अग्नियों से युक्त देवताओंने हमारे लिये बरने योग्य (धन को) धारण किया है (तिससे) हम सुन्दर अग्नियों से युक्त (हुए २ आपका) पूजन करते हैं ॥ ८ ॥

(१) देवता हमें अन्न वस्त्र, पशु, हिरण्य इत्यादिरूप में जो कुछ धन देते हैं, वह द्युलोकस्थ अग्नि सूर्य, अन्तरिक्षस्थ अग्नि विद्युत् और इसलोक की अग्निसे युक्त होकर ही देते हैं, समष्टियज्ञ की यही आहवनीय, दक्षिणाग्नि और गार्हपत्याग्नि हैं इस लिये हम भी इनसे युक्त होकर ही देवताओं को कुछ देसकते हैं, जैसे बिना सूर्य, विद्युत् और अग्नि के माध्यस्थ के देवता हमें कुछ नहीं देसकते, इसी तरह बिना आहवनीय दक्षिणाग्नि और गार्हपत्य अग्नि की माध्यस्थ के हम देवताओंको कुछ नहीं देसकते, इस लिये देवपूजन के लिये इन अग्नियों का आधान अत्यावश्यक है।

अग्निर्देवता विराड्गायत्री छन्दः ।७। ७ ।८॥

अथान उभयेषा ममृतमर्त्यानाम्।
मिथः सन्तु प्रशस्तयः ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ	अनन्तरम्	पीछे
नः	अस्माकम्	हमारे
उभयेषाम्	उभयेषाम्	दोनों के
अमृत	हे मरणधर्म रहित	हे मरण धर्म रहित
मर्त्यानाम्	मनुष्याणाम्	मनुष्यों की
मिथः	परस्परम्	आपस में
सन्तु	सन्तु	हों
प्रशस्तयः	प्रशंसारूपा वाचः	प्रशंसा रूप वाणियां

संस्कृतार्थः ।

हे मरणधर्मरहित (अग्ने) अनन्तरं मनुष्याणां प्रशंसारूपा वाचः परस्परमस्माकमुभयेषां सन्तु ॥९॥

भाषार्थः ।

हे मरणधर्म रहित (अग्निदेव) तिस से पीछे मनुष्यों की प्रशंसारूप वाणियां आपस में हम दोनों की हों ॥९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिससे पीछे अर्थात् जब हम तीनों अग्नियों द्वारा देव पूजन करचुकें तो जो कुछ प्रशंसा मनुष्य अग्नि की करें उसमें हमारा भी सांझा हो, अर्थात् हम भी अग्निदेव के सत्संग द्वारा उनके गुणोंसे भूषितहोकर प्रशंसा के योग्य बनें ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८।

विश्वेभिरग्ने अग्निभि रिमंयज्ञ-
मिदंवचः । चनोधाःसहसोयहो॥१०॥

१ विश्वेभिः	सर्वैः	सब से
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
२ अग्निऽभिः	अग्निभिः	अग्नियों से
इमम्	अस्मिन् (सप्तम्यर्थे द्वितीया)	इस में
यज्ञम्	यज्ञे ,,	यज्ञ में
इदम्	अस्मिन् ,,	इस में
वचः	वचसि ,,	वचन में
चनः	हर्षम्(ऋ०१।३।६)	हर्ष को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धाः	धारय	धारण करो
१ सहसः	बलस्य	बल के
१ यह्वो०	हेपुत्र (निघं२।२)	हे पुत्र

संस्कृतार्थः।

हेबलस्य पुत्र अग्ने सर्वैः (आहवनीयादिभिः) अग्निभिः (युक्तः) (त्वम्) अस्मिन्यज्ञेऽस्मिन्वचसि (च) हर्षं धारय ॥ १० ॥

भाषार्थः।

हे बल के पुत्र अग्निदेव सब (आहवनीयादि) अग्नियों से (युक्त आप) इस यज्ञ (और) इस वचन में हर्ष को धारण करो ॥१०॥

(१) अग्निदेव बल के पुत्र हैं, हमारे शरीर का बल जो अरणियों से अग्नि उत्पन्न करने में लगता है, बदल कर अग्नि बन जाता है, जैसे पिता का आत्मा ही पुत्र बन जाता है, वैसे ही बल के पुत्र अग्नि भी बल के ही रूपान्तर हैं। यह मथित अग्नि

(२) स्थापित की हुई सब अग्नियों के साथ हमारे यज्ञ में और हमारे स्तुतिरूप बचन में हर्ष को धारण करें (सोमादि यज्ञों में अरणि मथन द्वारा अग्नि को निकाल कर आहवनीय के साथ युक्त किया जाता है) ॥

इति षड्विंशं सूक्तम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ० मं०१ सू० २७।

अग्निर्देवता शुनःशेपऋषिः गायत्री छन्दः ।८।८।८।

अश्वंनत्वावारवन्तं वन्दध्याअ-
ग्निंनमोभिः । सम्राजन्तमध्वरा-
णाम् ॥ १ ॥

१ अश्वम्	अश्वम्	घोड़े को
न	इव	जैसे
त्वा	त्वाम्	आप को
२ वारऽवन्तम्	बालवन्तम्	बालों वाले को
वन्दध्यै	वन्दितुम्	पूजन करने को
अग्निम्	अग्निम्	अग्नि को
नमःऽभिः	नमस्कारैः	नमस्कारों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सम्ऽराज-न्तम्	सम्राड्रूपम्	सम्राट्स्वरूप को
अध्वराणाम्	यज्ञानाम्	यज्ञों के

संस्कृतार्थः ।

बालवन्तमश्वमिव (स्थितम्) यज्ञानां सम्राड्रूपमग्निं त्वां नमस्कारैर्वन्दितुम् (आगतोऽस्मि) ॥१॥

भाषार्थः ।

बालों वाले घोडे की तरह (स्थित) यज्ञों के सम्राट्रूप आप अग्नि को नमस्कारों से पूजन करने के लिये (मैं आया हूं) ॥ १ ॥

अग्नि को घोडे के साथ अनेक मंत्रों में उपमा दी गई है, इस का कारण यह है कि घोडे में अग्नि जैसे गुण विशेषता से पाए जाते हैं, जैसे (देखो ऋ० मं० १ । ११७ । ९ । १ । ११८ । ९ । १ । १६३ ७ । १० । ३९ । १०) शीघ्रगति, बल, शत्रुओं के धन को जीतना न रुकना, कीर्तियुक्त होना, जयशाली होना, उग्र होना, वृषत्व, सुन्दर रूप, हिन, हिनाना बहुत खाना, प्रचण्ड होना, सेवन करने वालेको आनन्द देना इत्यादि। जिस घोडे की ग्रीवा में लम्बे बाल हों वह शुभ होता है इस लिये अग्नि को बालों वाले घोडे से उपमादी है॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः । ८ । ८ । ८ ।

स घा नः सूनुः शवसा पृथुप्रगामा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुशेवः । मीढ्वाँ अस्माकं बभूयात् ॥२॥

सः	सः	वह
घ	एव	ही
नः	अस्माकम्	हमारा
सूनुः	पुत्रः	पुत्र
शवसा	बलेन	बल से
पृथुऽप्रगामा	पृथुऽप्रगमनः	विस्तृत गमन शक्तिवाला
सुऽशेवः	शोभनंसुखंयस्मात्सः (शेवमिति सुखनाम निघं३।६)	सुन्दर सुखके देने वाला
मीढ्वान्	(कामानाम्) वर्षयिता	(कामनाओं) की वर्षा करने वाला
अस्माकम्	अस्माकम्	हमारा
बभूयात्	भूयात्	हो

संस्कृतार्थः ।

स एव बलेनास्माकं पुत्रः पृथुप्रगमनः शोभनसुख

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्य दाता (कामानाम्) वर्षयिता (अग्निः) अस्माकं भूयात् ॥ २ ॥

भाषार्थः।

वह ही बल से हमारे पुत्र विस्तीर्ण गमन शक्ति वाले सुन्दर सुख के देने वाले कामनाओं की वर्षा करने वाले (अग्निदेव) हमारे हों ॥ २ ॥

अग्नि बल से हमारे पुत्र इस लिये हैं कि मथन द्वारा हमारे बल से उत्पन्न होते हैं। विस्तृत गमन शक्ति वाले हैं (अग्नि की गति का वेग भी प्रकाश और विद्युत की तरह एक पलमें ४,९१,८३२ योजन वा एक सेकण्ड में १,८६,२०० मील है)। सुन्दर सुख के देने वाले और सब कामनाओं के पूर्ण करने वाले हैं। यह अग्नि का गुण प्रत्यक्ष नहीं है, वेद से ही जाना जाता है. एक तरह से प्रत्यक्ष भी कह सकते हैं क्योंकि जो जातियां अग्नि का कला कौशल द्वारा प्रयोग करती हैं वे सुखी हैं और उन की सब कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। हम न तो देव भाव से पूजन करते हैं न कला कौशल द्वारा प्रयोग करते हैं इसलिये दुःखी हैं। अग्नि हमारे तभी होसकते हैं जब हम उक्त दोनों प्रकार से उन का सेवन करें॥

अग्निर्देवता निचृद्गायत्री छन्दः। ८। ७। ८।

सनोदूराच्चासाच्च निमर्त्यादघायोः। पाहिसदमिद्विश्वायुः ॥३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को
दूरात्	दूरात्	दूर से
च	च	और
आसात्	समीपात्	समीप से
च	अपि	भी
नि	नि +	–
मर्त्यात्	मर्त्यात्	मनुष्य से
अघऽयोः	पापंकुर्त्तुमिच्छोः	पाप करने की इच्छा वाले से
पाहि	नि + पाहि नितरां पाहि	पूर्ण रीति से रक्षा करो।
सदम्	सर्वदा	सदा
इत्	एव	ही
विश्वऽआयुः	सर्वत्र गमनशीलः	सब जगह जाने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

सर्वत्र गमनशीलः सः (त्वम्) अस्मान् दूराच्च-समीपाच्च पापं कुर्त्तुमिच्छोर्मनुष्यात्सर्वदैव नितरां पाहि ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

सर्वत्र जाने वाले वह(आप)हम को दूर से और समीप से भी पाप करने की इच्छा वाले मनुष्य से सदैव पूर्ण रीति से रक्षा करो ॥ ३ ॥

जो समीप से और जो दूर से हमारे साथ पाप का व्यवहार करने की इच्छा करता है, अग्नि उन दोनों से हमारी रक्षाकर सकते हैं। क्योंकि वह सर्वत्र गमन शील हैं ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

इममू षुत्वमस्माकं सनिं गायत्रं नव्यांसम्। अग्ने देवेषु प्रवोचः ॥४॥

इमम्	इमम्	इस को
ऊम्	(सम्बोधनार्थः) (आ०को)	हे
सु	सुष्ठु	सुन्दर रीति से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	तू
अस्माकम्	अस्माकम्	हमारे
सनिम्	(हविषः) दानम्	(हवि) दान को
गायत्रम्	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
१ नव्यांसम्	नवतरम्	अतिनवीन को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्निदेव
देवेषु	देवानामग्रे	देवताओंके आगे
प्र	प्र +	–
वोचः	प्र + वोचः प्रब्रूहि	कहो

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वमिदमस्माकम् (हविषः) दानं नवतरं स्तोत्रं (च) देवानामग्रे सुष्ठु प्रब्रूहि ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्निदेव आप इस हमारे (हवि) दान को (और) अतिनवीन स्तोत्र को देवताओं के आगे सुन्दर रीति से कहो ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) "अति नवीन स्तोत्र" इसके लिये देखो पृ० २६९। हम देवताओं को नहीं देख सकते हैं इस लिये अग्नि से प्रार्थना करते हैं कि वह हमारे हवि और स्तोत्र को देवताओं के आगे सुन्दर रीति से निवेदन करें, जिस से वे उन को ग्रहण करलेवें ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८॥

आ नो॑ भज पर॒मेष्वा वाजे॑षु मध्य॒मेषु॑।
शिक्षा॒ वस्वो॒ अन्त॑मस्य ॥ ५ ॥

आ	आ +	--
नः	अस्मान्	हम को
भज	आ+भज, भागिनः कुरु	भागा बनाओ
परमेषु	उत्कृष्टेषु(लोकेषु)	उत्तम (लोकों) में
आ	आ (भज) भागिनः कुरु	भागी बनाओ
वाजेषु	अन्नेषु	अन्नों में
मध्यमेषु	मध्यमेषु	मध्यम (लोक) में होने वालों में
शिक्ष	देहि	दो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वस्वः	धनम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	धन को
अन्तमस्य	अन्तिकतमम् (द्वितीयार्थेषष्ठी)	अति समीप वाले को

संस्कृतार्थः ।

(हेअग्ने) उत्कृष्टेषु (लोकेषु) अस्मान्भागिनःकुरु मध्यमेष्वन्नेषु (अस्मान्) भागिनःकुरु अन्तिकतमम् धनम् (अस्मभ्यम्) देहि ॥ ५ ॥

भाषार्थः ।

(हे अग्निदेव) उत्तम (लोकों) में हम को भागी बनाओ मध्यम (अन्तरिक्ष) लोक में होने वाले अन्नों में हम को भागी बनाओ अतिसमीप (भूलोक के) धन को हमें दो ॥ ५ ॥

जो सूर्य्यादि उत्तम लोक हैं उन में हमारा सांझा हो, जिस पयोरूपी अन्न का अन्तरिक्ष में गन्धर्व आस्वादन करते हैं (देखो पृष्ठ४४२) उस में हमारा भाग हो। पृथिवी के जो धन हैं वह भी हमें मिलें ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

विभक्तासिचित्रभानो सिन्धोरूर्मा

उपाकआ । सद्योदाशुषेक्षरसि ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वि॒ऽभ॒क्ता	विभक्ता	बांटने वाला
अ॒सि॒	असि	तू है
[1] चि॒त्र॒ऽभा॒नो॒	हे चित्ररश्मियुक्त	हे अनेक प्रकार की किरणों वाले
सिन्धो॑:	समुद्रस्य	समुद्र की
ऊ॒र्मौ	ऊर्मौ	लहर में
उ॒पा॒के	समीपे (निघं०२।१६)	समीप में
आ	यथा (निघं ३ ।१३)	जैसे
स॒द्यः	सद्यः	तत्काल
दा॒शुषे॑	हविर्दत्तवते (भक्ताय)	भक्त के लिये
[2] क्ष॒र॒सि॒	स्यंदसे	बहते हो

संस्कृतार्थः ।

हे चित्ररश्मियुक्त (अग्ने) त्वं (धनस्य) विभक्ताऽसि (त्वं) हविर्दत्तवते (भक्ताय) सद्यःस्यंदसे यथा समुद्रस्योर्मौ समीपे (स्थिते जलं सद्यः स्यंदते) ॥६॥

भाषार्थः ।

हे अनेक प्रकार की किरणों वाले आप धन के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बांटने वाले हो, आप भक्त के लिये तत्काल बहते हो, जैसे समुद्र की लहर में समीप (ठहरे हुए के लिये जल तत्काल बहते हैं) ॥ ६ ॥

(१) अग्नि और सूर्य्य का नाम चित्रभानु इस लिये है कि वे अनेक प्रकार की किरणों वाले हैं। जैसे प्रकाश की किरणें (light rays) गरमी की किरणें (heat rays) और रसायनिक किरणें (chemical rays) ॥

(२) समुद्र स्नान के लिये जो किनारे पर लहर के समीप बैठता है उस को जल तत्काल पहुंच जाता है। इसी तरह जो हवि लेकर अग्नि के समीप बैठता है, उसको अग्नि देव तुरन्त धनरूपी जल से सिंचन कर देते हैं। क्योंकि धन को बांट कर देने वाले वही हैं, पहले पास वाले को ही देते हैं ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८।

यमग्ने पृत्सु मर्त्यमवा वाजेषु यं जुनाः । स यन्ता शश्वतीरिषः ॥ ७ ॥

यम्	यम्	जिस को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
पृत्ऽसु	सङ्ग्रामेषु	युद्धों में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मर्त्यम्	मर्त्यम्	मनुष्य को
अवाः	अरक्षः	तू ने रक्षा की है
वाजेषु	युद्धेषु	युद्धों में
यम्	यम्	जिस को
जुनाः	प्रैरयः	तूने प्रेरण किया है
सः	सः	वह
यन्ता	ईशितुं समर्थः	स्वाधीन करने वाला
शश्वतीः	अविच्छिन्नाः	सदा होने वालियों को
इषः	समृद्धीः(आ.को.)	समृद्धियों को

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने (त्वम्) यं मर्त्यं संग्रामेष्वरक्षः यम् (च) युद्धेषु प्रैरयः सोऽविच्छिन्नाः समृद्धीरीशितुं समर्थो (भवति)॥ ७॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप ने जिस मनुष्य की संग्रामों में रक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की है (और) जिस को युद्धों में प्रेरण किया है वह अटल समृद्धियों को स्वाधीन करने वाला होता है॥ ७॥

ऐसे पुरुष की समृद्धियां दासी हैं और कभी विच्छिन्न नहीं होतीं जिस को अग्नि देव संग्राम में प्रेरण करके रक्षा करते हैं। इस लिये जीवन के संग्रामों से, चाहे वे बाहर के शत्रुओं से हों, चाहे काम क्रोधादि भीतर के शत्रुओं से, हटने का प्रयत्न करना वीर पुरुष का काम नहीं है। हां उन में सुरक्षित रहना और जीतके निकलना इस बात का प्रयत्न करना चाहिये। जो जीवन के संग्रामों से हटने का यत्न करता है वह सदा दास रहने के योग्य है॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः।८।८।८।

नकिरस्य सहन्त्य पर्येता कयस्य-
चित्। वाजो अस्ति श्रवाय्यः॥ ८॥

नकिः	न	न
अस्य	अस्य	इस का
सहन्त्य	हे अभिभवनशील	हे जयशील
परिऽएता	आक्रामता	,, दबाने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कयस्य	कस्य	किस का
चित्	अपि	भी
वाजः	बलम्	बल
अस्ति	अस्ति	है
श्रवाय्यः	श्रवणीयः	सुनने के योग्य

संस्कृतार्थः ।

हे अभिभवनशील कस्याप्यस्य (पूर्वोक्तस्य मनुष्यस्य) आक्रमिता न (अस्ति) (अस्य) बलम् (च) श्रवणीयं भवति ॥ ८ ॥

भाषार्थः ।

हे जयशील किसी भी इस (पूर्वोक्त मनुष्य) का (कोई) दबाने वाला नहीं (है और उसका) बल सुनने के योग्य होता है ॥ ८ ॥

जो अग्नि की प्रेरणा से संग्राम में युक्त होता है, वह चाहे कोई भी हो बलिष्ट हो चाहे निर्बल हो, परन्तु कोई भी उसका दबाने वाला नहीं है। और वह इतना बल से युक्त हो जाता है कि लोग उस के बल की चर्चा सुनते हैं ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

सवाजंविश्ववचर्षणि रर्वद्भिरस्तुत-
रुता । विप्रेभिरस्तुसनिता ॥ ९ ॥

सः	सः	वह
वाजम्	सङ्ग्रामम्	युद्ध को
विश्वऽच-र्षणिः	विश्वे मनुष्या यस्य सः	सब मनुष्यों का स्वामी
अर्वत्ऽभिः	अश्वैः	घोड़ों से
अस्तु	अस्तु	हो
तरुता	तारयिता	पार लंघाने वाला
विप्रेभिः	मेधाविभिः	विद्वानों से
अस्तु	अस्तु	हो
सनिता	दाता	देने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

स विश्वेषां मनुष्याणामीशः (अस्मान्) अश्वैस्संग्रामं तारयिताऽस्तु मेधाविभिः (च धनस्य) दाताऽस्तु ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

वह सब मनुष्यों के स्वामी (हमको) घोडों द्वारा युद्ध के पार लंघाने वाले हों (और) विद्वानों द्वारा (धनके) देने वाले हों ॥ ९ ॥

घोडे युद्ध में परमोपयोगी होते हैं हम बहुत घोडों वाले हों जिस से हम युद्ध के पार लंघ सकें (देखो पृ० १७८)

विद्वान् देश की धन बृद्धि का हेतु होते हैं (यूरोप की धन वृद्धि का हेतु साएंस के विद्वान ही हैं) इस लिये हमारी जाति में बहुत विद्वान हों जिस से हमारे धन की वृद्धि हो ॥

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८।

जराबोधतद्विविड्ढि विशेविशेयज्ञियाय । स्तोमंरुद्रायदृशीकम् ।१०।

१ जराऽबोध	हे स्तुतिबोध (निरु०१०।८)	हे स्तुति को जानने वाले
तत्	तत्	वह
विविड्ढि	कुरु(नि०१०।८)	करो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विश्वेऽविश्वे	मनुष्यस्य मनुष्यस्य (नि०१०।८)	मनुष्य मनुष्य के
यज्ञियाय	पूज्याय	पूज्य के लिये
स्तोमम्	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
२ रुद्राय	रुद्राय	रुद्र के लिये
दृशीकम्	दर्शनीयम् (नि० १०।८)	सुन्दर

संस्कृतार्थः।

हे स्तुतिबोध तत्कुरु, (यत्) मनुष्यस्य मनुष्यस्य पूज्याय रुद्राय दर्शनीयं स्तोत्रम् (वयमुच्चारयेम)॥ १०॥

भाषार्थः।

हे स्तुति को जानने वाले ऐसा करो कि प्रत्येक मनुष्यके पूज्य रुद्र के लिये सुन्दर स्तोत्र को(हम सब उच्चारण करें)॥ १०॥

(१) स्तुति को जानने वाले अग्निदेव ही हैं वह ही ऐसी कृपा करें कि हम सब उनके स्तोता हों।

(२) यहां रुद्र अग्नि का ही नाम है देखो श०ब्रा० ६।१।३।१०-१७,जहां पर रुद्र, सर्व, पशुपति, उग्र, अशनि भव, महादेव, और ईशान ये आठ अग्नि के नाम लिखे हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः । ८ । ८ । ८ ॥

सनोमहाँअनिमानो धूमकेतुःपुरु-

श्चन्द्रः । धियेवाजायहिन्वतु ॥११॥

सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को
महान्	महान्	महान
१ अनिऽमानः	परिमाणरहितः	परिमाण रहित
धूमऽकेतुः	धूमध्वजः	धूमकी ध्वजा वाला
पुरुऽचन्द्रः	बहुदीप्तिः	बहुतदीप्ति वाला
२ धिये	बुद्धये	बुद्धि के लिये
२ वाजाय	बलाय	बल के लिये
२ हिन्वतु	प्रेरयतु (आ०को)	प्रेरण करे

संस्कृतार्थः ।

स परिमाणरहितो धूमध्वजो बहुदीप्तिर्महान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अग्निः) अस्मान् बुद्धये बलाय (च) प्रेरयतु ॥ ११ ॥

भाषार्थः।

वह परिमाण रहित धूएं की ध्वजा वाले बहुत दीप्त वाले महान (अग्नि) हम को बुद्धि (और) बल के लिये प्रेरण करें ॥ ११ ॥

(१) अग्नि परिमाण रहित हैं। क्योंकि वह इस सौर ब्रह्माण्ड से अतिरिक्त अन्य असंख्य ब्रह्माण्डों में भी विराजमान हैं ॥

(२) हम अग्नि देव के प्रेरण से ही बुद्धि और बल से युक्त हो सकते हैं। हमारी इच्छा होनी चाहिये। फिर तो अग्नि की प्रेरणा से नित्य प्रति हमारी बुद्धि और हमारा बल बढता जायगा।

अग्निर्देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

सरेवाँइवविश्पतिर्दैव्यःकेतुःशृणोतुनः। उक्थैरग्निर्बृहद्भानुः ॥१२॥

सः	सः	वह
रेवान्ऽइव	धनवानिव	धनी पुरुष की न्याईं
विश्पतिः	प्रजानाथः	प्रजा का स्वामी

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दैव्यः	देवसम्बन्धी	देवताओंसेसम्ब-न्ध रखने वाला
केतुः	ज्ञापकः	ज्ञानकराने वाला
शृणोतु	शृणोतु	सुने
नः	अस्मान्	हम को
उक्थैः	स्तोत्रैः	स्तोत्रों से
अग्निः	अग्निः	अग्नि
बृहत्ऽभानुः	बृहत्प्रकाशः	बडे प्रकाश वाला

संस्कृतार्थः ।

प्रजानाथो देवसम्बन्धी,ज्ञापको,बृहत्प्रकाशः सोऽग्निस्स्तोत्रैरस्मान् धनवानिव शृणोतु॥ १२॥

भाषार्थः ।

प्रजा के स्वामी देवताओं से सम्बन्ध रखने वाले, ज्ञान कराने वाले (और) बडे प्रकाश वाले वह अग्नि देव हमको स्तोत्रों द्वारा धनी पुरुष की न्याईं सुनें ॥ १२ ॥

जब हम अग्नि की स्तुति करें, तो हमें ऐसा समझना चाहिये कि हम किसी बडे धनवान के सामने हैं, जो स्तोत्रों द्वारा हमारी सुनाई करते हैं ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विश्वेदेवा देवता स्त्रिष्टुप्छन्दः ।

नमो महद्भ्यो नमो अर्भकेभ्यो नमो युवभ्यो नम आशिनेभ्यः । यजाम देवान्यदि शक्नवाम मा ज्यायसः शंसमा वृक्षि देवाः ॥ १३ ॥

नमः	नमः	नमस्कार
महत्ऽभ्यः	महद्भ्यः	बड़ों के ताईं
नमः	नमः	नमस्कार
अर्भकेभ्यः	अल्पेभ्यः	छोटों के ताईं
नमः	नमः	नमस्कार
युवऽभ्यः	युवभ्यः	जवानों के ताईं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नमः	नमः	नमस्कार
आर्भकेभ्यः	वृद्धेभ्यः	वृद्धों के ताईं
यजाम	यजाम	हम पूजें
देवान्	देवान्	देवताओं को
यदि	यदि	जो
शक्नवाम	शक्नवाम	हम समर्थ हों
मा	मा	नहीं
ज्यायसः	ज्येष्ठस्य	बडे की
शंसम्	स्तोत्रम्	स्तुति को
आ	खलु (आ०को०)	निश्चय करके
वृक्षि	वर्जयेयम्	त्याग करूं
देवाः	हे देवाः	हे देवताओ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः।

महद्भ्यः (देवेभ्यः) नमोऽल्पकेभ्यो नमो युवभ्यो नमो वृद्धेभ्योनमः (अस्तु) यदि वयं शक्नवाम देवान्यजाम, हेदेवाः (अहम्) ज्येष्ठस्य स्तोत्रं मा वर्जयेयं खलु॥१३॥

भाषार्थः।

बड़े (देवताओं) के ताईं नमस्कार (हो) छोटों के ताईं नमस्कार (हो) जवानों के ताईं नमस्कार (हो) वृद्धों के ताईं नमस्कार (हो) जो हम समर्थ होवें (तौ) देवताओं को पूजें, हे देवो मैं बड़े की स्तुतिको (कभी) भी त्याग न करूं॥ १३॥

जब शुनःशेप अग्नि को स्तुति करचुके तो अग्नि ने कहा विश्वे देवों की स्तुति करो। फिर हम तुझे छोडेंगे। यह सुनकर शुनःशेप ने इस एक मंत्रसे विश्वदेवों को प्रसन्न किया॥

देवता कोई बडे हैं। कोई छोटे। जैसे सूर्य बड़े हैं। पृथिवी उन की अपेक्षा बहुत छोटी है। कोई जवान है जैसे अग्नि, कोई वृद्ध हैं जैसे राजा वरुण। इनसब को यथा शक्ति पूजन करना चाहिये (इस की आवश्यकता के लिये देखो पृ० १६ और २७) देवता चाहे एक दूसरे की अपेक्षा छोटे बडे हों परन्तु हमारे लिये सब बडे हैं। हम बडे की स्तुति को न छोड़ें॥

इतिसप्तविंशं सूक्तम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब शुनःशेप विश्वेदेवों की स्तुति कर चुके, तो उन्होंने कहा कि देवताओं में इन्द्र सब से अधिक दीप्ति वाले, सब से बलिष्ठ, सब से अधिक साहस वाले, बडे सज्जन और आरम्भ किये हुए कर्म को सब से शीघ्र समाप्त कराने वाले हैं, उन की स्तुति करो, फिर हम तुम को छोडेंगे। यह सुनकर शुनःशेप ने २९ वें सूक्त के ७ मंत्र और ३० वें सूक्त के प्रथम १५ मंत्रों से इन्द्र की स्तुति की। ऋषिकी स्तुति से प्रसन्न होकर इन्द्रने उनको मनसे सोने का रथ दिया (१) शुनःशेपने उस रथ को ३० वें सूक्त के १६ वें मंत्र से ग्रहण किया (१) फिर इन्द्रने उस को कहा । अश्वि देवताओं की स्तुति करो। तब हम तुम को छोडेंगे। यह सुनकर शुनःशेप ने ३० वें सूक्त के १७। १८, १९ इन तीन मंत्रों से अश्वि देवों की स्तुति की। अश्वि देवोंने कहा, उषा की स्तुति करो फिर हम तुम को छोडेंगे। तब शुनःशेप ने २०,२१,२२ इन तीन मंत्रों से उषा की स्तुति की। ज्यूं ज्यूं वह इन ऋचाओं का उच्चारण करते गये त्यूं त्यूं उन के बन्ध खुलते गए और हरिश्चन्द्र का पेट छोटा होता गया। जब अन्तिम ऋचा बोल चुके, तो उन के सारे बन्धन छूट गए और राजा हरिश्चन्द्र नीरोग होगए (२) (ऐ० ब्रा० पं० ७ खं० १६)॥

---

(१) प्रत्यक्ष में रथ नहीं दिया, किन्तु मन से दिया और उस को शुनःशेप ने मन से ग्रहण किया। जैसे सायणाचार्य लिखते हैं "तंरथं प्रतीयाय, मनसैव प्रतिजगाम"॥

(२) २४ वें सूक्त से ३० वें सूक्तक ९७ मंत्र हैं जिन को शुनःशेपने देखा है इन में २८ वें सूक्त के ९ मंत्र (जिन के विनियोग के लिये देखो पृ० १२४) निकाल कर ८८ शेष रहते हैं इन में प्रजापति की १ मंत्र से स्तुति है॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्नि की २३ मंत्रों से स्तुति है ,,
सविता की ३ ,,
वरुण की ३१ ,,
विश्वे देवों की १ ,,
इन्द्र की २३ ,,
अश्विनी की ३ ,,
और उषा की ३ ,,

शुनःशेप के एक देवता की स्तुति से बन्धन न छूटना और प्रत्येक देवता का उन को दूसरे देवता के पास भेजना इस बात को सिद्ध करता है कि मनुष्य को अपने सारे दोष छुडाने के लिये अनेक देवताओं की उपासना की आवश्यकता है (देखो पृ० २६, २७)। यदि हम शुनःशेप के देखे हुए इन ६ सूक्तों को सारे वेद का सार कहें तो कुछ अनुचित न होगा। इन में अधिक स्तुति वरुण की है जो मनुष्य को पाप से छुड़ा कर ऋत के मार्ग पर चलाते हैं। फिर अग्नि और इन्द्र की है, जो मनुष्य के ब्रह्म और क्षत्र भावों को बलवान करके उसे अजेय बनाते हैं। जो मनुष्य निष्पाप है जो विद्वान् है और जिस को कोई अवस्था वा कोई मनुष्य किसी प्रकार से भी कातर नहीं बना सकते, वही पुरुष मनुष्य जाति में बहुत बड़ा और आदर्श के योग्य समझा जाता है, फिर जिस की बुद्धि सविता से प्रेरित होकर सब कार्यों में सदा ठीक रहे, जिस के मन में सुन्दर उषा के चिन्तन द्वारा सौंदर्य का स्थिर राज्य होकर मलिनता का कदापि आवेश न हो, जिस का शरीर आपण अश्विदेव वैद्यों की कृपा से नीरोग और प्रभाव (रौब) वाला हो, और विश्वेदेवों की कृपा से जिस के अनेक अल्प दोष जो महा पुरुषों में भी देखे जाते हैं छूट गए हों, वह मनुष्य तो इस लोक में साक्षात देवता ही है ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ० मं० १ सू० २८ ।

इन्द्रो देवता शुनःशेप ऋषिर्निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।८।७।८।

यत्र ग्रावा पृथुबुध्न ऊर्ध्वो भवति सोतवे । उलूखलसुतानामवेद्विन्द्र जल्गुलः ॥ १ ॥

यत्र	यत्र	जहां पर
ग्रावा	पाषाणः (पाषाणसदृशो मुसलः)	पत्थर (जैसा दृढ़ मूसल)
पृथुऽबुध्नः	स्थूलमूलः	मोटे मूल वाला
ऊर्ध्वः	उन्नतः	ऊंचा
भवति	भवति	होता है
सोतवे	अभिषवार्थम्	निष्पीडन के लिये
उलूखलऽसुतानाम्	उलूखलेनाभिषुतान् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	ऊखल से निष्पीडन किये हुओंको

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अव	अव+	—
इत्	एव	ही
ऊम्	(सम्बोधने) (आ० को०)	हे
इन्द्र	हे इन्द्र	इन्द्र
जल्गुलः	अव + जल्गुलः पुनः पुनर्भक्षय (गल् भक्षणे लोडर्थे लेट्)	बारंबार भक्षण करो

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र यत्राभिषवार्थं स्थूलमूलः पाषाणसदृशो मुसल उन्नतो भवति तत्रोलूखलेनाभिषुतान् (सोमान्) पुनःपुनर्भक्षयैव ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र जहां पर निष्पीडन के लिये मोटे मूल वाला पत्थरजैसा दृढ़ मूसल ऊंचा किया जाता है वहां ऊखल से निष्पीडन किये हुए (सोमों को)अवश्य बारं बार भक्षण करो ।। १ ।।

विनियोग–जब शुनःशेप के पाश छूट गए, तो ऋत्विजोंने उन से कहा कि तुम ही इस अभिषेचनीय कर्म की समाप्ति कराओ। तब शुनःशेपने अञ्जःसव अर्थात् शीघ्रता से सोम रस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निकालने की विधि को देखा * और इस सूक्त के ५,६,७,८ इन मंत्रों से सोम रस को निकाला फिर ९ वें मंत्र से उस रसको द्रोण कलश में डाला । फिर हरिश्चन्द्र से अन्वारब्ध होकर १,२,३,४ इन मंत्रों से सोमरस की आहुति दीं (ऐ०ब्रा०पं०७खं०१७)॥

इस सूक्त से उपदेश मिलता है, कि जैसे ऋषियों के लिये उलूखल मुसल जैसी साधारण वस्तु भी उन के प्यारे इन्द्र के प्रिय पान सोमरस के निकालने में उपयोगी होने से एक स्तोत्र के योग्य समझी गई । इसी तरह हमें भी पूजा का स्थान, पूजा का सब सामान प्रेम और संमान की दृष्टि से देखना चाहिये ॥

(१) मूसल का ऊंचा होना ऊखल में गिरने के लिये है ॥

इस सूक्त से उस समय सोम निकालनेकी यह विधि प्रतीत होती है कि पहले अधिषवण फलक (काठ के दो तख़्ते) बिछाकर (देखो मं० २) उन पर बैल का चमडा बिछाया जाता था (देखो मंत्र ९) उस पर काष्ठ का ऊखल रखकर काठ के मूसल से सोम वल्ली को कूटकर उसका रस दशा पवित्र अर्थात् ऊनी बस्त्र की आंचल में निचोडकर छाना जाता था (देखो मं० ९) आजकल अधिषवण फलक पर चर्म बिछाकर उस पर पत्थर रखकर सोमवल्ली पत्थर से कूटी जाती है ।।

---

* इस से विदित होता है कि यज्ञों की विधि भी ऋषियों ने देखी हैं अपने मन से नहीं चलाईं । शुनःशेप ने जिस अंजःसव विधि का प्रयोग किया वह विधि बूढ़े विश्वामित्रादि ऋत्विजों को भी ज्ञात न थी । इस बात के प्रमाण के लिये कि शुनःशेप कुमार थे देखो ऐ० ब्रा० पं०७ खं० १७ जिस में लिखा है कि यज्ञ के समाप्त होनेपर शुनःशेप विश्वामित्र की गोद में जा बैठा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्द्रोदेवता निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।८।७।८॥

यत्र द्वाविव जघना धिषवण्या कृता।
उलूखलसुतानामवेद्विन्द्र जल्गुलः ॥ २ ॥

यत्र	यत्र	जहां पर
द्वौऽइव	द्वे इव	दोनों की तरह
जघना	जघने	जांघें
अधिऽसवन्या	अधिषवणफलके	अधिषवणफलक
कृता	कृते	किये गए

संस्कृतार्थः ।

यत्राधिषवण फलके द्वेजघने इव कृते (तत्र)....॥ २॥

भाषार्थः ।

जहां पर अधिषवण फलक दो जांघों की सदृश बनाए गए हैं, (वहां) .... ॥ २॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अधिषवण्या लकडो के दो फलक (तख्ते) होते हैं, जो एक हाथ लम्बे और आगे की अपेक्षा पीछे से कुछ चौडे होते हैं इसी लिये उन को जंघा से उपमादी गई है उन को उपरवों (१० अंगुल चौडे चार कूप खोदकर उन) पर इस तरह रखा जाता है कि एक दूसरे के दक्षिण की ओर रहे और उनके बीचमें दो अंगुल जगह रहे जो मिट्टीसे भरदी जाती है। इन फलकों पर चर्म बिछाकर पत्थर रखकर सोमवल्ली कूटी जाती है ॥

इन्द्रोदेवता निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।८।७।८॥

यत्र॒ नार्य॑पच्य॒वमु॑पच्य॒वं च॒ शिक्ष॑ते ।
उ॒लूख॑लसुताना॒मवेद्वि॑न्द्र जल्गुलः ॥ ३ ॥

यत्र॑	यत्र	जहां पर
नारी॑	नारी	स्त्री
अ॒प॒ऽच्य॒वम्	निर्गमनम्	बाहर निकलनेको
उ॒प॒ऽच्य॒वम्	आगमनम्	अन्दर आने को
च॒	च	और
शिक्ष॑ते	अभ्यस्यति	अभ्यास करती है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः।

यत्र नारी (मुसलस्य) निर्गमनमागमनं चाभ्यस्यति (तत्र) … ॥ ३॥

भाषार्थः।

जहां पर स्त्री (मूसलको) बाहर निकालने और भीतर डालने का अभ्यास करती है … ॥ ३ ॥

इस से प्रतीत होता है कि पूर्व काल में यजमान पत्नी सोमवल्ली को ऊखल मूसल से कूटती थी आज कल अध्वर्यु पत्थर पर कूटता है॥

इन्द्रोदेवता निचृदनुष्टुप्छन्दः।८।८।७।८॥

यत्र मन्थां विबध्नते रश्मीन्यमितवाइव। उलूखलसुतानामवेदिन्द्रजल्गुलः॥ ४॥

यत्र	यत्र	जहां पर
मन्थाम्	मन्थानम्	मथनी को
वि॒ऽबध्नते	विबध्नन्ति	बान्धते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रश्मीन्	प्रग्रहान्	रासों को
यमितवै	नियन्तुमिव	रोकने की तरह
ऽइव		

संस्कृतार्थः ।

यत्र मन्थानं प्रग्रहान्नियन्तुमिव विबध्नन्ति (तत्र) .... ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

जहां पर मथनी को (घोडेकी) रासों को रोकने की न्याईं बान्धते हैं (वहां) .... ॥ ४ ॥

जब अग्नि मन्थनके लिये उत्तरारणिको चात्र (वरमा)की जड़ में लगा कर चात्र के चारों ओर रज्जु लपेटी जाती है वह मानों रथ में जुड़े हुए वीर्यबान घोड़े को रोकने के लिये रासें है ॥

प्रत्येक कर्म में वीर्य कर्म की भावना करने से मनुष्य वीर्यवान होता है ॥

ऊलूखलंदेवताऽनुष्टुपछन्दः ।८।८।८।८॥

यच्चिद्धित्वंगृहेगृह उलूखलकयु-ज्यसे। इह द्युमत्तमंवद जयतामिव दुन्दुभिः ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्	यत्+चित्,यद्यपि	यद्यपि
चित्	+चित्	—
हि	एव	ही
त्वम्	त्वम्	तू
गृहेऽगृहे	गृहे गृहे	घर घर में
उलूखलक	हे उलूखल	हे ऊखल
युज्यसे	युज्यसे	काममें लगाया जाता है ;
इह	इह	यहां
द्युमत्ऽतमम्	अतिशयेन दीप्तं यथा स्यात्तथा	बड़ी दीप्ति से
वद	वद	बोल
जयताम्ऽइव	जयंप्राप्नुवता मिव	जीतने वालों की न्याईं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुन्दुभिः	दुन्दभिः	दुन्दुभी

संस्कृतार्थः।

हे उलूखल यद्यपि त्वं गृहे गृहे युज्यस एव (तथापि) इह जयं प्राप्नुवतां दुन्दभिरिवातिशयेन दीप्तं यथा स्यात्तथा वद ॥ ५ ॥

भाषार्थः।

हे ऊखल यद्यपि तुम घर घर में काम में लगाए ही जाते हो (परन्तु) यहां पर बड़ी दीप्ति से युक्त की न्याईं बोलो जैसे जीतने वालों की दुन्दुभी (बोलती है) ॥ ५ ॥

जैसा मनुष्य चिन्तन करता रहता है, शनैः शनैः वैसा ही बनता जाता है। महत्व चिन्तन के लिये उलूखल जैसी साधारण वस्तु भी साधन बन सकती है। धर्म वीर पुरुष में ही ठहर सकता है, इस लिये सदैव प्रत्येक कर्म में वीर्य कर्म का ही चिन्तन करना चाहिये। ऐसे चिन्तन का यह मंत्र एक उदाहरण रूप है ॥

उलूखलं देवता अनुष्टुप्छन्दः।८।८।८।८।

उतस्मतेवनस्पते वातोविवात्यग्रमित्। अथोइन्द्रायपातवे सनुसोममुलूखल ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत	अपि च	और
स्म	(पूरणः)	--
ते	तव	तेरे
वनस्पते	हे वनस्पते	हे वनस्पति
वातः	वायुः	पवन
वि	वि +	--
वाति	वि+वाति विशेषण चलति	विशेष रीति से चलती है
अग्रम्	पुरतः	आगे से
इत्	एव	ही
अथो०	अथ	अब
इन्द्राय	इन्द्राय	इन्द्र के लिये
पातवे	पातुम्	पीने को
सुनु	अभिषवं कुरु	निष्पीड़न कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सोमम्	सोमम्	सोम को
उलूखल	हे उलूखल	हे ऊखल

संस्कृतार्थः।

अपिच हे वनस्पते तव पुरतोवायुर्विशेषेण चलति खलु अथ हे उलूखल इन्द्राय पातुं सोमं सुनु ॥ ६ ॥

भाषार्थः।

और हे वनस्पति तुम्हारे आगे पवन विशेष रीति से चलती है। हे ऊखल अब इन्द्र के पान के लिये सोम को निष्पीडन करो ॥ ६ ॥

जब ऊखल में मूसल चलता है, तो उसके आघात से वायु में विशेष प्रकार की गति उत्पन्न होती है। वह वायु क्रम से आकुंचन और प्रसारण युक्त तरंगों में चलती है। और इन तरंगोंका कान पर आघात होने से शब्द सुनाई देता है ॥

उलूखल मुसले देवते भुरिग्गायत्रीछन्दः।८।८।९॥

आयजीवाजसातमा ता ह्यू१च्चा विजर्भृतः। हरीइवान्धांसिबप्सता ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आऽयजी०	आयष्टव्ये (निरु० ९।३६)	पूजने योग्य
वाजऽसातमा	अतिशयेनबलप्रदे (वाज+सन्-क्विप-तमप्)	अतिशय करके बल को देने वाले
ता	ते	वे
हि	खलु	निश्चय करके
उच्चा	उच्चैः	ऊंचे
विऽजर्भृतः	विह्रियेते (निरु०९।३६ हृ–यङ् लुक्)	क्रीड़ा करते हैं
हरीऽइव०	अश्वाविव	द घोड़ों की तरह
अन्धांसि	अन्नानि	अन्नों को
बप्सता	भक्षयन्तौ (भस्भक्षणे-शतृ०)	खाते हुए

संस्कृतार्थः।

आयष्टव्ये (ये उलूखल मुसले) अतिशयेन बलप्रदे (स्तः) ते अन्नानिभक्षयन्तावश्वाविवोच्चैर्विह्रियेते ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः ।

(जो) पूजने योग्य (ऊखल और मुसल) अतिशय करके बल के देने वाले (हैं) वे अन्नों को खाते हुए दो घोडों की न्याईं ऊंचे (शब्द से) क्रीडा करते हैं ॥ ७ ॥

जैसे दाना खाते समय युद्ध के घोडे आनन्द से फूत्कार शब्द करते हैं । वैसे ही ऊखल और मूसल सोम कूटते समय ऊंचे शब्द से क्रीडा करते हैं ॥

उलूखलमुसले देवते गायत्रीछन्दः ।८।८।८॥

ता नो॑ अ॒द्य व॑न॒स्पती॑ ऋ॒ष्वावृ॒ष्वेभिः॑ सो॒तृभिः॑ । इन्द्रा॑य॒ मधु॑मत्सुतम् ॥८॥

ता	तौ	वे
नः	अस्मदर्थम्	हमारे निमित्त
अद्य	अद्य	आज
वनस्पती	हे वनस्पती	हे वनस्पती (ऊखलमुसल रूप)
ऋष्वौ	महान्तौ (निघं० ३।३),	बड़े

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋष्वेभिः	महद्भिस्सह	बडों के साथ
सोतृऽभिः	अभिषवकर्त्तृभि-स्सह	निष्पीडन करने वालों के साथ
इन्द्राय	इन्द्राय	इन्द्र के लिये
मधुऽमत्	माधुर्योपेतम् (सोमद्रव्यम्)	मीठे (सोम को)
सुतम्	अभिषुणुतम्	निष्पीडन करो

संस्कृतार्थः ।

हे (ऊलूखल मुसलरूपौ) वनस्पती महान्तौ तौ (युवाम्) अद्य महद्भिरभिषवकर्तृभिस्सहास्मदर्थं माधुर्योपेतम् (सोमद्रव्यम्) इन्द्रायाभिषुणुतम् ।।८।।

भाषार्थः ।

हे (ऊखल मुसल रूप) बनस्पती महान वे आप महत्व से सम्पन्न निष्पीडन करने वालों के साथ आज हमारे निमित्त मीठे (सोम) को इन्द्र के लिये निष्पीडन करो ।। ८ ।।

बनस्पतो से तात्पर्य लकड़ी के बने हुए ऊखल और मूसल से है। ये दोनों महान हैं। सोमको निष्पीड़न करने वाले हमारे ऋत्विज भी महान हैं। (जिनसे हमारा सम्बन्ध है वे सब महान हैं)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सोमो देवता गायत्रीछन्दः ॥८।८।८।

उच्छिष्टंचम्वोर्भर सोमंपवित्रआ-
सृज। निधेहिगोरधित्वचि ॥९॥

उत्	उत् +	–
शिष्टम्	उत्+शिष्टम् – उच्छिष्टम्	उच्छिष्ट को
चम्वोः	भक्षकयोः	खाने वालों के
भर	हर	ले जाओ
सोमम्	सोमम्	सोम को
पवित्रे	(दशायाः) पवित्रे	(ऊन के आंचल रूप) पवित्रे में
आ	आ+	–
सृज	आ+सृज, आ-सिञ्च	सींचो
नि	नि +	–
धेहि	नि+धेहि स्थापय	स्थापन कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गोः	गोः	बैल के
अधि	उपरि	ऊपर
त्वचि	चर्मणि	चर्म पर

संस्कृतार्थः ।

भक्षकयोः (उलूखलमुसलयोः) उच्छिष्टं हर सोमम् (दशायाः) पवित्र आसिञ्च (शेषम्) गोस्त्वगुपरि स्थापय ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

भक्षण करने वाले (ऊखल मुसल) के उच्छिष्ट को लेजाओ, सोम को (ऊनके आंचल रूप) पवित्रे में सींचो और (शेष को) बैल के चर्म पर रक्खो ॥ ९ ॥

"चम्वौ" शब्द अनेक मंत्रों में ऊखल मूसल के अर्थ में आया है (जैसे देखो ऋ० ४ । १८ । ३ । ९ । ३६ । १) कारण यह है कि वह सोम को खाते हैं, और उनकी उच्छिष्ट (झूठ) को ऊन के वस्त्र की आंचल में से निचोड़ा जाता है जिससे छन कर सोमरस द्रोण कलश में गिरता है, शेष (छूछ) को चमड़े पर डालते जाते हैं ।

इत्यष्टाविंशं सूक्तम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ०मं०१ सू० २९।

इन्द्रो देवता शुनःशेपऋषिः पङ्क्तिश्छन्दः
८।८।८।८।८।

यच्चिद्धि सत्य सोमपा अनाशस्ता
इव स्मसि। आ तू न इन्द्र शंसय गोष्व
श्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ।१।

यत्	यत् + चित्	यद्यपि
चित्	+ चित्	--
हि	खल	निश्चय करके
सत्य	हे सत्य (स्वरूप)	हे सदा सच्चे
सोमऽपाः	हे सोमपाः	हे सोम के पीने वाले
अनाश-स्ताःऽइव	आशाहीना इव	आशा हीनों को न्याइ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मसि	स्मः	हम हैं
आ	आ+	–
तु	तथापि(आ०को०)	तौ भी
नः	अस्मान्	हम को
इन्द्र	हे इन्द्र	हे इन्द्र
शंसय	आ+शंसय आश्वासय	आश्वासन करो
गोषु	गोभिः (तृतीयार्थे सप्तमी)	गौओं द्वारा
अश्वेषु	अश्वैः (,, ,,)	घोड़ों द्वारा
शुभ्रिषु	शोभनैः (,, ,,)	सुन्दरों द्वारा
सहस्रेषु	सहस्रैः (,, ,,)	हज़ारों द्वारा
तुविऽमघ	हे बहुधन(तुवीति बहुनाम(निघ०।३।१)	हे बहुत धन वाले

संस्कृतार्थः

हे सत्य (स्वरूप) सोमपाः (इन्द्र) यद्यपि वय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माशाहीना इव स्मः तथापि हे बहुधन त्वं शोभनै स्सहस्रैर्गोभिरश्वैः (च) अस्मानाश्वासय ॥ १ ॥

भाषार्थः।

हे सदासच्चे, सोम के पीने हारे (इन्द्र) यद्यपि हम आशा हीनों की न्याईं हुए हुए हैं । तौ भी हे बहुत धनवाले आप सुन्दर सहस्रों गौएं (और) घोडों के द्वारा हमारा आश्वासन करो ॥ १ ॥

विनियोग--पृष्ठचषडह के पांचवें दिन होने वाले माध्यन्दिन सवन में होत्रक इस सूक्त की तीन २ ऋचाओं को अपने २ शास्त्रों में मिलाकर पाठ करते हैं (आ० श्रौ० सू० उ० १ । ११ । ३९)

यह एक अनुभव की बात है, कि किसी २ समय हम अत्यन्त निराश होजाते हैं। और यह समझने लगते हैं कि अब हम नहीं बचेंगे। ऐसे समय में एक मात्र इन्द्र ही हमारा आश्वासन करने में समर्थ हैं--वह अवश्य हमें सहस्रों गौ और घोड़ों से युक्त करके पुनः समृद्ध बनावेंगे ॥

इन्द्रो देवता निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः॥७।८।८।८।८॥

शिप्रिन्वाजानांपते शचीवस्तव-

दंसना। आतूनइन्द्रशंसय गोष्व-

श्वेषुशुभ्रिषु सहस्रेषुतुवीमघ ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिप्रिन्	हे हनूमन्	हे जबडे वाले
वाजानाम्	बलानाम्	बलों के
पते	पते	स्वामी
शचीऽवः	हे कर्मोद्युक्त (शची इति कर्म नाम निघं०२।१)	हे सदा काम करने वाले
तव	तव	तेरा
दंसना	कर्म (दंसइतिकर्म नाम निघं०१।२)	कर्म

संस्कृतार्थः ।

हे हनूमन् बलानांपते हे कर्मोद्युक्त (इदंसर्वम्) तव कर्म ... ... ॥२॥

भाषार्थः ।

हे जबडे वाले, बलों के स्वामी हे सदा काम करने वाले, (यह सब) आपका काम है .... ॥२॥

" शिप्री " के लिये देखो पृ० १९६, इसी का पर्याय वाची हनमान है जो रामायण के एक प्रसिद्ध बीर का नाम है ॥

यह सब अत्यन्त महान् और वीर्य युक्त कर्म जो इस सृष्टिमें हो रहा है, इन्हीं कर्मोद्युक्त इन्द्र का है। वह चाहें तो हमें इस निराशा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की अवस्था से निकाल कर शीघ्र ही सहस्रों गौ और घोड़ों से युक्त कर सकते हैं ॥

इन्द्रो देवता पङ्क्तिश्छन्दः ८।८।८।८।८।

निष्वापया मिथूदृशा सस्तामबुध्यमाने। आतून इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥३॥

नि	नि +	–
स्वापय	नि+स्वापय, नितरां सुप्ते कुरु	निपट सुलाओ
मिथुऽदृशा	परस्परंपश्यन्त्यौ	आपस में देखने वाली दोनों को
सस्ताम्	स्वपिताम् (सस् स्वप्ने)	सोवें
अबुध्यमाने०	अबुध्यमाने	न जागती हुई

संस्कृतार्थः

(हेइन्द्र) परस्परं पश्यन्त्यौ (विपदौ) नितरां सुप्तेकुरु, तेअबुध्यमाने स्वपिताम् .... ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

हे इन्द्र आपस में देखने वाली दोनों (विपत्तियों) को निपट सुला दो वे (कदापि) न जागती हुईं सोती रहें .... ॥ ३ ॥

आपस में एक दूसरेका देखने वाली जो वर्तमान और आगे आने वाली विपत्ति वा अलक्ष्मी हैं। इन्द्र उनको सलादें और ऐसे सुलावें कि वे फिर कदापि न जागें। जिससे हम सहस्रों घोड़े और गौओं से युक्त हों॥

इन्द्रोदेवता पङ्क्तिश्छन्दः ।८।८।८।८।८॥

स॒सन्तु॒त्या अरा॑तयो॒ बोध॑न्तुशूर-रा॒तयः। आतू॑नइन्द्रशंसय॒ गोष्वश्वे॑षुशु॒भ्रिषु॒ स॒हस्रेषुतुवीमघ॥ ४ ॥

स॒सन्तु॑	स्वपन्तु	सोवें
त्याः	ते (लिङ्गव्यत्ययः)	वे
अरा॑तयः	शत्रवः	शत्रू
बोध॑न्तु	बोधन्तु	जागें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शूर	हे शूर	हे वीर
रातयः	मित्राणि	मित्र

संस्कृतार्थः ।

हे वीर ते शत्रवस्स्वपन्तु मित्राणि (च) बोधन्तु ... ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

हे वीर वे शत्रु सोवें (और) मित्र जागें....॥ ४॥

हे इन्द्र वे (अर्थात् जिनको आप जानते हैं) हमारे शत्रु सोवें और हमारे मित्र जागें। जिससे हम शत्रुओं को जीत कर सहस्रों गौ और घोड़ों से युक्त हों ॥

इन्द्रो देवता पङ्क्तिश्छन्दः ८।८।८।८। ८

समिन्द्रगर्दभंमृण नुवन्तंपापयामुया। आतूनइन्द्रशंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषुतुवीमघ॥ ५॥

सम्	सम्+	—
इन्द्र	हे इन्द्र	हे इन्द्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गर्दभम्	गर्दभसमानम् (शत्रुम्)	गधे के समान (शत्रु) को
मृण	सम्+मृण सम्यङ्मारय	मार के नाश करो
नुवन्तम्	स्तुवन्तम्	स्तुति करने वाले को
पापया	पापया (वाचा)	पाप वाली (वाणी) से
अमुया	अनया	इस से

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र अनया पापया (वाचा) स्तुवन्तं गर्दभसमानम् (शत्रुम्) सम्यङ्मारय .... ॥५॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र इस पापवाली (वाणी) से स्तुति करने वाले गधे के समान (हमारे शत्रु) को मारके नाश करो .... ॥ ५ ॥

हे इन्द्र शत्रु हमारे साथ तो पाप का व्यवहार करके हमारा सर्वस्व नाश कर रहा है और इसी पाप की वाणी से आप (अर्थात् परमेश्वर) को स्तुति कर रहा है। इस गधे को मारकर नाश करो और हमें सहस्रों गौ और घोड़ों से युक्त करो ॥

इन्द्रो देवता पङ्क्तिश्छन्दः ८।८।८।८।८॥

पतातिकुण्डृणाच्या दूरंवातीव-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नादधि। आतूनइन्द्रशंसय गोष्व श्वेषुशुभ्रिषु सहस्रेषुतुवीमघ ॥६॥

पताति	पततु	पड़े
कुषड्गा-च्या	कुटिलगत्या (सा०भा०)	कुटिल गति से
दूरम्	दूरम्	दूर
वातः	वायुः	पवन
वनात्	वनात्	बन से
अधि	अधिकम्	अधिक

संस्कृतार्थः ।

कुटिलगत्या (आगच्छन्) वायुर्वनादधिकं दूरं पततु......... ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

कुटिल गति से (आने वाली) वायु बन से परे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अधिरू दूर पड़े.......... ॥ ६ ॥

जो वायु कुटिल गति से भंभूलिए बनाती हुई चलती है वह हमारे वनों से बहुत दूर परे शत्रु के देश में पडे। और हम सहस्रों गौ और घोड़ोंसे युक्त हों ॥

इन्द्रो देवता निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः ।८।७।८।८।८।

सर्वं परिक्रोशं जहि जम्भया कृकदाश्वम् । आतू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥७॥

सर्वम्	सर्वम्	सब को
परिऽक्रोशम्	परितआक्रोश कर्त्तारम्	सब ओर से बुरा चींतने वाले को
जहि	मारय	मार
जम्भय	नाशय	नाश कर
कृकदाश्वम्	हिंसाप्रदम् (कृकं हिंसां दाशति प्रयच्छति)	हिंसा देने वाले को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र परितआक्रोशकर्त्तारं सर्वं मारय हिंसाप्रदं (च) नाशय ... ... ॥७॥

भाषार्थः ।

(हे इन्द्र) सब ओर से (हमारा) बुरा चींतने वाले सब को मारो (और) हिंसा देने वालों को नाश करो ... ... ॥७॥

जो सब ओर से हमारा बुरा चींतते हैं वा हमें दुःख देते हैं उनके नाश होनेसेही हम सहस्रों गौ और घोड़ोंसे युक्त होसकते हैं।

इत्येकोनत्रिंशं सूक्तम् ॥

ऋ० मं० १ सू० ३०।

इन्द्रो देवता शुनःशेप ऋषिर्गायत्रीछन्दः ८।८।८।

आ व॒ इन्द्रं॒ क्रिविं॑ यथा वाज॒यन्तः॑

श॒तक्र॑तुम्। मंहि॑ष्ठं सिञ्च॒ इन्दु॑भिः

॥१॥

आ	आ+	—
व॒ः	युष्मदर्थम्	तुम्हारे लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
क्रिविम्	अवटम (निघं० ३।२३)	गढे को
यथा	यथा	जैसे
वाजऽयन्तः	बलमिच्छन्तः	बल की इच्छा करते हुए
शतऽक्रतुम्	बहुबलोपेतम्	बहुत बल वाले को
मंहिष्ठम्	अतिशयेन प्रवृद्धम्	अतिशय करके बढ़े हुए को
सिञ्चे	आ+सिञ्चे,सर्वतः सिञ्चामहे	चारों ओर सींचते हैं
इन्दुभिः	सोमैः	सोमों से

संस्कृतार्थः।

(हे आर्यगण) युष्मदर्थं बलमिच्छन्तो (वयम्) बहुबलोपेतमतिशयेनप्रवृद्धमिन्द्रमवटमिव सोमैः स-सर्वतः सिञ्चामहे ॥ १ ॥

भाषार्थः।

(हे आर्यगण) आप के लिये बल की इच्छा करते हुए हम बहुत बल वाले और अतिशय करके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बढे हुए इन्द्र को गढे की न्याईं चारों ओर सोमों से सींचते हैं ॥ १ ॥

हम केवल अपने लिये नहीं किन्तु तुम्हारे अर्थात् आर्य जाति के लिये बल की इच्छा करते हुए इन्द्र को सोमरस अर्पण करते हैं। और आशा करते हैं कि हमारा सोम इन्द्र ऐसी उत्कण्ठा से पान करेंगे जैसे गढे में सींचा हुआ जल, जो तत्काल लय होजाता है॥

इन्द्रोदेवता निचृद्गायत्री छन्दः ७।८।८।

शतंवायः शुचीनां सहस्रंवासमा

शिराम्। एदुनिम्नंनरीयते ॥ २ ॥

शतम्	शतम्	सौ
वा	वा	वा
यः	यः	जो
शुचीनाम्	शुद्धानाम् (सोमानाम्)	पवित्र(सोमों) के
सहस्रम्	सहस्रम्	हजार को
वा	वा	वा।

नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय पुस्तकालय
NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सम्ऽआशि राम्	सम्यग्मिश्रणद्र-व्याणाम्(दधिपय आदीनाम्)	सोम में मिलाए जाने वाले (दूध वा दही) का
आ	आ +	–
इत्	एव	ही
ऊम्	(पूरणः)	–
निम्नम्	निम्नप्रदेशम्	निवान को
न	इव	तरह
रीयते	आ+रीयते,प्राप्नोति (रीयतिर्गतिकर्मा, निघं० २।१४)	प्राप्त होता है

संस्कृतार्थः ।

यः (इन्द्रः) शुद्धानाम् (सोमानाम्) शतम् मिश्रणद्रव्याणां सहस्रम् (च) निम्नप्रदेशम्(आपः) इव प्राप्नोत्येव ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

जो (इन्द्र) सैंकडों (कलश) पवित्र (सोमों) को और हजारों (कलश) (सोम में)मिलाएजाने वाले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दूध वा दही) को निवान में (जल) की न्याईं निश्चय करके प्राप्त होते हैं ॥ २ ॥

इन्द्र को सैंकडों द्रोण कलश भरे सोमरस और हजारों कलश भरे (सोम में मिलाए जाने वाले) दूध वा दही इस तरह पहुंचते हैं जैसे निवान में जल। अर्थात् इन्द्र की सोम से कभी तृप्ति नहीं होती, चाहे जितना सोम पिलाओ, फिरभी और कामना बनी रहती है ॥

इन्द्रादेवता गायत्रीछन्दः ८।८।८।

संयन्मदायशुष्मिण एनाह्यस्योदरे। समुद्रोनव्यचोदधे ॥ ३ ॥

सम्	सम्+	-
यत्	यत्	जो
मदाय	मदाय	मद के लिये
शुष्मिणे	बलवते	बल वाले के लिये
एना	एनेन (इन्द्रेण)	इस (इन्द्र) से
हि	एव	ही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अस्य	अस्य (इन्द्रस्य)	इस (इन्द्र) के
उदरे	उदरे	पेट में
समुद्रः	समुद्रः	समुद्र ने
न	इव	जैसे
व्यचः	विस्तारः(आ०को०)	विस्तार को
दधे	सम् + दधे सम्यग् धृतः	पूर्ण रीति से धारण कियागयाहै

संस्कृतार्थः

यदेनेन (इन्द्रेण) बलवते मदाय स्वोदरे बिस्तारो धृतः,यथा समुद्रः (जलाय स्वोदरे विस्तारं धारयति) ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

जो बल कारक मद के लिये इस इन्द्र ने अपने पेटमें विस्तार को धारण किया है जैसे समुद्र (जल के लिये अपने पेटमें विस्तार को धारण करता है) ॥३॥

जैसे समुद्र ने इतने विस्तार को धारण किया हुआ है कि जितना जल नदियों वा वृष्टि द्वारा गिरता है, सब उसमें समा जाता है। इसी प्रकार इन्द्र ने हमारे अर्पण किए हुए सोम के लिये अपने उदर में समुद्र जैसे विस्तार को धारणकिया हुआ है। सोम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पान से कभी उनका पेट नहीं भरता। और वह सोम के लिये कभी नांह नहीं करते।

इन्द्रोदेवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

अयमुतेसमतसि कपोतइवगर्भ-
धिम्। वचस्तच्चिन्नओहसे ॥४॥

अयम्	अयम्	यह
उम्	खलु	निश्चय करके
ते	त्वदर्थम्	तेरे लिये
सम्	सम्+	–
अतसि	सम्+अतसि सम्यक् प्राप्नोषि	तूसम्यक् प्राप्त होता है
कपोतःऽइव	कपोतइव	कबूतर की तरह
गर्भऽधिम्	गर्भधारणसमर्थाम् (कपोतीम्)	गर्भ धारणकरने के योग्य (कबूतरी) को
वचः	वचः	बचन को
तत्	तत्	उस को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चि॒त्	अपि	भी
न॒:	अस्माकम्	हमारे
ग्रो॒ह॒से॒	प्राप्नोषि	तू प्राप्त होता है

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र) अयम् (सोमः) त्वदर्थं खलु (त्वमेनम्)गर्भ धारण समर्थाम्,(कपोतीम्) कपोतइव सम्यक् प्राप्नोषि अस्माकं तद्वचोऽपि प्राप्नोषि ॥४॥

भाषार्थः ।

(हे इन्द्र) यह (सोम) निश्चय करके आपके लिये (है) आप इस को ऐसे प्राप्त होते हो जैसे ऋतु मती (कबूतरी) को कबूतर (और) हमारे उस वचन को भी प्राप्त होते हो ॥ ४ ॥

इन्द्र हमारे सोम को ऐसे प्रेम से प्राप्त होते हैं, जैसे ऋतु मती कबूतरी को कबूतर । और हमारे वचन को भी प्रेम से सुनते हैं । इन्द्र से मित्रता सम्पादन करने का सोमरस एक साधन है । इस के द्वारा मित्रता होने पर इन्द्र हमारी सब बात मित्र की न्याईं प्रेमसे सुनते हैं ॥

इन्द्रोदेवता निचृद्गायत्रीछन्दः ।७।८।८॥

स्तो॒त्रंरा॑धानांपते॒ गिर्वा॑होवीर॒य-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्यते विभूतिरस्तुसूनृता ॥ ५ ॥

स्तोत्रम्	स्तोत्रम्	स्तुति
राधानाम्	धनानाम्	धनों के
पते	पते	हे स्वामी
गिर्वाहः	हे गीर्भिरुह्यमान	हे स्तुतियों से प्राप्त होने वाले
वीर	हे वीर	हे वीर
यस्य	यस्य	जिस का
ते	तव	तेरा
विऽभूतिः	विभूतिः	ऐश्वर्य
अस्तु	अस्तु	हो
सूनृता	सूनृता	प्यारी और सच्ची वाणी

संस्कृतार्थः ।

हे धनानांपते गीर्भिरुह्यमान वीर यस्य (मुखे)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तव स्तोत्रम् (तस्य) विभूतिः सूनृता (च) अस्तु ॥५॥

भाषार्थः ।

हे धनोंके स्वामी स्तुतियों से प्राप्त होने वाले वीर जिस के (मुख में) आप की स्तुति है उसी के (घर में) ऐश्वर्य और उसी की प्यारी और सच्ची वाणी हो ॥ ५ ॥

जिन की जिह्वा पर इन्द्र की स्तुति है, उन के घर में ऐश्वर्य स्थिर है और मीठी और सच्ची वाणी जो बडी कठिनता से प्राप्त होती है, उन के लिये स्वभाव सिद्ध हो जाती है ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

ऊर्ध्वस्तिष्ठान ऊतयेऽस्मिन्वाजे शतक्रतो । सम॒न्येषु ब्रवावहै ॥६॥

ऊर्ध्वः	उन्नतः	ऊंचा
तिष्ठ	तिष्ठ	खड़ा हो
नः	अस्माकम्	हमारी
ऊतये	रक्षायै	रक्षा के लिये
अस्मिन्	अस्मिन्	इस में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाजे	संग्रामे	युद्ध में
शतक्रतो	हे बहुबल	हे बहुत बलवाले
सम्	सम् +	--
अन्येषु	अन्येषु (कार्यान्तरेषु)	अन्य (कार्यों) में
ब्रवावहै	सम्+ब्रवावहै	भलीप्रकार हम दोनों बातें करें

संस्कृतार्थः ।

हे बहुबल (इन्द्र) अस्मिन्सङ्ग्रामेऽस्माकं रक्षायै उन्नतस्तिष्ठ आवामन्येषु (कार्यान्तरेषु) सम्यक् ब्रवावहै ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

हे बहुत बल वाले (इन्द्र) इस युद्ध में हमारी रक्षा के लिये ऊंचे खड़े हूजिए, हम दोनों (अन्य कार्यों) में भली प्रकार बातें करें ॥ ६ ॥

युद्ध में इन्द्र को रक्षा के लिये बुलाने से युद्ध इन्द्र से मिलनेका एक साधन बन जाता है-फिर तो हम प्रत्येक कर्म में मित्र को न्याईं उन से सम्भाषण कर सकते हैं। हमारी आवश्यकताएं और विशेष करके प्राण संकट का अवसर इन्द्र से सम्बन्ध करने के सहज साधन हैं ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्द्रोदेवता गायत्री छन्दः ८।८।८।

योगेयोगेतवस्तरं वाजेवाजेहवामहे। सखायइन्द्रमूतये ॥७॥

योगेऽयोगे	प्रत्येककर्मोपक्रमे	प्रत्येक कार्यारंभ में
तवःऽतरम्	बलवत्तरम् (तवइति बलनाम निघं० २।६)	अतिशय करके बली को
वाजेऽवाजे	संग्रामे संग्रामे	प्रत्येक युद्ध में
हवामहे	आह्वयामः	हम बुलाते हैं
सखायः	सखायः	मित्र
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
ऊतये	रक्षायै	रक्षा के लिये

संस्कृतार्थः।

सखायो वयं प्रत्येककर्मोपक्रमे संग्रामे संग्रामे (च) बलवत्तरमिन्द्रं रक्षायै आह्वयामः ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः ।

मित्र हम प्रत्येक कार्य्यारम्भ में (और) प्रत्येक युद्ध में अति बल वाले इन्द्र को रक्षा के लिये बुलाते हैं ॥ ७ ॥

जिन में हम रहते हैं वे हमारे मित्र हैं हम सब एक मन होकर प्रत्येक कार्यारम्भ में और प्रत्येक संग्राम में इन्द्र को रक्षा के लिये बुलाया करें ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८॥

आ घा गमद्यदि श्रवत् सहस्रिणीभिरूतिभिः । वाजेभिरुप नो हवम् ॥८॥

आ	आ+	–
घ	एव	ही
गमत्	आ+गमत् आगच्छेत्(लिङर्थेलेट्)	आवेगा
यदि	यदि	जो
श्रवत्	शृणुयात् (लिङर्थे लेट्)	सुनेगा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सहस्रिणी-भिः	सहस्रसंख्याव-तीभिः	हज़ारों से
ऊतिऽभिः	रक्षाभिस्सह	रक्षाओं के साथ
वाजेभिः	बलैस्सह	बलों के साथ
उप	प्रति	प्रति
नः	अस्मदीयम्	हमारे
हवम्	आह्वानम्	पुकार को

संस्कृतार्थः।

यदि (इन्द्रः) शृणुयात् (तदा) सहस्रसंख्यावतीभीरक्षाभिर्बलैः (च) सह अस्मदाह्वानं प्रत्यागच्छेदेव ॥ ८ ॥

भाषार्थः।

जो (इन्द्र) सुनेंगे (तो) हज़ारों रक्षाओं (और) बलों के सहित हमारी पुकार के प्रति अवश्य आवेंगे ॥ ८ ॥

इसमें कुछ भी संदेह नहीं है और यह पक्की बात है, कि जो इन्द्र हमारी पुकार को सुनपावेंगे तो सहस्रों रक्षाओं और बलों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

को साथ लेकर हमारी सहायता के लिये तुरन्त पहुंचेंगे। इस लिये सब को एक मन होकर इन्द्र को बुलाना चाहिये ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः॥८।८।८।

अनुप्रत्नस्यौकसो हुवेतुविप्रतिं
नरम् । यंतेपूर्वंपिताहुवे ॥ ९ ॥

अनु	अनु+	–
१ प्रत्नस्य	पुरातनस्य	पुराने के
१ ओकसः	गृहस्य	घर के
हुवे	अनु+हुवे अन्वा-ह्वयामि	पूर्वजों की न्याईं बुलाता हूं
२ तुविऽप्रतिम्	बलस्य प्रतिरूपम्	बल के प्रतिरूप को
१ नरम्	नेतारम्	नेता को
यम्	यम्	जिस को
ते	त्वाम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	तुझ को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूर्वम्	पूर्वम्	पहले
पिता	पिता	पिता ने
हुवे	आहूतवान्	बुलाया था

संस्कृतार्थः ।

(अहम्) पुरातनस्य (अस्मत्) गृहस्य नेतारम् बलस्य प्रतिरूपम् (इन्द्रं) अन्वाह्वयामि यं त्वाम् (अस्मदीयः) पिता पूर्वमाहूतवान् ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

मैं पुराने(हमारे)घरयाने के नेता, बलके प्रतिरूप (इन्द्र) को पूर्वजों की न्याई बुलाता हूं जिन आपको (हमारे) पिता पहले बुलाया करते थे ॥ ९ ॥

(१)इन्द्र आर्य्योंके पुराने घरयाने के नेता वीर हैं। आर्य्य सदासे उन को बुलाते आए हैं । हमारे पिता भी उन को बुलाते थे इस लिये हमें भी उन की रक्षा का त्याग नहीं करना चाहिये। किन्तु अवश्य बुलाना चाहिये ॥

(२) बलके प्रतिरूप से यह तात्पर्य है कि इन्द्र बल के साक्षात् रूप हैं ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः ८।८।८॥

तंत्वावयंविश्ववारा शास्महेपुरुहूत ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सखे॑वसोजरि॒तृभ्यः॑ ॥ १० ॥

तम्	तम्	उस को
त्वा	त्वाम्	तुझ को
वयम्	वयम्	हम
विश्वऽवार	हे सर्वैर्वरणीय	हे सब से बरने योग्य
आ	आ +	--
शास्महे	आ + शास्महे, कामयामहे	चाहते हैं
पुरुऽहूत	बहुभिराहूत	हे बहुतों से बुलाये जाने वाले
सखे	सखे	हे मित्र
वसो०	निवासहेतो	हे आश्रय भूत
जरितृऽभ्यः	स्तोतृभ्यः	स्तोताओं के लिये

संस्कृतार्थः ।

हे सर्वैर्वरणीय बहुभिराहूत स्तोतृभ्यो निवास हेतो सखे (इन्द्र) तंत्वां वयं कामयामहे ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

हे सब से बरने योग्य बहुतों से बुलाए जाने वाले स्तोताओं के लिये आश्रयभूत सखा (इन्द्र) उस आप को हम इच्छा करते हैं ॥ १० ॥

इन्द्र सब से बरने के योग्य हैं और बहुत जन उन को (कोई इन्द्र नाम से कोई ईश्वरादि नामान्तर से) बुलाते हैं वह स्तुति करने वालों के परम आश्रय भूत हैं इस लिये हमें उन की अवश्य कामना करनी चाहिये ॥

इन्द्रो देवता पादनिचृच्छन्दः ।७।७।७।

अस्माकं शिप्रिणीनां सोमपाः सो-
मपाव्नाम्। सखे वज्रिन्त्सखीनाम्॥११

अस्माकम्	अस्माकम्	हमारे
शिप्रिणीनाम्	हनूमताम् (व्यत्ययेन स्त्रीत्वम्)	जबडे वालों का
सोमऽपाः	हे सोमपाः	हे सोम के पीने वाले
सोमऽपाव्नाम्	सोमस्य पातॄणाम्	सोम के पीने वालों क

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सखे	सखे	मित्र
वज्रिन्	वज्रिन्	वज्रधारी
सखीनाम्	मित्राणाम्	मित्रों के

संस्कृतार्थः ।

हे सोमपावज्रिन् हनूमतां सोमस्य पातॄणामस्माकं मित्राणां सखे ॥ ११ ॥

भाषार्थः ।

हे सोम के पीने वाले, वज्रधारी, हमारे जबडे वाले सोम के पीने वाले मित्रों के सखा (इन्द्र) ।११।

वज्र धारी सोमपा इन्द्र हमारे सोम पीने वाले बड़े जबड़ों वाले अर्थात् बलवान मित्रों के सखा हैं। इस (लिये हमारे मित्र अजेय हैं ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः ॥८।८।८॥

तथातदस्तुसोमपाः सखेवज्रिन्त-
थाकृणु । यथातउश्मसीष्टये ॥१२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा	तथा	वैसे
तत्	तत्	वह
अस्तु	अस्तु	हो
सोमऽपाः	हे सोमपाः	हे सोम के पीने वाले
सखे	सखे	मित्र
वज्रिन्	वज्रिन्	वज्रधारी
तथा	तथा	वैसे
कृणु	कुरु	कर
यथा	यथा	जैसे
ते	त्वाम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	तुझ को
उश्मसि	कामयेमहि (लिङ्थ लट्)	हम कामना करें
इष्टये	इष्टसिद्धये	इष्ट सिद्धि के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे सोमपास्तत्तथास्तु हे सखे वज्रिन् तथा कुरु यथा (वयम्) इष्टसिद्धये त्वां कामयेमहि ॥ १२ ॥

भाषार्थः ।

हे सोम के पीने वाले यह ऐसे हो । हे वज्रधारी सखा ऐसा करो कि हम इष्ट साधन के लिये आप की कामना (किया) करें ॥ १२ ॥

हे इन्द्र ऐसा हो और आपके करने से ही ऐसा होगा कि हम अपने इष्ट साधन के लिये आप की कामना किया करें। हम अपने इष्ट साधन के लिये और सैंकडों उपाय करते हैं परन्तु इन्द्र की कामना नहीं करते यदि इन्द्र की कामना किया करें तो हमारी आवश्यकताएं इन्द्र के साथ मित्रता सम्पादन करने का साधन बन सकती हैं ॥

इन्द्रो देवता गायत्रीछन्दः॥८।८।८॥

रेवतीर्नः सधमाद इन्द्रे सन्तु तुविवाजाः । क्षुमन्तो याभिर्मदेम ॥ १३ ॥

रेवतीः	गावः	गौएं
नः	अस्माकम	हमारीं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सधऽमादे	सहहर्षयुक्ते(सह-मादि-अच्)	साथ हर्षित होने पर
इन्द्रे	इन्द्रे	इन्द्र के होने पर
सन्तु	सन्तु	होवें
[1]तुविऽवाजाः	प्रभूतान्नयुक्ताः (बहुदुग्धवत्यः)	बहुत दूध वालीं
क्षुऽमन्तः	अन्नवन्तः(क्षु-इत्यन्ननाम निघ०२।७)	अन्न युक्त
याभिः	याभिस्सह	जिन के द्वारा
मदेम	हृष्येम	हम मोद को प्राप्त हों

संस्कृतार्थः।

इन्द्रे (अस्माभिः) सहहर्षयुक्तेअस्माकंगावः प्रभूत दुग्धवत्यस्सन्तुयाभिः(वयम्)अन्नवन्तो हृष्येम॥१३॥

भाषार्थः।

इन्द्र के (हमारे) साथ हर्षित होने पर हमारी गौएं बहुत दूध वाली हों, जिन के द्वारा हम अन्न युक्त हो कर मोद को प्राप्त हों॥ १३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गौएं सोम में मिलाने के लिये "आशिर" को देने वाली होने से हमारे इन्द्र के साथ मिलकर मोद करने में सहायक हैं इस लिये

(१) वे प्रभूत अन्न युक्त हों अर्थात् बहुत दुग्ध वाली हों और गौओं के बहुत दुग्ध युक्त होने से हम भी अन्न वान हो कर मोद करें ॥

इन्द्रो देवता गायत्री छन्दः ।८।८।८॥

आ घ॒ त्वावा॒न्त्मना॒प्तः स्तो॒तृभ्यो॑ धृष्णविया॒नः। ऋ॒णोरक्षं॒ न च॒क्र्योः॥१४

आ	आ +	---
घ॒	एव	ही
त्वाऽवा॑न्	त्वत्सदृशः	तेरे जैसा
त्मना॑	आत्मना	आप से
आ॒प्तः	निपुणः(आ०को०)	निपुण
स्तो॒तृऽभ्यः॑	स्तोतृभ्यः	स्तोताओं के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धृष्णो॒	हे धार्ष्टर्चयुक्त	हे प्रगल्भ
हूया॒ना॒:	याच्यमानः	प्रार्थित हुआ २
आट॒णो:	आ + ऋणोः प्राप्तोऽसि	तू प्राप्त हुआ है
अक्षम्	अक्षम्	धुरी को
न	इव	न्याईं
च॒क्र्योः	चक्रयोः	दोनों पहियोंमें

संस्कृतार्थः।

हे धार्ष्टर्चयुक्त (इन्द्र) त्वत्सदृश आत्मनैव निपुणः (त्वम्) याच्यमानः (सन्) स्तोतृभ्यश्चक्रयो रक्षमिव प्राप्तोसि ॥ १४ ॥

भावार्थः।

हे प्रगल्भ (इन्द्र) अपने जैसे स्वयमेव निपुण आप प्रार्थित होने पर स्तोताओं के लिये पहियों में धुरी की न्याईं प्राप्त हुए हैं॥ १४ ॥

जैसे रथ की धुरी जो बहुत दृढ बनी हुई हो रथ के पहियों में प्राप्त होकर (लगाई जाकर) रथ को बेधडक चलने में समर्थ करती है, वैसे ही स्तोताओं के जीवन रूपी रथ को दृढ धुरी इन्द्र बन गए हैं। उन जैसा (दूसरे की आकांक्षा न रखता हुआ)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपने आप से निपुण दूसरा कोई नहीं है। ऐसी निपुण (Efficient) धुरी होने से इन्द्र के स्तोता निःशंक अपनी जीवन यात्रा पूरी कर लेते हैं। रस्ते में टूट कर जीवन का उद्देश पूरा न होने का भय उनको नहीं है ॥

अग्निर्देवता निचृद्गायत्री छन्दः ।८।७।८।

आ यद्दुवः शतक्रत वा कामं जरितॄणाम् । ऋणोरक्षं न शचीभिः ॥१५॥

आ	पर्यन्तम्	तक
यत्	यत्	जो
दुवः	परिचर्या	सेवा
शतऽक्रतो	हे बहुबल	हे बहुत बल वाले
आ	पर्यन्तम्	तक
कामम	कामना	इच्छा
जरितॄणाम्	स्तोतॄणाम् (निघं०३। १६)	स्तोताओं की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ॒णोः	प्राप्तोऽसि	प्राप्त हुए हो
अ॒क्षम्	अक्षम्	धुरी को
न	इव	न्याईं
शची॑भिः	कर्मभिः(निघं० २।१)	कर्मों द्वारा

संस्कृतार्थः ।

हे बहुबल यज्जरितणांदुवः(तत्)पर्य्यन्तं कामना पर्य्यन्तम् (च तान्) कर्मभिरक्षमिव प्राप्तोऽसि ॥ १५ ॥

भावार्थः ।

हे इन्द्र जितनी (स्तोताओं की) सेवा है और जितनी (उन की) कामना है आप उतना(उनको) प्राप्त हुएहैं जैसे कर्म से धुरी (रथ को प्राप्त हुई है)॥ १५॥

जैसे रथ की धुरी पर लुहारने जितना अधिक परिश्रम किया है उतनी ही वह अधिक दृढ हो गई है—इसी तरह जितनी जिस स्तोता ने इन्द्र की सेवा की है और जितनी इन्द्र की कामना की है--उतनी ही दृढता से इन्द्र उन स्तोताओं को प्राप्त हुए हैं ॥

अग्निर्देवता त्रिष्टुप् छन्दः ११ । ११ । ११ । ११ ।

प्र॒पू॒वदिन्द्रः॒पोप्रु॑थ॒ञ्जिर्जि॑गाय॒ नान॑

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दद्भिः॒ श्वाप्रवसद्भिर्धनानि। सनोहिर-ण्यरथंदंसनावा॒न्त्सनःसनितास-नये॒सनोदात्॥ १६ ॥

ध्रप्रवत्	सदा	सदा
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
पोप्रुथत्-ऽभिः	फूत्कुर्द्भिः (अश्वः)	(होठों से)फुरराने वाले(घोड़ों)से
जिगाय	जितवान्	जीता है
नानदत्-ऽभिः	हेषमाणैः	हिनहिनाते हुओं से
श्वाप्रवसत्-ऽभिः	पुनःपुनःश्वसद्भिः	बार २ श्वास लेते हुओं से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनानि	धनानि	धनों को
सः	सः	उस ने
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
१ हिरण्यऽ-रथम्	सुवर्णरथम्	सुवर्ण के रथ को
दंसनाऽवान्	कर्मवान्(निघं० २।१)	काम करने वाले ने
सः	सः	वह
नः	अस्माकम्	हमारा
सनिता	प्रियः(आ०को०)	प्यारा
सनये	प्रेमार्थम्	प्रेम के लिये
सः	सः	उस ने
नः	अस्मभ्यम्	हम को
अदात्	दत्तवान्	दिया है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

इन्द्रः सदा (वैरिसम्बन्धीनि) धनानि फूत्कृद्भिर्हेषमाणैः पुनःपुनः श्वसद्भिः (अश्वैः) जितवान्, सः कर्मवान् अस्मभ्यं सुवर्णरथम् (दत्तवान्) सोऽस्माकं प्रियः (अस्ति) प्रेमार्थंसोऽस्मभ्यम् (सुवर्णं रथम्) अदात् ॥ १६ ॥

भाषार्थः ।

इन्द्र ने सदा (शत्रुओं के) धनों को (होठों से) फुरराने वाले हिनहिनाने वाले और बारम्बार श्वास लेने वाले घोडों द्वारा जीता है, उस कर्मवान ने हम को सोने का रथ (दिया है) वह हमारा प्यारा (है) उस ने हम को प्रेम के लिये (सोने का रथ) दिया है ॥१६॥

इन्द्र शत्रुओं का धन अपने उपासकों के लिये जीतते हैं । और अधिक भक्ति होने पर अपना प्रेम भी प्रगट करते हैं जैसे शुनःशेप की मन से सुवर्ण का रथ देकर अपना प्रेम प्रगट किया था (देखो पृ० ६२१)

अश्विनौदेवते गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

आश्विनावश्वावत्येषा यातंशवीरया। गोमद्दस्राहिरण्यवत् ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आ	आ +	––
अश्विना	हे अश्विनौ	हे अश्वि देवताओ
१ अश्वऽवत्या	अश्ववता	घोड़ों वाले से
इषा	बलेन सह	बल के साथ
यातम्	आ + यातम्, आगच्छतम्	दोनों आओ
१ शवीरया	गतिमता (शु, गतौ)	गति युक्त से
गोऽमत्	गोमद्यथास्यात्तथा	गौओं से युक्त की न्याईं
दस्रा	हे भीषणौ (आ० को)	हे भयानक (देवो)
हिरण्यऽवत्	सुवर्णवद्यथास्यात्तथा	सुवर्ण से यक्त की न्याईं

संस्कृतार्थः।

हे भीषणावश्विनावश्ववता गतिमता (च) बलेन सह गोमत् सुवर्णवत् (च) यथा स्यात्तथाऽऽगच्छतम् ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः ।

हे भयानक अश्वि (देवताओ) घोड़ों वाले और गतियुक्त बल के सहित गौ (और) सुवर्ण से युक्त होकर आओ ॥ १७ ॥

विनियोग—यह मंत्र और आगे के दोनों मंत्र प्रातरनुवाक के आश्विन क्रतु में पढे जाते हैं (आ०श्रौ० सू०४ । १५ । २) ॥

अश्वि.देव घोडों और गति युक्त बल के साथ हमारे पास आवें। अर्थात् हम घोडों वाले हों और गति युक्त बल वाले हों। वे गौ और सुवर्ण से युक्त होकर आवें अर्थात् हम बहुत गौओं और सुवर्ण वाले हों। गौ घोडे सुवर्ण और गतियुक्त बल (kinetic energy) इन्हीं के होने से मनुष्य जाति बडी समझी जाती है ॥

अश्विनौ देवते गायत्री छन्दः ।८।८।८।

समानयोजनो हि वां रथो दस्राव-

मर्त्यः । समुद्रे अश्विनेयते ॥१८॥

समान-ऽयोजनः	(उभयार्थम्)समानं योजनं यस्य सः	दोनों के लिये एकही जुड़ने वाला
हि	खलु	निश्चय करक
वाम्	युवयोः	तुम दोनों का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रथः	रथः	रथ
दस्रौ	हे भीषणौ	हे भयानक (देवताओ)
अमर्त्यः	विनाशरहितः	न नाश होने वाला
समुद्रे	आकाशे (निघं० १।३)	आकाश में
अश्विना	हे अश्विनौ	हे अश्वि देवताओ
ईयते	गच्छति	चलता है

संस्कृतार्थः।

हे भीषणावश्विनौ युवयोस्समान योजनो विनाश रहितो रथः खलुआकाशे गच्छति ॥ १८ ॥

भाषार्थः।

हे भयानक अश्वि देवताओ आप दोनों के लिये एक ही जुडने वाला विनाश रहित रथ अवश्य आकाश में चलता है ॥१८॥

अश्वि देव दोनों एकही रथ में बैठते हैं । जो उत्तर मेरु के समीप आकाश में चलता हुआ प्रतीत होता है और ६० घडी में आकाश की एक परिक्रमा करता है (देखो पृ० ४२०)॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अश्विनौ देवते गायत्री छन्दः ॥८।८।८॥

न्य१ घ्न्यस्य मूर्धनि चक्रं रथस्य-
येमथुः । परि द्यामन्यदीयते ॥१९॥

नि	नि+	––
अघ्न्यस्य	वृषस्य	बैल के
मूर्धनि	मूर्धनि	सिर पर
चक्रम्	चक्रम्	पहिये को
रथस्य	रथस्य	रथ के
येमथुः	नि+येमथुः, नियमितवन्तौ	ठैराया है;
परि	परितः	चारों ओर
द्याम्	द्युलोकम्	द्युलोक को
अन्यत्	अन्यत्	दूसरा
ईयते	गच्छति	चलता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः।

(हे अश्विनौ युवां) रथस्य (एकम्) चक्रं वृषस्य मूर्धनि नियमितवन्तौ, अन्यत् द्युलोकस्य परितो गच्छति॥ १९॥

भाषार्थः।

(हे अश्विदेवताओ) आप ने रथ के (एक) पहिये को बैल के सिर पर ठहराया है दूसरा (पहिया) द्युलोक के चारों ओर चलता है॥ १९॥

उत्तर मेरु पर अश्वि देवताओंके रथकी न्याईं सूर्यभी आकाश में क्षितिज के नीचे साथ२ घूमता रहता है (उदय होने के पीछे भी इसी प्रकार क्षितिज के साथ २ ऊपर चारों ओर घूमता रहता है) यही कामनाओं की वर्षा करने वाला "वृष" वा बैल है जिस के सिरपर अश्विनी देवताओं के रथ का एक पहिया ठहरा हुआ है यह पहिया क्षितिज के नीचे होने से दीख नहीं सकता। परन्तु दूसरा पहिया क्षितिजके ऊपर होने से आकाश में चारों ओर घूमता हुआ दीखता है॥

उषोदेवता गायत्री छन्दः।८।८।८।

कस्त उषः कधप्रिये भुजे मर्तो अमर्त्ये। कं नक्षसे विभावरि॥२०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२ कः	कः	कौन
ते	तव	तेरे
१ उषः	हे उषः	हे उषा
२ कधऽप्रिये	हे कथाप्रिये	हे कथा को प्यार करने वाली
भुजे	भोगाय	भोग के लिये
२ मर्त्तः	मर्त्यः	मनुष्य
अमर्त्ये	हे मरण रहिते	हे मृत्यु रहित
२ कं	कम्	किस को
२ नक्षसे	गच्छसि (निघं०२।१४)	तू जाती है
विभाऽवरि	हे विशेषदीप्ति युक्ते	हे विषेश दीप्ति वाली

संस्कृतार्थ ।

हे कथा प्रिये, मरणरहित उषः तव भोगाय को मनुष्यः, हे विशेषदीप्तियुक्ते(त्वम्) कं गच्छसि ॥२०॥

भाषार्थः

हे कथा को प्यार करने वाली मृत्यु रहित उषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आपके भोग के लिये कौन कनुष्य (है) हे विशेष दीप्ति वाली आप किसके पास जाती हो॥ २० ॥

विनियोग—यह मन्त्र और आगे के दोनों मन्त्र प्रातरनुवाक के उषाक्रतु में पढे जाते हैं (आ० श्रौ० सू० ४।१४।१) ॥

(१) उषा प्रत्यक्ष देवता है जो सूर्योदय से पहले आकाश की लाली के रूप में दीखती है ॥

(२) उषा को सुन्दर स्त्रीसे उपमा दीगई है। जैसे स्त्रियां बातों से विशेष प्रेम रखती हैं। बहुत बातें करती हैं और बहुत बातें सुनना चाहती हैं, वैसे ही उषा भी। देवताओं से बातें करने का उत्सुक होने वालों के लिये उषा बहुत योग्य हैं परन्तु हर एक मनुष्य उन से नहीं बात कर सकता इसी लिये।

(३) भक्त पूछता है कि हे उषा इस समय कौन भाग्यवान् पुरुष आप से बातें करने का आनन्द भोग रहा है। जो हम से नहीं बोलतीं आप हमें छोड कर किस अनुरागी पुरुष के पास जाती हैं॥

अधिक प्रेम होने से ही उषा से बातें करना सम्भव हो सकता है॥

उषोदेवता निचृद्गायत्री छन्दः। ८। ७। ८।

वयंहितेअमन्मह्या न्तादापराकात्।

अश्वेनचित्रेअरुषि ॥१२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वयम्	वयम्	हम ने
हि	खलु	निश्चय करके
ते	त्वाम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	तुझ को
४ अमन्महि	चिन्तितवन्तः	चिन्तन किया है
आ	आ +	–
४ अन्तात्	आ + अन्तात् आसमीपात्	समीप तक
आ	आ +	–
४ पराकात्	आ + पराकात् आदूरात् (निघं०२।२६)	दूर तक
१ अश्वे	अश्वे + न हे अश्व इवगमन शीले	हे घोडे की न्याईं गमन शील
न	+ न	–
२ चित्रे	हे स्वच्छे (आ० को०)	हे स्वच्छ (रूप-वाली)
१ अरुषि	हे क्रोधरहिते	हे क्रोधरहित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अश्व इव गमन शीले स्वच्छे क्रोध रहिते (उषः) वयमा समापादादूरात्त्वा मेवचिन्तितवन्तः ॥ २१ ॥

भाषार्थः ।

हे घोडे की न्याईं गमनशील, स्वच्छ रूपवाली क्रोध रहित (उषा) हमने समीप तक (और) दूर तक आप का ही चिन्तन किया है ॥ २१ ॥

(१) उत्तर मेरु के समीप अश्वि देवताओं की न्याईं उषा भी बहुत दिनों तक आकाश में चारों ओर घूमती हुई दिखाई देती हैं। इसी लिये उन को अश्व से उपमा दीगई है ॥

(२) उषा देवी स्वच्छ रूप वाली हैं जो रूप आरोग्यवती स्त्रियों का होता है ॥

(३) वह क्रोध रहित हैं। साधारण स्त्रियों की न्याईं क्रोध युक्त नहीं हैं ॥

(४) ऐसी सुन्दर देवी को हम बराबर चिन्तन करते रहे हैं अर्थात जब तक वहसमीप(हमारे क्षितिज पर)पहुंची और जब तक कि सूर्य के उदय होने पर अदृश्य होकर दूर न चली गईं ॥

उषोदेवता गायत्री छन्दः । ८ । ८ । ८ ।

त्वंत्येभिरागहि वाजेभिर्दुहित र्दिवः । अस्मेरयिंनिधारय । २२ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	तू
त्येभिः	तैः	उन से
आ	आ+	–
गहि	आ + गहि आगच्छ	आ
वाजेभिः	बलैस्सह	बलों के साथ
दुहितः	हे पुत्रि	हे पुत्री
दिवः	द्युलोकस्य	द्युलोक की
अस्मे०	अस्मासु	हम में
रयिम्	धनम्	धन को
नि	नि+	–
धारय	नि+धारय नितरां स्थापय	अच्छी प्रकार स्थापन कर

संस्कृतार्थः ।

हे द्युलोकस्य पुत्रि त्वं तैर्बलैस्सहागच्छ (अपि च) अस्मासु धनं नितरां स्थापय ॥ २२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः ।

हे द्युलोक की पुत्री आप उन बलों के साथ आओ (और) हम में धन को अच्छी प्रकार स्थापन करो ॥ २२ ॥

उषा देवी आकाश की पुत्री हैं। आकाश में रहती हैं। परन्तु भक्त के पास प्रार्थना करने से चली आती हैं । हमारे पास वह देवी बलों के सहित आवें और हममें अच्छी प्रकार से धनों को स्थापन करें जिस से वे फिर न नष्ट होजावें ॥

यह शुनः शेप की देखी हुई अन्तिम ऋचा है । इस के उच्चारण हो चुकने पर उनके सब बन्धन छूट गए !(देखो पृ० ६२१) और उन्होंने राजा हरीश्चन्द्र का यज्ञ समाप्त कराया । फिर किस तरह इनको विश्वामित्र ऋषिने अपना कृत्रिम पुत्र बनाकर इन का नाम देवरात रखा (इसी लिये २४ वें सूक्त को आदि में शुनः शेप को कृत्रिमोवैश्वामित्रो देवरातऋषिः, लिखा है, देखो पृ० ५०८),और अपने सब पुत्रों से ज्येष्ठ बनाकर एक महान उदारता का उदाहरण हमारे लियेछोड गए । यह सब ऐ०ब्रा०पं०७ खं १७ । १८ में विस्तार पूर्वक लिखा है ॥

इतित्रिंशं सूक्तम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋ० मं० १ सू० ३१ मं० १

अग्निर्देवता आङ्गिरसो हिरण्यस्तूप ऋषिः

जगतीछन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरा ऋषिर्देवो देवानामभवः शिवः सखा । तव व्रते कवयो विद्मनापसोऽजायन्त मरुतो भ्राजदृष्टयः ॥ १ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रथमः	आद्यः	आदि
१ अङ्गिराः	अङ्गिराः	अङ्गिरा
१ ऋषिः	ऋषिः	ऋषि
देवः	देवः	देव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवानाम्	देवानाम्	देवताओं का
अभवः	अभवः	हुआ है
शिवः	मङ्गलमयः	मङ्गलरूप
सखा	सखा	मित्र
तव	तव	तेरे
व्रते	व्रते	नियम में
कवयः	मेधाविनः	मेधावी
२ विद्मना-ऽपसः	ज्ञानवत्कर्माणः (विद्मनानि ज्ञानवन्ति अपांसि कर्माणि येषां ते)	ज्ञानयुक्तकर्मों वाले
अजायन्त	अजायन्त	उत्पन्न हुए
मरुतः	मरुतः	मरुत
भ्राजत्ऽऋष्टयः	दीप्यमानायुधाः	प्रकाशमान शस्त्रों वाले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वमाद्योऽङ्गिरा ऋषिः(आसीः)देवानांमध्ये देवः (त्वमस्माकम्) मङ्गलमयः सखाऽभवः, मेधाविनो ज्ञानवत्कर्माणोदीप्यमानायुधा मरुतस्तव व्रतेऽजायन्त ॥१॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप आदि अङ्गिरा ऋषि (हुए हैं) देवताओं में देवता(आप हमारे) मंगलमय मित्र हुए हैं(और) मेधावी ज्ञान युक्त कर्मोंवाले दीप्यमान शस्त्रों वाले मरुत आप के नियम में उत्पन्न हुए हैं ॥ १ ॥

विनियोग—यह सूक्त प्रातरनुवाक के आग्नेय क्रतुमें पढ़ा जाता है (आ० श्रौ० ४।१३।७।) और अभिप्लव षडह के तीसरे दिन में और वाजपेय में आग्निमारुत शस्त्र में इस का पाठ है (आ०श्रौ० उ० १।७।२)॥

(१) अङ्गिरा ने सबसे पहिले अग्नि को मथन द्वारा उत्पादन करके मनुष्यों को इसका प्रयोग सिखाया, यह अग्नि के पिता होने से स्वयं अग्नि रूप थे॥

(२) मरुद्गण ज्ञान युक्त कर्म करने वाले हैं। कर्म तभी प्रभाव युक्त होता है जब ज्ञान पूर्वक किया जाय, इस लिये सब कर्म ज्ञान पूर्वक करने चाहियें।

यह मरुद्गण अग्नि के नियम में उत्पन्न हुए हैं। वह नियम यह है कि पृथिवी के जिस स्थल पर सूर्य रूपी अग्नि की किरणें सीधी पड़ती हैं, वह उनसे तप्त होकर उस वायु को जो उस से स्पर्श करती है तपाकर हलका कर देता है। हलकी होने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से वायु ऊपर उठती है और उस की जगह पास के देशों से जहां सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं वा जो किसी और कारण से ठंडे हैं वायु वेग से बहकर आता है। यही वेगयुक्त पवन मरुद्गण हैं। स्थल की अपेक्षा समुद्र का जल कम तप्त होने से समुद्र की ओर से आने वाले मरुत बादलों को भी लाते हैं (देखो पृ० ३८९)। इनके दीप्यमान आयुध बिजली की दमक के रूप में तभी दीख पड़ते हैं॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः १२। १२। १२। १२।

त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरस्तमः कवि-
र्देवानां परि भूषसि व्रतम्। विभुर्विश्व-
स्मै भुवनाय मेधिरो द्विमाता शयुः
कतिधा चिदायवे॥ २॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रथमः	प्रथमः	प्रथम
अङ्गिरःऽतमः	अङ्गिरश्श्रेष्ठः	अङ्गिराओं में श्रेष्ठ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१ कविः	कविः	ऋषि
देवानाम्	देवानाम्	देवताओं के
परि	परि +	–
भूषसि	परि + भूषसि शोभयसि (आ०को)	शोभायमान करते हो
१ व्रतम्	व्रतम्	नियम को
२ विऽभुः	व्यापकः	व्यापक
विश्वस्मै	सर्वस्मै	सब के लिये
भुवनाय	लोकाय	लोक के लिये
मेधिरः	मेधावी	बुद्धिमान
३ द्विऽमाता	द्वे मातरौ यस्य	दो माताओं वाला
शयुः	शयानः	शयनकरनेवाला
कतिधा	कतिधा + चित् कतिभिःप्रकारैः	कितने ही प्रकारों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चित्	+चित्	—
आयवे	मनुष्याय (निघ० २।३)	मनुष्य के लिये

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वं प्रथमोऽङ्गिरःश्रेष्ठः कविर्देवानां व्रतं शोभयसि सर्वस्मै लोकाय व्यापको मेधावी द्विमाता (त्वम्)मनुष्याय कतिभिः प्रकारैः शयानः(तिष्ठसि)।२।

भाषार्थः ।

हे अग्नि प्रथम, अङ्गिराओं में श्रेष्ठ (और) ऋषि आप देवताओं के नियम को शोभायमान करते हैं (और) सब लोक के लिये व्यापक, दो माताओं वाले, बुद्धिमान (आप) मनुष्य के लिये कई प्रकार से शयन करने वाले (हैं) ॥ २ ॥

(१) जो देवताओं के नियमों को जानकर उनका आदर करता है वह ऋषि तुल्य है अग्नि यद्यपि स्वयं देवता हैं परन्तु देवताओं के नियमों को आदर करके शोभायमान करते हैं। इस लिये उन के ऋषि होने में क्या सन्देह है ॥

(२) अग्नि के सर्व व्यापक होने से ही सब लोकों की स्थिति है। इस पृथिवी पर भी उसी समय तक जीवों के उत्पन्न होने की सम्भावना है; जबतक इस को सूर्य से किरण रूप में विपुल अग्नि मिलती है और इस के गर्भ की अग्नि जिस का आविर्भाव ज्वाला मुखियों द्वारा होता है, शान्त नहीं होती ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) मनुष्य के उपकार के लिये दो माताओं वाले (अर्थात् अग्निरूप से पृथिवीके गर्भ में रहने वाले और सूर्य्य रूप से द्युलोक के गर्भ में रहने वाले) अग्नि ही इस जगत में अनेक रूप से शयन कर रहे हैं, ब्रह्माण्ड में सारी विभूति अग्निकी ही है ॥

अग्निर्देवता जगती छन्दः १२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने प्रथमो मातरिश्वन आविर्भव सुक्रतूया विवस्वते । अरेजेतां रोदसी होतृवूर्येऽसघ्नोर्भारमयजो महो वसो ॥ ३ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रथमः	प्रथमः	आदि
१ मातरिश्वने	मातरिश्वने (मातर्याकाशेश्वसितीति)	मातरिश्वा के लिये
२ आविः	प्रकटः	प्रकट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२ भव	अभवः (लङर्थेलोट्)	हुआ
सुक्रतुऽया	शोभनकर्मेच्छया	सुन्दर कर्म की इच्छा से
३ विवस्वते	मनुष्याय (निघं०२।३	मनुष्य के लिये
४ अरेजेताम्	कम्पितवत्यौ (नि०३।२१)	कांपती थीं
५ रोदसी०	द्यावापृथिव्यौ	आकाश और पृथिवी
६ होतृऽवूर्ये	होतरि व्रियमाणे	होता के वरे जाने पर
६ असघ्नोः	ऊढवान् (आ०को०)	उठाया
६ भारम्	भारम्	भार को
७ अयजः	इष्टवान्	पूजा की
७ महः	पूज्यान्	पूजने योग्यों को
वसो०	हे निवास हेतो	हे निवास के हेतु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने प्रथमस्त्वं शोभनकर्मेच्छया मनुष्यार्थं मातरिश्वने प्रकटोऽभवः होतरि व्रियमाणे द्यावापृथिव्यो कम्पितवत्यौ हे निवासहेतो त्वं भारमूढवान् पूज्यान् (देवांश्च) इष्टवान् ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आदि में होने वाले आप सुन्दर कर्म की इच्छा से मनुष्य के लिये मातरिश्वा को प्रकट हुए। होता के वरे जाने पर द्युलोक और पृथिवी कांपती थीं, हे निवास के हेतु आप ने भार को उठाया (और) पूजने योग्य (देवताओं) की पूजा की ॥ ३ ॥

(१) ऋ० १।१४३।२ में लिखा है कि अग्नि जन्मते ही परम व्योम में मातरिश्वा को प्रगट हुए, इससे मातरिश्वा इस प्रसिद्ध वायु का नाम नहीं होसकता, क्योंकि यह तो पृथिवी के समीप अन्तरिक्ष में है, परम व्योम में नहीं। परम व्योम में एक अन्य प्रज्वलित वायु (gas) है, जिस के सहस्रों पुञ्ज देखे गए हैं, और जिनके चित्र भी उतारे गए हैं, इन्हीं के प्रथम प्रसारण और फिर आकुञ्चनसे आकाश गंगाएं (milky ways) नक्षत्रों के गुच्छे (star clusters) दो तीन वा अधिक जुड़ेहुए युक्ततारे (double, triple or multiple stars) और विभिन्न तारे जो एक २ सौर ब्रह्मांड हैं बनते हैं ॥

(२) सृष्टि रचना में सब से पहले अग्निका प्रादुर्भाव इन्हीं में देखा जाता है, इसलिये यही मातरिश्वा होसकते हैं ।

(३) हमारे ब्रह्मांडकी सृष्टि भी एक ग्रहकी आकृति वाले छोटे से मातरिश्वा (planetary nebula) से हुई है इसी सुन्दर कर्म के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लिए अग्नि मातरिश्वा को प्रकट हुए कि सूर्य्य और पृथिव्यादि लोक बन कर मनुष्य की उत्पत्ति सम्भव हो॥

(५) सौर ब्रह्माण्ड की रचना देवताओं का एक छोटासा समष्टि यज्ञ है इस यज्ञ में जब पृथिवी को सूर्य से अलग करके वेदि बनाया गया, और अन्तरिक्ष में धातु रस और जलों के सप्त मेघ हवि रूप बनकर तय्यार होगए, तब अग्नि होता वरे गए॥

इस समय पृथिवी पिघली हुई धातु की न्याईं द्रव अवस्था में थी, ऊपर किंचित स्थूल पपड़ी बनती थी और फिर अग्नि समुद्र में डूबजाती थी, स्थूल पृथिवी को ठहरने के लिये कोई सहारा न था, इसीलिये वह कांपती थी, अन्तरिक्ष में भी ऐसी हल चल थी, जैसे सूर्य के समीपस्थ अन्तरिक्ष में इस समय भी है, इस लिये आकाश भी कांपता था॥

(६) अन्त में जब पृथिवी बहुत ठंडी होकर ऊपर से अधिक स्थूल होगई। तो इसकी मोटी पपडी और पर्वत(जो पपडी के सुकड़ने से उत्पन्न हुए थे) इन सब का भार पृथिवी के भीतर रहने वाले अग्नि समुद्र ने सहार लिया। तब धातु रस और जलों के मेघ बरसकर जल और स्थल के बिभाग बने॥

(७) और होता अग्निने देवताओं का जो अबभिन्न २ रूप से स्थिर होगए थे पूजन करके यज्ञ को समाप्त किया॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः।१२।१२।१२।१२।

त्वमग्ने मनवे द्यामवाशयः पुरूरवसे सुकृते सुकृत्तरः। श्वात्रेण यत्पि

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्यामुच्चयस्सेपर्या त्वापूर्वमनयन्नाप-

रंपुनः ॥ ४ ॥

त्वम्	त्वम्	तू ने
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ मनवे	मनवे	मनु के लिये
१ द्याम्	द्युलोकम्	द्युलोक को
३ अवाशयः	शब्दितवानसि (वाश शब्दे)	गर्जाया है
२ पुरूरवसे	पुरुरवसे	पुरुरव राजा के लिये
सुकृते	शोभनकर्मणे	सुन्दर कर्म वाले के लिये
सुकृत्तरः	अतिशयेन शोभन कर्मा	अति सुन्दर कर्म करने वाला
श्वात्रेण	क्षिप्रतरेण (निघं ४।२)	अति शीघ्रता से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्	यदा	जब
पित्रोः	मातापितृभ्याम् (पञ्चम्यर्थे षष्ठी)	माता पिता से
मुच्यसे	परि + मुच्यसे मुक्ता भवसि	छूटते हो
परि	परि+	--
आ	आ+	--
त्वा	त्वाम्	तुझ को
४ पूर्वम्	पूर्वम्	पूर्व की ओर
अनयन्	आ + अनयन्, आनयन्ति (लडर्थेलङ्)	लाते हैं
आ	आ (नयन्ति)	लाते हैं
अपरम्	पश्चिमम्	पश्चिम को
पुनः०	पुनः	फिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अग्नेऽतिशयेन शोभनकर्मा त्वं मनवे शोभनकर्मणे पुरूरवसे (च) दिवं शब्दितवानसि यदा मातापितृभ्यां क्षिप्रतरेण परिमुक्तो भवसि (तदानीम्) त्वां पूर्वमानयन्ति पुनः पश्चिममा(नयन्ति)॥ ४॥

भाषार्थः ।

हेअग्नि अति सुन्दरकर्माआपनेमनुके लिये(और) सुन्दर कर्म वाले पुरूरव राजाके लिये आकाश को गर्जाया है जब आप अति शीघ्रता से माता पिता से छूटते हैं (तब) आप को पूर्व की ओर लाते हैं फिर पश्चिम की ओर लाते हैं ॥ ४ ॥

(१) मनु आर्यजातिके प्रथम पुरुषाओंमें एक श्रद्धावान और देव भक्त पुरुष थे (देखो श०ब्रा०१।१।४।१५) यह यज्ञ के प्रथम कर्ताओं में गिने जाते हैं। और इतने प्राचीन हैं कि इधर इनकी पीढ़ी हमारे साथ मिलती है और उधर देवताओंके साथ (देखोऋ०१। १३९।९)॥

(२) पुरूरवा को कथा का ऋ०१०।९५ में और श०ब्रा०११।५।१ में वर्णन है। इन्होंने अश्वत्थ की अधरारणि और शमी की उत्तरारणि से अग्निको मथन करके स्थापन किया था। और इस अग्नि में यज्ञ करने से उन को गन्धर्वयोनि प्राप्त हुई थी (श० ब्रा० ११।५।१।१७)॥

(३) द्युलोक को गर्जाने से यह आशय है कि जैसे आकाश के गर्जन से वर्षा होती है। वैसे ही उन के लिये सब कामनाओं को बरसाया॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(४) अरणि से मथने पर जब अग्नि प्रकट होती थी तब उसको प्रथम पूर्ववर्ती आहवनीय खरमें स्थापन किया जाता था, और फिर पश्चिमवर्ती गार्हपत्य खरमें। आजकल पहले गार्हपत्य में स्थापन करके उस से उद्धृत अग्नि को आहवनीय खरमें स्थापन करते हैं॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने वृषभः पुष्टिवर्धन उद्यत-
स्रुचे भवसि श्रवाय्यः । य आहुतिं प-
रि वेदा वषट्कृतिमेकायुरग्रे विश आ-
विवाससि ॥ ५ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
वृषभः	वृषभः	नर
पुष्टिऽवर्धनः	पुष्टेर्वर्धकः	पुष्टि के बढ़ाने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१ उद्यतऽस्रुचे	उद्यतया स्रुचा युक्ताय	स्रुक् हाथ में लिये हुएके लिए
भवसि	भवसि	है
श्रवाय्यः	श्रवणीयः	सुनने योग्य
यः	यः	जो
आऽहुतिम्	आहुतिम्	आहुति को
परि	परि +	--
वेद	परि + वेद परितो जानाति	अच्छी प्रकार जानता ह
२ वषट्ऽकृतिम्	वषट्कारयुक्ताम्	वषट्कार सहित को
एकऽआयुः	प्रधानपुरुषः (आयुरिति मनुष्य नाम निघं० २।३)	प्रधान पुरुष
अग्रे	प्रथमम्	पहले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विप्रः	(आर्य्य) जनान् (ऋ १।७७।३)	(आर्य्य) लोगों को
ऽऽविवासि	सर्वतःप्रकाशयसि	सब ओर से प्रकाशित करता है

संस्कृतार्थः।

हेअग्ने वृषभः पुष्टिवर्धकस्त्वमुद्यतस्रुचे श्रवणीयो भवसि यो वषट्कारयुक्तामाहुतिं परितो जानाति (सः) प्रधानपुरुषस्त्वं (आर्य) जनान् प्रथमं सर्वतः प्रकाशयसि ॥ ५॥

भाषार्थः।

हेअग्नि पुष्टि के बढ़ाने वाले नर आप स्रुक् हाथ में लिये हुए (भक्त) के लिये सुनने के योग्य होते हैं, जो वषट्कार सहित आहुति को अच्छी प्रकार जानते हैं ऐसे प्रधानपुरुष आप (आर्य) लोगों को पहले सब ओर से प्रकाशित करते हैं ॥ ५॥

(१) जो स्रुक् हाथ में उठाकर अग्निमें हवि डालता है अग्निदेव उसी की सुनाई करते हैं, वही उनको प्रिय है॥

(२) वषट्कार * युक्त आहुति को अच्छी प्रकार जानने वाले अग्नि देव ही हैं। क्योंकि वही देवताओं को जानते हैं और उन को आहुति पहुंचाते हैं। ऐसे अग्निदेव सब से पहले अपने उपासक आर्य लोगों को विद्यादि से प्रकाशित करते हैं। अन्य जातियां उन से शिक्षा पाकर पीछे प्रकाशित हुई हैं॥

* वषट्कार के अर्थ के लिये देखो पृष्ठ ३०७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता जगतीछन्दः॥१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने वृजिनवर्तनिं नरं सक्मन्पिपर्षि विदथे विचर्षणे। यः शूरसाता परितक्म्ये धने दभ्रेभिश्चित्समृता हंसि भूयसः॥६॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ वृजिनऽ-वर्तनिम्	कुटिलमार्गिणम्	कुटिलमार्ग में जाने वाले को
नरम्	नरम्	पुरुष को
सक्मन्	समवेते (षच् समवाये)	गूढ सम्बन्ध होने पर
१ पिपर्षि	पालयसि	पालता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वि॒दथे॑	यज्ञे (निघं०३। १७)	यज्ञ में
वि॒ऽच॒र्ष॒णे॒	हे विशेषद्रष्टः	हे विशेष देखने वाले
यः	यः	जो
२ शूर॑ऽसाता	शूरैःसंभजनीये	शूरों से सेवने योग्य में
२ परि॑ऽतक्म्ये	परितःप्राप्तव्ये (तकतिर्गतिकर्मा निघं० ३।१४)	चारों ओर प्राप्त होने योग्य में
२ धने॑	धने	धन में
२ द॒भ्रेभि॑ः	अल्पैः (निघं३।२)	थोडों से
चि॒त्	अपि	भी
सम॑ऽऋता	सङ्गते (सप्तम्याडादेशः)	अवसर होने पर
हंसि॑	घातयसि (अन्तर्भावितण्यर्थः)	मरवाता है
भूयसः	बहून्	बहुतों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः।

हे अग्ने त्वमाद्योऽङ्गिरा ऋषिः(आसीः)देवानांमध्ये देवः (त्वमस्माकम्) मङ्गलमयः सखाऽभवः, मेधाविनो ज्ञानवत्कर्माणोदीप्यमानायुधा मरुतस्तव व्रतेऽजायन्त ॥१॥

भाषार्थः।

हे अग्नि आप आदि अङ्गिरा ऋषि (हुए हैं) देवाताओं में देवता(आप हमारे) मंगलमय मित्र हुए हैं(और) मेधावी ज्ञान युक्त कर्मोंवाले दीप्यमान शस्त्रों वाले मरुत आप के नियम में उत्पन्न हुए हैं ॥ १ ॥

विनियोग—यह सूक्त प्रातरनुवाक के आग्नेय क्रतुमें पढ़ा जाता है (आ० श्रौ० ४ । १३ । ७ ।) और अभिप्लव षडह के तीसरे दिन में और वाजपेय में आग्निमारुत शस्त्र में इस का पाठ है (आ०श्रौ० उ० १ । ७ । २) ॥

(१) अङ्गिरा ने सबसे पहिले अग्नि को मथन द्वारा उत्पादन करके मनुष्यों को इसका प्रयोग सिखाया, यह अग्नि के पिता होने से स्वयं अग्नि रूप थे॥

(२) मरुद्गण ज्ञान युक्त कर्म करने वाले हैं। कर्म तभी प्रभाव युक्त होता है जब ज्ञान पूर्वक किया जाय, इस लिये सब कर्म ज्ञान पूर्वक करने चाहियें।

यह मरुद्गण अग्नि के नियम में उत्पन्न हुए हैं। वह नियम यह है कि पृथिवी के जिस स्थल पर सूर्य रूपी अग्नि की किरणें सीधी पड़ती है, वह उनसे तप्त होकर उस वायु को जो उस से स्पर्श करती है तपाकर हलका कर देता है। हलकी होने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से वायु ऊपर उठती है और उस की जगह पास के देशों से जहां सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं वा जो किसी और कारण से ठंडे हैं वायु वेग से बहकर आता है। यही वेगयुक्त पवन मरुद्गण हैं। स्थल की अपेक्षा समुद्र का जल कम तप्त होने से समुद्र की ओर से आने वाले मरुत बादलों को भी लाते हैं (देखो पृ० ३८९)। इनके दीप्यमान आयुध बिजली की दमक के रूप में तभी दीख पड़ते हैं॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः १२। १२। १२। १२।

त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरस्तमः कविर्देवानां परिभूषसि व्रतम्। विभुर्विश्वस्मै भुवनाय मेधिरो द्विमाता शयुः कतिधा चिदायवे॥ २॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रथमः	प्रथमः	प्रथम
अङ्गिरःऽतमः	अङ्गिरश्श्रेष्ठः	अङ्गिराओं में श्रेष्ठ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१ कविः	कविः	ऋषि
देवानाम्	देवानाम्	देवताओं के
परि	परि +	–
भूषसि	परि + भूषसि शोभयसि (आ०को)	शोभायमान करते हो
१ व्रतम्	व्रतम्	नियम को
२ विऽभुः	व्यापकः	व्यापक
विश्वस्मै	सर्वस्मै	सब के लिये
भुवनाय	लोकाय	लोक के लिये
मेधिरः	मेधावी	बुद्धिमान
३ द्विऽमाता	द्वे मातरौ यस्य	दो माताओं वाला
शयुः	शयानः	शयनकरनेवाला
कतिधा	कतिधा + चित् कतिभिःप्रकारैः	कितने ही प्रकारों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चित् आयवे	+ चित् मनुष्याय (निघं० २।३)	– मनुष्य के लिये

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वं प्रथमोऽङ्गिरश्श्रेष्ठः कविर्देवानां व्रतं शोभयसि सर्वस्मै लोकाय व्यापको मेधावी द्विमाता (त्वम्)मनुष्याय कतिभिः प्रकारैः शयानः(तिष्ठसि)।२।

भाषार्थः ।

हे अग्नि प्रथम, अङ्गिराओं में श्रेष्ठ (और) ऋषि आप देवताओं के नियम को शोभायमान करते हैं (और)सब लोक के लिये व्यापक, दो माताओं वाले, बुद्धिमान (आप) मनुष्य के लिये कई प्रकार से शयन करने वाले (हैं) ॥ २ ॥

(१) जो देवताओं के नियमों को जानकर उनका आदर करता है वह ऋषि तुल्य है अग्नि यद्यपि स्वयं देवता हैं परन्तु देवताओं के नियमों को आदर करके शोभायमान करते हैं। इस लिये उन के ऋषि होने में क्या सन्देह है ॥

(२) अग्निके सर्व-व्यापक होने से ही सब लोकों की स्थिति है। इस पृथिवी पर भी उसी समय तक जीवों के उत्पन्न होने की सम्भावना है; जबतक इस को सूर्य से किरण रूप में विपुल अग्नि मिलती है और इस के गर्भ की अग्नि जिस का आविर्भाव ज्वाला मुखियों द्वारा होता है, शान्त नहीं होती ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) मनुष्य के उपकार के लिये दो माताओं वाले (अर्थात् अग्निरूप से पृथिवीके गर्भ में रहने वाले और सूर्य्य रूप से द्युलोक के गर्भ में रहने वाले) अग्नि ही इस जगत में अनेक रूप से शयन कर रहे हैं, ब्रह्माण्ड में सारी विभूति अग्निकी ही है ॥

अग्निर्देवता जगती छन्दः १२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने प्रथमो मातरिश्वन आविर्भव सुक्रतूया विवस्वते । अरेजेतां रोदसी होतृवूर्येऽसघ्नोर्भारमयजो महो वसो ॥ ३ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रथमः	प्रथमः	आदि
१ मातरिश्वने	मातरिश्वने (मातर्याकाशेश्वसितीति)	मातरिश्वा के लिये
२ आविः	प्रकटः	प्रकट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२ भव	अभव: (लङर्थेलोट्)	हुआ
सुक्रतुऽया	शोभनकर्मेच्छया	सुन्दर कर्म की इच्छा स
३ विवस्वते	मनुष्याय (निघं०२।३	मनुष्य के लिये
५ अरेजेताम्	कम्पितवत्यौ (नि०३।२१)	कांपती थीं
५ रोदसी०	द्यावापृथिव्यौ	आकाश और पृथिवी
८ होतृऽवूर्ये	होतरि व्रियमाणे	होता के वरे जाने पर
६ असहनोः	ऊढवान् (आ०को०)	उठाया
६ भारम्	भारम्	भार को
७ अयजः	इष्टवान्	पूजा की
७ महः	पूज्यान्	पूजने योग्यों को
वसो०	हे निवास हेतो	हे निवास के हेतु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने प्रथमस्त्वं शोभनकर्मेच्छया मनुष्यार्थं मातरिश्वने प्रकटोऽभवः होतरि व्रियमाण द्यावापृथिव्यौ कम्पितवत्यौ हे निवासहेतो त्वं भारमूढवान् पूज्यान् (देवांश्च) इष्टवान् ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आदि में होने वाले आप सुन्दर कर्म की इच्छा से मनुष्य के लिये मातरिश्वा को प्रकट हुए। होता के वरे जाने पर द्युलोक और पृथिवी कांपती थीं, हे निवास के हेतु आप ने भार को उठाया (और) पूजने योग्य (देवताओं) की पूजाकी ॥ ३ ॥

(१) ऋ० १।१४३।२में लिखाहैकि अग्नि जन्मते ही परम व्योम में मातरिश्वा को प्रगट हुए, इससे मातरिश्वा इस प्रसिद्ध वायु का नाम नहीं होसकता, क्योंकि यह तो पृथिवो के समीप अन्तरिक्ष में है, परम व्योम में नहीं। परम व्योम में एक अन्य प्रज्वलित वायु (gas) है, जिस के सहस्रों पुञ्ज देखे गए हैं, और जिनके चित्र भी उतारे गए हैं, इन्हीं के प्रथम प्रसारण और फिर आकुञ्चनसे आकाश गंगाएं (milky ways) नक्षत्रों के गुच्छे (star clusters) दो तीन वा अधिक जुड़ेहुए युक्ततारे (double, triple or multiple stars) और विभिन्न तारे जो एक २ सौर ब्रह्मांड हैं बनते हैं ॥

(२) सृष्टि रचना में सब से पहले अग्निका प्रादुर्भाव इन्हीं में देखा जाता है, इसलिये यही मातरिश्वा होसकते हैं ।

(३) हमारे ब्रह्मांडकी सृष्टि भी एक ग्रहकी आकृति वाले छोटे से मातरिश्वा (planetary nebula) से हुई है इसी सुन्दर कर्म के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लिए अग्नि मातरिश्वा को प्रकट हुए कि सूर्य्य और पृथिव्यादि लोक बन कर मनुष्य की उत्पत्ति सम्भव हो॥

(४) सौर ब्रह्माण्ड की रचना देवताओं का एक छोटासा समष्टि यज्ञ है इस यज्ञ में जब पृथिवी को सूर्य से अलग करके वेदि बनाया गया, और अन्तरिक्ष में धातु रस और जलों के तप्त मेघ हवि रूप बनकर तय्यार होगए, तब अग्नि होता वरे गए॥

इस समय पृथिवी पिघली हुई धातु की न्याई द्रव अवस्था में थी, ऊपर किंचित स्थूल पपड़ी बनती थी और फिर अग्नि समुद्र में डूबजाती थी, स्थूल पृथिवी को ठहरने के लिये कोई सहारा न था, इसीलिये वह कांपती थी, अन्तरिक्ष में भी ऐसी हल चल थी, जैसे सूर्य के समीपस्थ अन्तरिक्ष में इस समय भी है, इस लिये आकाश भी कांपता था॥

(६) अन्त में जब पृथिवी बहुत ठंडी होकर ऊपर से अधिक स्थूल होगई। तो इसकी मोटी पपडी और पर्वत(जो पपडी के सुकड़ने से उत्पन्न हुए थे) इन सब का भार पृथिवी के भीतर रहने वाले अग्नि समुद्र ने सहार लिया। तब धातु रस ओर जलों के मेघ बरसकर जल और स्थल के विभाग बने॥

(७) और होता अग्निने देवताओं का जो अवभिन्न २ रूप से स्थिर होगए थे पूजन करके यज्ञ को समाप्त किया॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः।१२।१२।१२।१२।

त्वमग्ने मनवे द्यामवाशयः पुरूरवसे सुकृते सुकृत्तरः। श्वात्रेण यत्पि

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्योर्मुच्चयसेपर्या त्वापूर्वमनयन्नाप-

रंपुनः ॥ ४ ॥

त्वम्	त्वम्	तू ने
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ मनवे	मनवे	मनु के लिये
१ द्याम्	द्युलोकम्	द्युलोक को
३ अवाशयः	शब्दितवानसि (वाश् शब्दे)	गर्जाया है
२ पुरूरवसे	पुरुरवसे	पुरुरव राजा के लिये
सुऽकृते	शोभनकर्मणे	सुन्दर कर्म वाले के लिये
सुकृत्ऽतरः	अतिशयेन शोभन कर्मा	अति सुन्दर कर्म करने वाला
श्वात्रेण	क्षिप्रतरेण (निघं ४।२)	अति शीघ्रता से

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्	यदा	जब
पित्रोः	मातापितृभ्याम् (पञ्चम्यर्थे षष्ठी)	माता पिता से
मुच्यसे	परि + मुच्यसे मुक्ता भवसि	छूटते हो
परि	परि+	--
आ	आ+	--
त्वा	त्वाम्	तुझ को
४ पूर्वम्	पूर्वम्	पूर्व की ओर
अनयन्	आ + अनयन्, आनयन्ति (लडर्थेलङ)	लाते हैं
आ	आ (नयन्ति)	लाते हैं
अपरम्	पश्चिमम्	पश्चिम को
पुनः०	पुनः	फिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हे अग्नेऽतिशयेन शोभनकर्मा त्वं मनवे शोभन कर्मणे पुरूरवसे (च) दिवं शब्दितवानसि यदा मातापितृभ्यां क्षिप्रतरेण परिमुक्तो भवसि (तदानीम्) त्वां पूर्वमानयन्ति पुनः पश्चिममा(नयन्ति)॥ ४॥

भाषार्थः ।

हेअग्नि अति सुन्दरकर्माआपनेमनुके लिये(और) सुन्दर कर्म वाले पुरूरव राजाके लिये आकाश को गर्जाया है जब आप अति शीघ्रता से माता पिता से छूटते हैं (तब) आप को पूर्व की ओर लाते हैं फिर पश्चिम की ओर लाते हैं ॥ ४ ॥

(१) मनु आर्यजातिके प्रथम पुरुषाओंमें एक श्रद्धावान और देव भक्त पुरुष थे (देखो श०ब्रा०१।१।४।१५) यह यज्ञ के प्रथम कर्ताओं में गिने जाते हैं। और इतने प्राचीन हैं कि इधर इनकी पीढ़ी हमारे साथ मिलती है और उधर देवताओंके साथ (देखोऋ०१। १३९।९)॥

(२) पुरूरवा को कथा का ऋ०१०।९५ में और श०ब्रा०११। ५।१ में वर्णन है। इन्होंने अश्वत्थ की अधरारणि और उसी की उत्तरारणि से अग्निको मथन करके स्थापन किया था। और इस अग्नि में यज्ञ करने से उन को गन्धर्वयोनि प्राप्त हुई थी (श० ब्रा० ११।५।१।१७)॥

(३) द्युलोक को गर्जाने से यह आशय है कि जैसे आकाश के गर्जन से वर्षा होती है। वैसे ही उन के लिये सब कामनाओं को बरसाया।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(४) अरणि से मथने पर जब अग्नि प्रकट होती थी तब उसको प्रथम पूर्ववर्ती आहवनीय खरमें स्थापन किया जाता था, और फिर पश्चिमवर्ती गार्हपत्य खरमें। आजकल पहले गार्हपत्य में स्थापन करके उस से उद्धृत अग्नि को आहवनीय खरमें स्थापन करते हैं॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने वृषभः पुष्टिवर्धन उद्यतस्रुचे भवसि श्रवाय्यः । य आहुतिं परि वेदा वषट्कृति मेकायुरग्रे विश आविवाससि ॥ ५ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
वृषभः	वृषभः	नर
पुष्टिऽवर्धनः	पुष्टेर्वर्धकः	पुष्टि के बढ़ाने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१उद्यतऽस्रुचे	उद्यतया स्रुचा युक्ताय	स्रुक् हाथ में लिये हुएके लिए
भवसि	भवसि	है
श्रवाय्यः	श्रवणीयः	सुनने योग्य
यः	यः	जो
आऽहुतिम्	आहुतिम्	आहुति को
परि	परि +	--
वेद	परि + वेद परितो जानाति	अच्छी प्रकार जानता ह
२वषट्ऽकृतिम्	वषट्कारयुक्ताम्	वषट्कार सहित को
एकऽआयुः	प्रधानपुरुषः (आयुरिति मनुष्य नाम निघं० २।३)	प्रधान पुरुष
अग्रे	प्रथमम्	पहले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विश्वः	(आर्य्य) जनान् (ऋ १।७।३)	(आर्य्य) लोगों को
आऽविवासिस	सर्वतःप्रकाशयसि	सब ओर से प्रकाशित करता है

संस्कृतार्थः।

हेअग्ने वृषभः पुष्टेर्वर्धकस्त्वमुद्यतस्रुचे श्रवणीयो भवसि यो वषट्कारयुक्तामाहुतिं परितो जानाति (सः) प्रधानपुरुषस्त्वं (आर्य) जनान् प्रथमं सर्वतः प्रकाशयसि ॥ ५ ॥

भाषार्थः।

हेअग्नि पुष्टि के बढ़ाने वाले नर आप स्रुक् हाथ में लिये हुए (भक्त) के लिये सुनने के योग्य होते हैं, जो वषट्कार सहित आहुति को अच्छी प्रकार जानते हैं ऐसे प्रधानपुरुष आप (आर्य) लोगों को पहले सब ओर से प्रकाशित करते हैं ॥ ५ ॥

(१) जो स्रुक् हाथ में उठाकर अग्निमें हवि डालता है अग्निदेव उसी की सुनाई करते हैं, वही उनको प्रिय है ॥

(२) वषट्कार * युक्त आहुति को अच्छी प्रकार जानने वाले अग्नि देव ही हैं। क्योंकि वही देवताओं को जानते हैं और उन को आहुति पहुंचाते हैं। ऐसे अग्निदेव सब से पहले अपने उपासक आर्य लोगों को विद्यादि से प्रकाशित करते हैं। अन्य जातियां उन से शिक्षा पा कर पीछे प्रकाशित हुई हैं ॥

---

* वषट्कार के अर्थ के लिये देखो पृष्ठ ३०७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अग्निर्देवता जगतीछन्दः॥१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने वृजिनवर्तनिं नरं सक्मन्पिपर्षि विदथे विचर्षणे । यः शूरसाता परितक्म्ये धने दभ्रेभिश्चित्समृता हंसि भूयसः ॥६॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ वृजिनऽ-वर्तनिम्	कुटिलमार्गिणम्	कुटिलमार्ग में जाने वाले को
नरम्	नरम्	पुरुष को
सक्मन्	समवेते (षच् समवाये)	गूढ़ सम्बन्ध होने पर
१ पिपर्षि	पालयसि	पालता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वि॒दथे॑	यज्ञे (निघं०३। १७)	यज्ञ में
वि॒ऽच॒र्ष॒णे॒	हे विशेषद्रष्टः	हे विशेष देखने वाले
यः	यः	जो
२ शू॒र॑ऽसाता	शूरैःसंभजनीये	शूरों से सेवने योग्य में
२ परि॑ऽतक्म्ये	परितःप्राप्तव्ये (तकतिर्गतिकर्मा निघं० ३।१४)	चारों ओर प्राप्त होने योग्य में
२ धने॑	धने	धन में
२ द॒भ्रेभिः॑	अल्पैः (निघं३।२)	थोडों से
चि॒त्	अपि	भी
सम्ऽऋ॑ता	सङ्गते (सप्तम्याडादेशः)	अवसर होने पर
हं॑सि	घातयसि (अन्तर्भावितण्यर्थः)	मरवाता है
भूयसः	बहून्	बहुतों को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संस्कृतार्थः ।

हेविशेषद्रष्टरग्ने त्वं कुटिलमार्गिणं नरम् (अपि) समवेते (सति) यज्ञे पालयसि यस्त्वं शूरैस्सम्भजनीये परितः प्राप्तव्ये धने संगते (सति) अल्पैरपि बहून् घातयसि ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

हेविशेष देखने वाले अग्नि आप कुटिल मार्ग गामी पुरुषको (भी) गूढ़ सम्बन्ध होने पर यज्ञ में पालन करते हो जो आप शूरों से सेवने योग्य सब ओर से प्राप्त होने वाले धनके अवसर पर थोडों से भी बहुतों को मरवाते हो ॥ ६ ॥

(१) कुटिल मार्ग पर चलने वाला मनुष्य नाशको प्राप्त होता है। परन्तु अग्नि के साथ गूढ़ सम्बन्ध करलेने से वह उसको यज्ञ में पालन करते हैं। अर्थात् उस को यज्ञ कर्म में प्रवृत्त करके उस की रक्षा करते हैं और वह नाश को नहीं प्राप्त होता॥

(२) जहां शूरवीरों से सेवने योग्य शत्रु के धनको लूटने का अवसर होता है, वहां पर अग्निदेव थोडों से भी बहुतों को मरवा डालते हैं। क्योंकि अग्निके उपासकों के मन बढे हुए होते हैं और वे शत्रु को तुच्छ समझ कर उन पर बिजली की न्याईं गिरते हैं। और थोडे भी बहुतों को मारकर विजय को प्राप्त करते हैं॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आग्नर्देवता जगतीछन्दः १२।१२।१२।१२॥

त्वंतमग्नेअमृतत्वउत्तमे मर्त्तंद-
धासिश्रवसेदिवेदिवे । यस्तातृषाण
उभयायजन्मने मयःकृणोषिप्रयआ-
चसूरये ॥७॥

त्वम्	त्वम्	तू
तम्	तम्	उसको
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
अमृतऽत्वे	मरणरहिते	मरण रहित में
उत्ऽतमे	उत्तमे	उत्तम में
मर्त्तम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
दधासि	धारयसि	धारण करता है
श्रवसे	यशोऽर्थम्	यश के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

दिवेऽदिवे	प्रतिदिनम्	प्रतिदिन
यः	यः	जो
२ ततृषाणः	अतिशयेन तृष्णा युक्तः	अति तृष्णा युक्त
१ उभयाय	उभयाय	दोनों के लिये
२ जन्मने	जातये	जाति के लिये
मयः	सुखम् (निघं० ३।६)	सुख को
कृणोषि	करोषि	तू करता है
प्रयः	अन्नम् (आ०का०)	अन्न को
आ	समन्तात्	पूर्ण रीति से
च	च	और
१ सूरये	स्तोत्रे (निघं० ३।१६)	स्तोता के लिये

संस्कृतार्थः ।

हेअग्ने त्वं तं मनुष्यं प्रतिदिनं यशोऽर्थं मरण

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहित उत्तमे (पदे) धारयसि, य उभयस्यै (देवमनुष्य-) जातये ऽतिशयेन तृष्णांयुक्तः (स त्वम्) स्तोत्रे सुखमन्नंच समन्तात् करोषि ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप उस मनुष्य को प्रति दिन यज्ञ के लिये मरण रहित उत्तम (पदवी) में स्थापन करते हैं, जो (देव और मनुष्य) दोनों जाति के लिये अति तृष्णा युक्त है (ऐसे आप) स्तोता को पूर्ण रूप से सुख और अन्न प्रदान करते हैं ॥ ७ ॥

(१) उस मनुष्य से तात्पर्य अग्नि के उपासक से है अग्नि उस को अमर बनाते हैं और, उस का यश प्रति दिन बढ़ता है ॥

(२) अग्निदेव देवजाति और मनुष्य जाति दोनों के लिये अत्यन्त तृष्णा युक्त हैं। इसी लिये वह देव और मनुष्यों के बीच में दूत का काम करते हैं। मनुष्य की दी हुई हवि को देवताओं को पहुंचाते हैं। और देवताओं के दिए हुए प्राण अन्न, धन, इत्यादि दान को मनुष्य तक पहुंचाते हैं ॥

(३) यह प्रार्थना ऋषि अपने लिये करते हैं ॥

अग्निर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११॥

त्वं नो॑ अग्ने स॒नये॑ धना॑नां य॒शसं॑

का॒रुं कृ॑णुहि॒ स्तवा॑नः। ऋ॒ध्याम॒ क-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मापसानवेन द्वैद्यावापृथिवीप्राव-
तंनः ॥ ८ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
नः	अस्मान्	हम को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
सनये	प्राप्तये	प्राप्ति के लिये
धनानाम्	धनानाम्	धनों की
यशसम्	यशस्विनम् (अर्श आदित्वादच्)	यशस्वी को
कारुम्	स्तोतारम् (निघं० ३।१६)	स्तुति करने वाले को
कृणुहि	कुरु	कर
स्तवानः	स्तूयमानः	स्तुतिकिया हुआ
ऋध्याम	वर्धयेम (अन्तर्भावितण्यर्थः)	बढ़ावें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर्म॑	कर्म	कर्म को
अ॒पसा॑	कर्मणा (निघं०२।१)	कर्म से
नवी॑न	नूतनेन	नवीन से
दे॒वैः	देवैस्सह	देवताओंकेसाथ
द्या॒वा॒ पृ॒थि॒वी॒	द्यावापृथिव्यौ (वचनव्यत्ययः)	आकाश और पृथिवी
प्र	प्र +	–
अ॒व॒त॒म्	प्र + अवतं प्रकर्षेण रक्षतम्	खूब रक्षा करें
नः॒	अस्मान्	हम को

संस्कृतार्थः ।

हेअग्ने स्तूयमानस्त्वमस्मान् धनानां प्राप्तये (योग्यान्कुरु) स्तोतारम् (च) यशस्विनं कुरु, वयं नूतनेन कर्मणा (यागादि) कर्म वर्धयेम, देवैस्सह द्यावापृथिव्यौ अस्मान्प्रकर्षेण रक्षतम् ॥ ८ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि स्तुति किये हुए आप हमको धन की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्राप्ति के लिये (योग्य बनावें) (और) स्तोता को यश वाला करें। हम नवीन कर्म से (यागादि) कर्म को बढावें। देवताओं के सहित द्यावापृथिवी हमारी खूब रक्षा करें ॥ ८ ॥

मंत्र के पहले पाद में सारी जाति के लिये प्रार्थना है। कि अग्नि देव हम सब को धन की प्राप्ति के लिये योग्य बनावें। और दूसरे पाद में ऋषि अपने लिये यश की प्रार्थना करते हैं। तीसरे पाद में यह प्रार्थना है कि हम नए कर्म से यज्ञादि को बढावें। नए कर्मों द्वारा बढ़ाने से ही हमारे लिये इतना बड़ा कर्मकाण्ड का भण्डार शतपथादि ब्राह्मणों में ऋषि छोड गए हैं जिस से हम इस लोक में चक्रवर्ती राज्य और पर लोक में देव पदवी तक पहुंच सकते हैं।

अग्निर्देवता निचृज्जगतीछन्दः ११।१२।१२।१२॥

त्वंनो॑ अग्ने पि॒त्रोरु॒पस्थ॒ आ दे॒वो दे॒वेष्व॑नवद्य जागृ॑विः। त॒नू॒कृद्बो॑धि॒ प्रम॑तिश्च का॒रवे॒ त्वंक॑ल्याण॒ वसु॒ वि॒श्वमोपि॑षे ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	तू
नः	अस्मान्	हम को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
२ पित्रोः	मातापित्रोः	माता पिता की
२ उपऽस्थे	अङ्के	गोद में
आ	(अवधारणार्थः)	--
देवः	देवः	देवता
देवेषु	देवेषु	देवताओं में
अनवद्य	हे दोषरहित	हे दोष रहित
जागृविः	जागरूकः	जागरणशील
१ तनूऽकृत्	शरीरकारी	शरीर के बनाने वाला
२ बोधि	बुध्यस्व	जानो
२ प्रऽमतिः	अनुग्रहकर्ता (ऋ० १।३१।१४)	अनुग्रह करने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

च	च	और
१ कारवे	स्तोत्रे	स्तोता के लिये
त्वम्	त्वम्	तू
कल्याण	हे मङ्गलरूप	हे मङ्गल रूप
४ वसु	धनम्	धन को
विश्वम्	सर्वम्	सब को
आ	आ +	--
४ ऊपिषे	आ + ऊपिषे अभित उप्तवानसि	चारों ओर बोया है

संस्कृतार्थः ।

हे दोषरहिताग्ने, देवेषु देवो जागरूकः शरीरकारी मातापित्रोरङ्के (वर्तमानः) त्वमस्मान् बुद्धयस्व स्तोत्रेऽनुग्रहकर्ता च (भव) हेमङ्गलरूप त्वम् (एव) सर्वं धनमभित उप्तवानसि ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

हे दोषरहित अग्नि, देवताओं में देवता, जागरणशील, शरीर के बनानेवाले, माता पिता की गोद में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विराजमान) आप हमको जानें, और स्तोता के लिये अनुग्रह करने वाले हों, हे मंगलरूप आप ने (ही) सब धन चारों ओर बोया है ॥ ९ ॥

(१) माताके गर्भाशय में अग्नि ही शरीर को बनाते हैं, पक्षी अंडों को अपनी देहको गरमी पहुंचाकर ही शरीर युक्त करते हैं। इस लिये अग्नि तनूकृत् हैं ॥

(२) सब देवताओं के, एवं अग्निके भी माता पिता द्यावा पृथिवी हैं। इन की गोदमें अग्निदेव सूर्य रश्मि रूप में सारे दिन खेलते हैं। ऐसे अग्निदेव हम को जानें। अग्निके साथ जान पहचान होने से ही हम को उनसे धनादिकके मिलनेकी आशा होसकतीहै ॥

(३) यह प्रार्थना ऋषि अपने लिये करते हैं ॥

(४) सब धन कल्याण रूप अग्नि ने ही बोया है ॥ इस पृथिवी की सारी विभूति का कारण सूर्य्य का किरणें, वा भूगर्भ में रहने वाली अग्नि है ॥

आग्नेर्देवता जगतीछन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि न स्त्वं वयस्कृत्तव जामयो वयम्। सं त्वा रायः शतिनः सं सहस्रिणः सुवीरं यन्ति व्रतपामदाभ्य ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
प्रऽमतिः	अनुग्रहकर्ता	अनुग्रह करने वाला
त्वम्	त्वम्	तू
पिता	पिता	पिता
असि	असि	है
नः	अस्माकम्	हमारा
त्वम्	त्वम्	तू
१ वयःऽकृत्	आयुःकर्ता	आयू का कर्ता
तव	तव	तेरे
२ जामयः	बन्धवः	बन्धु
वयम्	वयम्	हम
सम्	सम् (यन्ति) सम्यक्प्राप्नुवन्ति	सम्यक् प्राप्त होते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वा	त्वाम्	तुझ को
रायः	धनानि	धन
शतिनः	शतसंख्याकानि	सैकड़ों
सम्	सम् +	-
सहस्रिणः	सहस्रसंख्याकानि	सहस्रों
१ सुऽवीरम्	शोभनवीरोपेतम्	सुन्दर वीरों से युक्त को
यन्ति	सम् + यन्ति-सम्प्राप्नुवन्ति	सम्यक् प्राप्त होते हैं
व्रतऽपाम्	नियमपालकम्	नियम के पालने वाले को
अदाभ्य	हे अवञ्चनीय	हे न धोखा दिये जाने योग्य

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वमनुग्रहकर्ता (असि) त्वमस्माकं पिताऽसि त्वमायुःकर्ता (असि) वयं तव बन्धवः (स्मः) हे अवञ्चनीय शोभनवीरोपेतं नियमपालकं त्वां शतसंख्याकानि सहस्रसंख्याकानि (च) धनानि सम्प्राप्नुवन्ति ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

हे अग्नि आप अनुग्रह करने वाले (हैं) आप हमारे पिता हैं आप आयु के कर्ता (हैं) हम आप के बन्धु (हैं) हे न धोखा दिये जाने योग्य सुन्दर वीरों से युक्त (और) नियम के पालने वाले आप को सैंकडों और सहस्रों (धन) सम्यक् प्राप्त होते हैं ॥ १० ॥

(१) अग्नि आयु के करने वाले हैं। अग्नि से रहित लोक में आयु के होने की सम्भावना नहीं हैं ॥

(२) हिरण्य स्तूप ऋषि की न्याईं जो अङ्गिरा गोती हैं वे सभी अग्नि के बन्धु हैं। और अङ्गिरा ऋषि आर्यजाति के प्रथम पुरुषाओं में से हैं, इस लिये अग्निदेव के हम सभी बन्धु हैं ॥

(३) अग्नि जैसे धनसे युक्त हैं वैसे सुन्दर वीरों से भी युक्त हैं हमें धन के साथ उसकी रक्षा करने वाले वीरों को भी देते हैं ॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः १२।१२।१२।१२।

त्वामग्ने प्रथममायुमायवे देवा अ-
कृण्वन्नहुषस्य विश्पतिम्। इळा-
मकृण्वन्मनुषस्य शासनीं पितुर्यत्पु
त्रो ममकस्य जायते ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वाम्	त्वाम्	तुझ को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ःप्रथमम्	प्रथमम्	सब से पहला
१ आयुम्	मनुष्यम् (निघं० २।३)	मनुष्य को
आयवे	मनुष्याय	मनुष्य के लिये
देवाः	देवाः	देवताओं ने
अकृण्वन्	कृतवन्तः	किया है
१ नहुषस्य	मनुष्यस्य (निघं० २।३)	मनुष्य के
१ विश्पतिम्	पालकम् (आ०को०)	राजा को
२ इळाम्	इडाम्	इडा को
अकृण्वन्	कृतवन्तः	किया है
मनुषस्य	मनुष्यस्य	मनुष्य के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२ शासनीम्	शासनीम्	शिक्षा देने वाली को
२ पितुः	पितुः	पिता के
यत्	यदा	जब
२ पुत्रः	पुत्रः	पुत्र
ममकस्य	मदीयस्य (कुलस्य)	मेरे (कुल) के
२ जायते	अजायत (लङर्थेलट्)	उत्पन्न हुआ

संस्कृतार्थः ।

हेअग्ने त्वां देवा मनुष्य-(हिताय) प्रथमं मनुष्य-(रूपम्) मनुष्यस्य राजानं कृतवन्तः, यदा मदीयस्य (कुलस्य) पितुः पुत्रोऽजायत (तदा देवाः) मनुष्यस्य शासनीमिडां कृतवन्तः ॥११॥

भाषार्थः ।

हेअग्नि आप को देवताओं ने मनुष्य के हित के लिये प्रथम मनुष्य (रूपमें) मनुष्य का राजा बनाया जब मेरे (कुलके) पिता के हां पुत्र उत्पन्न हुआ (तब देवताओंने) मनुष्य को शिक्षा करने वाली इडा को बनाया ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) मनुष्य के प्रथम राजा (मनु!) भी अग्नि के परम भक्त होनेसे अग्निरूप थे मनु अंगिरा, दध्यङ् अथर्वा इत्यादि आर्य जाति के प्रथम पुरुषा ही अग्नि के प्रयोग और उपासना द्वारा मनुष्यों में सभ्यता फैलाने वाले थे। इनसे पहले जो मनुष्य थे वे असभ्य और पशु तुल्य थे॥

(२) जब प्रथम अंगिराने जो इस सूक्त के द्रष्टा हिरण्यस्तूप ऋषिके कुलके पिता थे, काष्ठ से मथन करके अग्नि रूप पुत्र को उत्पन्न किया॥

(४) तभी मनुष्य को शिक्षा करने वाली इडा अर्थात् देवताओं को स्तुतिरूप वाणी प्रगट हुई। यह वाणी (ऋच्, स्तुतौ) ऋचा रूप में ऋषियोंने देखी तभी से शिक्षित और सभ्य मनुष्य सृष्टि का आरम्भ हुआ॥

अग्निर्देवता जगती छन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वं नो॑ अग्ने तव॑ देव पा॒युभि॑र्म॒घोनो॑ रक्ष त॒न्व॑श्च वन्द्य। त्रा॒ता तो॒कस्य॒ तन॑ये॒ गवा॑म॒स्यनि॑मेषं॒ रक्ष॑माण॒स्तव॑ व्र॒ते ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वम्	त्वम्	तू
नः	अस्माकम्	हमारे
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
तव	तव	तेरे
देव	हे देव	देव
पायुऽभिः	पालनैः	रक्षाओं से
१ मघोनः	धनिनः	धनियों को
रक्ष	रक्ष	पालन करो
तन्वः	शरीराणि	शरीरों को
च	च	और
वन्द्य	हे वन्दनीय	हे स्तुति के योग्य
त्राता	रक्षकः	रक्षा करने वाला
तोकस्य	पुत्रस्य	पुत्र का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तनये	सन्तानस्य (षष्ठ्यर्थे सप्तमी)	सन्तान का
गवाम्	गवाम्	गौओं का
असि	भवसि	होते हो
अनिऽमेषम्	अनिमेषम्	बिना पलक झांपने के
रक्षमाणः	पालयन्	पालना करता हुआ
तव	तव	तेरे
व्रते	व्रते	नियम में

संस्कृतार्थः ।

हे वन्दनीयाग्ने हे देव त्वमस्माकं धनिनः शरीराणि च त्वदीयैः पालनैरक्ष, (त्वम्) अनिमेषं तव व्रते पालयन् (सन् अस्माकम्) पुत्रस्य सन्तानस्य गवाम् (च) रक्षको भवसि ॥ १२ ॥

भावार्थः ।

हे स्तुतिके योग्य अग्नि (देव) आप हमारे धनियों को और शरीरों को अपनी रक्षाओं से पालन करें आप बिना पलक झांपने के अपने नियम में पालन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करते हुए हमारे पुत्र, सन्तान और गौओं की रक्षा करते हैं ॥ १२ ॥

(१) अपनी जाति के धनियों की रक्षा के लिये सदा प्रार्थना करनी चाहिये, क्योंकि वे जाति के बल रूप हैं और आपत् काल में जाति को रक्षा करते हैं और जाति की रक्षा बिना स्वधर्म की रक्षा असम्भव है ॥

(२) अग्नि देव बिना पलक झांपे अपने नियम में रखकर हमारी और हमारे पुत्रों को, हमारी सन्तान और हमारी गौओं की रक्षा करते हैं। इसी लिये मह बचे हुए हैं। नहीं तो अन्य पुरानी जातियों की तरह अब तक कभी के नष्ट होजाते ॥

अग्निर्देवता जगती छन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने यज्यवे पायुरन्तरोऽनिषङ्गाय चतुरक्ष इध्यसे। यो रातहव्योऽवृकाय धायसे कीरेश्चिन्मन्त्रं मनसा वनोषि तम् ॥ १३ ॥

त्वम्	त्वम्	त
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यज्यवे	यजनशीलाय	पूजा शील के लिये
पायुः	पालकः	पालक
अन्तरः	समीपवर्ती	समीप वर्ती
१ अनिषङ्गाय	तूणीररहिताय (ऋ० १०।१०३।३)	तरकश हीन के लिये
चतुःऽअक्षः	चतुर्नेत्रः	चार नेत्रों वाला
इध्यसे	दीप्यसे	तू दीप्यमान है
यः	यः	जो
रातऽहव्यः	दत्तहविष्कः	जिसने हवि दी है
अवृकाय	अहिंसकाय	न हिंसा करने वाले के लिये
धायसे	पोषकाय	पोषण करने वाले के लिये
२ कीरेः	स्तोतुः (निघं ३।१६)	स्तुति करने वाले के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चित्	अपि	भी
मन्त्रम्	मन्त्रम्	मन्त्र को
मनसा	मनसा	मन से
वनोषि	कामयसे	तू कामना करता है
तम्	तम्	उस को

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वं यजनशीलाय समीपवर्ती पालकः (असि) योऽहिंसकाय (तुभ्यम्) दत्तहविष्कः (वर्तते तस्मै) तूणीररहिताय चतुर्नेत्रः (सन्) दीप्यसे, स्तोतुराप मन्त्रं तम् (च) मनसा कामय से ॥ १३ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप पूजा शील के लिये समीपवर्ती पालक (हैं)। जिसने हिंसा से शून्य (और) पोषण करने वाले आप के लिये हवि दी है और जिसके पास तरकश नहीं है उस के लिये आप चारों आंखें खोले हुए दीप्यमान हैं। आप स्तोता की भी स्तुति को (और) उस को मन से कामना करते हैं ॥ १३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) जो अग्नि को हवि देता है, चाहे उसके पास तीरों से भरी हुई तरकश न भी हो तो भी उसको शत्रु से भय नहीं है। क्योंकि अग्निदेव चारों आंखें खोले हुए उसकी चौकसाई करते हैं ॥

(२) जो केवल स्तुति भी करता है उस की स्तुति को और उसको भी अग्निदेव प्यार करते हैं, यह ऋषि का कथन अपने उद्देश्य से है ॥

अग्निर्देवता जगती छन्दः। १२।१२।१२।१२॥

त्वमग्नउरुशंसायवाघते स्पार्हंय-

द्रेक्णःपरमंवनोषितत् । आध्रस्य-

चित्प्रमतिरुच्यसेपिता प्रपाकंशा-

स्सिप्रदिशोविदुष्टरः ॥१४॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
[2] उरुऽशंसाय	उरुस्तोत्र	विस्तीर्ण स्तुति करनेवालेके लिये

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

१ वाघते	ऋत्विजे निघं(३।१८)	ऋत्विज के लिये
स्पार्हम्	स्पृहणीयम्	इच्छाकरने योग्य
यत्	यत्	जो
२ रेक्णः	धनम् (निघं० २।१०)	धन
परमम्	उत्तमम्	उत्तम
३ वनोषि	कामयसे	तू चाहता है
तत्	तत्	उसको
४ आध्रस्य	दुर्बलस्य (आ०को०)	दुर्बल का
चित्	अपि	भी
प्रऽमतिः	अनुग्रहकर्ता	कृपा करने वाला
उच्यसे	उच्यसे	कहा जाता है
५ पिता	पिता	पिता
प्र	प्र+	–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

५ पाकम्	बालिशम् (आ० को)	मूर्ख को
शासि	प्र + शास्सि प्रकर्षेणानुशिष्टं किरोषि	सुशिक्षित करता है
प्र	प्र+(शास्सि) प्रज्ञपयसि	ज्ञान कराता है
६ दिशः	दिशः	दिशाओं को
विदुःऽतरः	अतिशयेनाभिज्ञः	अति विद्वान्

संस्कृतार्थः ।

हेअग्ने यत्स्पृहणीयमुत्तमं धनम् (अस्ति) तत्त्व मुरुस्तोत्रे ऋत्विजे कामयसे (त्वम्) दुर्बलस्याप्यनुग्रह-कर्ता पिता उच्यसे, अतिशयेनाभिज्ञः (त्वम्) बालि-शम् (अपि) प्रकर्षेणानुशिष्टं करोषि (तथा सर्वान् मनुष्यान्) दिशः प्रज्ञपयसि ॥ १४ ॥

भाषार्थः ।

हेअग्नि जो इच्छा करने योग्य उत्तम धन (है) उस को आप विस्तीर्ण स्तुति करने वाले ऋत्विज के लिये चाहते हैं। आप दुर्बल के भी अनुग्रह करने वाले पिता कहे जाते हैं। अति विद्वान आप मूर्ख को (भी)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुशिक्षित कर देते हैं (और सब मनुष्यों को) दिशाओं का ज्ञान कराते हैं ॥ १४ ॥

(१) जो उचित समय २ पर यज्ञ करता है ॥

(२) और विस्तीर्ण स्तुति करता है अर्थात् जो सर्वत्र उत्तम गुणों को ही देखता हुआ गद गद होकर स्तुति शील बन जाता है ॥

(३) उसके लिये अग्निदेव कामना करने योग्य उत्तम धनों को इच्छा करते हैं ॥

(४) योग्यतम की स्थिति (Survival of the fittest) के नियम से दुर्वलमनुष्य इस जगतमें स्वयं वा सन्तान द्वारा जीवित नहीं रह सकता। परन्तु अग्नि की शरण लेने से वह पिता की तरह रक्षा करके उस को इस नियम के पार लंघा देते हैं ॥

(५) मूर्ख पुरुष भो अग्नि की उपासनासे सुशिक्षित बन सकता है ॥

(६) दिशाओं के ज्ञान के बिना मनुष्य का कोई व्यवहार नहीं चल सकता। यह ज्ञान भी उस को सूर्य रूप म अग्नि द्वारा ही प्राप्त होता है ॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः ।१२।१२।१२।१२॥

त्वमग्ने प्रयतदक्षिणं नरं वर्मेव स्यूतं परि पासि विश्वतः। स्वादुक्षद्मा

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योवसृतोस्योनक्त ञ्जीवयाजयजते-
सोपमादिवः ॥ १५ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ प्रयतऽदक्षिणम्	दत्तदक्षिणम्	जिसने दक्षिणा दी है उस को
नरम्	नरम्	नर को
१ वर्मऽइव	कवचमिव	कवच की न्याइ
स्यूतम्	स्यूतम्	सीए हुए को
परि	परि+	—
१ पासि	परि+पासि परि पालयसि	खूब रक्षा करता है
विश्वतः	सर्वतः	चारों ओर से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२ स्वादुऽक्षद्मा	स्वाद्वन्नः (क्षद्मइति अन्ननाम निघं० २।७)	स्वादु अन्न वाला
यः	यः	जो
वसतौ	गृहे	घर में
स्योनऽकृत्	सुखकारी	सुख देने वाला
२ जीवऽयाजम्	जीवयज्ञम्	जीव यज्ञ को
यजते	यजते	यजन करता है
सः	सः	वह
उपऽमा	उपमा	सदृश
२ दिवः	स्वर्गस्य	स्वर्ग के

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने त्वं दत्तदक्षिणं नरंस्यूतं कवचमिव सर्वतः परिपालयसि यस्स्वाद्वन्नः (सन्स्व) गृहे (सर्वेषाम्) सुखकारी (भूत्वा) जीवयज्ञं यजते सः (अस्मिँल्लोके) स्वर्गस्य उपमा (अस्ति) ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप दक्षिणा देने वाले मनुष्य को सीये हुए कवच की न्याईं चारों ओर से खूब रक्षा करते हैं, जो स्वादु अन्न वाला (अपने) घरमें (सबको) सुख देने वाला जीव यज्ञ करता है वह इस (लोक में) स्वर्ग के सदृश है ॥ १५ ॥

(१) जो देवताओं के लिये यज्ञ करके उस में उदारता पूर्वक दान करता है । उस को अग्नि देव आपत्तियों से ऐसे रक्षा करते हैं, जैसे अच्छी सिली हुई कवच युद्ध में शरीर की रक्षा करती है । जो यह समझ कर दान नहीं करता कि दान करने से धन कम होजायगा और मैं भूख से मरजाऊंगा, उस के लिये वेद भगवान् कहते हैं (देखो ऋ० १०।११७।१) "देवताओं ने केवल भूख को ही मृत्यु का साधन नहीं बनाया है । क्योंकि अघाये को भी मृत्यु अनेक रूप से प्राप्त होती हैं और यह भी हैं कि जो दान देता है उस का धन कम नहीं होता । और जो नहीं देता उस पर कोई दया करने वाला नहीं है " ॥

(२) जो अपने घर में स्वादु अन्न बनाकर सब को सुख देता हुआ जीव यज्ञ करता है । अर्थात् जीवों को भोजन देता है । वह इस लोक में स्वर्ग के तुल्य है। किन जीवों को भोजन और धन देकर पालन करना चाहिये इस के लिये देखो ऋ० १० । ११७ ॥

"आध्राय चकमानाय" (अन्नको) इच्छा करने वाला दुर्बल पुरुष ॥

"रफितायोपजग्मुषे" जो दारिद्र्य से पीड़ित हुआ २ पास आवे ॥

"सेवते पुरा" जिसने पहले सेवा की है ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

"अन्न कामाय चरते कृशाय" जो कृश हुआ २ अन्न मांगता फिरता है ॥

सख्ये सचाभुवे सचमानाय" जो पुराना साथी और मित्र है और शरण आया है । इत्यादि ॥

अग्निर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११॥

इमामग्ने शरणिं मीमृषो न इमम-
ध्वानं यमगाम दूरात् । आपिः पिता
प्रमतिः सोम्यानां भृमिरस्यृषिकृन्म
र्त्यानाम् ॥ १६ ॥

इमाम्	इमाम्	इस को
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ शरणिम	(आचरण)मार्गम्	(आचरण)मार्गको
मीमृषः	तितिक्षस्व (लोड र्थेलुङ्) (मृष् तितिक्षायाम्)	तू सहन कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नः	अस्माकम्	हमारे
इमम्	इमम्	इस को
अध्वानम्	मार्गम्	मार्ग को
यम्	यम्	जिस को
अगाम	प्राप्तवन्तः	हम प्राप्त हुए हैं
दूरात्	दूरात्	दूर से
आपिः	बन्धुः	बन्धु
पिता	पिता	पिता
प्रमतिः	अनुग्रहकर्ता	अनुग्रह करने वाला
सोम्यानाम्	सोमार्हाणाम्	सोम के योग्यों का
भृमिः	भ्रामकः	भ्रमण कराने वाला
असि	असि	तू है
ऋषिकृत्	ऋषिकर्ता	ऋषि बनाने वाला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मर्त्यानाम्	मनुष्याणाम्	मनुष्यों का

संस्कृतार्थः ।

हेअग्नेऽस्माकमिमम् (आचरण) मार्गं तितिक्षस्व यमिमं मार्गं वयं दूरात्प्राप्तवन्तः, (त्वम्) सोमार्हाणाम् (भक्तानाम्) बन्धुः पिताऽनुग्रहकर्ता (चासि, त्वम्) मनुष्याणांभ्रामक ऋषिकर्ता (च) असि ॥ १६ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप हमारे इस आचारण मार्ग को सहन करें जिस इस मार्ग को हम दूर से प्राप्त हुए हैं आप सोमके योग्य (भक्तों) के बन्धु पिता (और) अनुग्रह कर्ता हैं आप मनुष्यों के भ्रामक (और) ऋषि बनाने वाले हैं ॥ १६ ॥

विनयोग—इस मन्त्रसे अनाहिताग्नि ऋत्विज् यजमान का कर्म कराके अपनी गृह्य अग्नि में एक घृत की आहुति देता है (आ० गृ० सू० १।२३।२५)

(१) इस मंत्र में ऐसे आचार के लिये तितिक्षा (सहन) करने के लिये अग्निसे प्रार्थना प्रतीत होती है। जो चिरकालसे हमारे घर में चला आया है और जो आचार यद्यपि निन्द्य नहीं है परन्तु निर्दोष भी नहीं है। आजीविकार्थ प्रायः सभी आचरण इस गणना में आजाते हैं ॥

(२) अग्निदेव मनुष्यों के भ्रामक हैं अपने महान कार्यों के लिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यन्त्र में आरूढ की तरह सब प्राणियों को भ्रमाते हैं। उनकी प्रबल इच्छा से प्रेरित होकर सब मनुष्य अपना २ काम करते हैं॥

(३) अग्नि देव ही मनुष्य को ऋषि बनाते हैं। वह जिस कुल में चाहें ऋषि उत्पन्न कर सकते हैं। कवष जिसको दासी पुत्र होने के कारण ऋषियों ने यज्ञ में से निकाल दिया था उस को अग्नि देवने ऋषि बनाया। अजीगर्त जिसने सौ गौओं के बदले में बेटे को अपने हाथ से बध करना स्वीकार कर लिया था उस के कुल में शुनः शेप को अग्नि ने ऋषि बनाया॥

अग्निर्देवता जगतीछन्दः १२।१२।१२।१२॥

मनुष्वदग्ने अङ्गिरस्वदङ्गिरो य-

यातिवत्सदनेपूर्ववच्छुचे। अच्छ-

याह्यावहादैव्यंजन मासादयबर्हि

षियक्षिचप्रियम्॥ १७॥

मनुष्वत्	मनोरिव	जैसे मनु के
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
अङ्गिरस्वत्	अङ्गिरसइव	जैसे अङ्गिरा के

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अङ्गिरः	हे अङ्गिरः	हे अङ्गिरा
ययातिऽवत्	ययातेरिव	जैसे ययाति के
सदने	यज्ञशालायाम् (आ० को०)	यज्ञशाला में
पूर्वऽवत्	पूर्ववत्	पूर्व की न्याईं
शुचे	हे शुचे	हे पवित्र
अच्छ	अच्छ +	–
याहि	अच्छ+याहि प्राप्नुहि (आ०को)	प्राप्त हूजिए
आ	आ +	–
वह	आ+वह-आनय	ला
दैव्यम्	दैव्यम्	देवसम्बन्धी को
जनम्	जनम्	जन को
आ	आ +	–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सादय	आ+सादय-उपवेशय	बिठाओ
बर्हिषि	बर्हिषि	कुशा पर
यक्षि	यक्षि	तू पूजन कर
च	च	और
प्रियम्	प्रियं यथा स्यात्तथा	प्यार से

संस्कृतार्थः ।

हेअग्ने हेअङ्गिरःहेशुचे(त्वमस्माकम्)यज्ञशालायां प्राप्नुहि यथा मनोरङ्गिरसो ययातेः (यज्ञ शालायाम) पूर्वम् (प्राप्नोः) दैव्यं जनमानय, बर्हिष्युपवेशय (उपवेशय) च प्रियं यथास्यात्तथा यक्षि ॥ १७॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि हे अङ्गिरा हे पवित्र आप (हमारी) यज्ञ शाला को प्राप्त हूजिये जैसे पूर्वकाल में मनु अङ्गिरा और ययातिकी (यज्ञ शालामें) प्राप्त हुए थे देवता लोगों को लाइये कुशा पर बिठाये (और) प्यार से (उन का) पूजन कीजिये ॥ १७ ॥

मनु अङ्गिरा और ययाति ये सब आर्यजातिके प्राचीनपुरुषाओं में से हैं । उर्वशी और पुरूरवा का पुत्र आयुः, आयुः का पुत्र नहुष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और नहुष का पुत्र ययाति राजा था, ययाति के पांच पुत्र यदु, तुर्वसु द्रुह्युः, अनुः और पुरुः थे, इन सब का नाम मंत्रों में आता है ॥

अग्निर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११॥

एतेनाग्ने ब्रह्मणा वावृधस्व शक्ती-
वायत्ते चकृमा विदावा। उत प्रणेष्य-
भिवस्यो अस्मान्त्सं नः सृज सुम-
त्यावाजवत्या ॥१८॥

एतेन	एतेन	इस से
अग्ने	हे अग्ने	हे अग्नि
१ ब्रह्मणा	मन्त्ररूपस्तुत्या	मन्त्ररूप स्तुति से
१ वावृधस्व	अभिवृद्धो भव	बढ़
१ शक्ती	शक्त्या (तृतीयायाः पूर्वसवर्णदीर्घत्वम्)	शक्ति से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वा	वा	अथवा
यत्	यत्	जो
ते	तुभ्यम्	तेरे लिये
चकृम	कृतवन्तः	हमने किया है
१ विद्मा	ज्ञानेन	ज्ञान से
वा	वा	अथवा
उत	अपिच	और
प्र	प्र +	–
नेषि	प्र + नेषि प्रापय	पहुंचा
अभि	अभिमुखम्	की ओर
वस्यः	वसुमत्तरत्वम्	अतिशय करके धनवत्ता को
अस्मान्	अस्मान्	हम को
सम्	सम् +	–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नः	अस्मान्	हम को
सृज	सम् + सृज संयोजय	जोड़
२ सुऽमत्या	सुमत्या	सुमति से
२ वाजऽवत्या	बलवत्या	बलवाली से

संस्कृतार्थः ।

हे अग्ने अनया मंत्ररूपस्तुत्याऽभिवृद्धो भव यत् (वयम् शक्त्या वा ज्ञानेन वा तुभ्यं कृतवन्तः, अपि चास्मान्वसुमत्तरत्वं प्रापय बलवत्या सुमत्या (च) अस्मान् संयोजय ॥ १८ ॥

भाषार्थः ।

हे अग्नि आप इस मन्त्र रूप स्तुति से बढ़िये जो शक्ति से वा ज्ञान से आप के लिये हमने की है और हम को अतिशय करके धनवत्ता को प्राप्त कराइये (तथा) हम को बल वाली सुमति से युक्त कीजिये ॥ १८ ॥

विनियोग-इस मन्त्र से साग्निक ऋत्विज् यजमान का कर्म कराके अपनी दक्षिणग्निमें घृत की एक आहुति देता है. (अ० गृ० सू० १)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२३।२४),साग्निचयन क्रतुओं में भी उपासंभरणीय इष्टिमें ब्रह्मण्वत् अग्नि देवता का यह मन्त्र पुरोनुवाक्या है (आ०श्रौ०सू०४।१।२३) ॥

(१) हमारी शक्तिऔर हमारा ज्ञान अल्प हैं। इन से जो कुछ हम स्तुति कर सकते हैं, वह अग्निदेव के योग्य नहीं है परन्तु हमारी श्रद्धा को जानकर हमारी टूटी फूटी स्तुति को ही अग्नि देव स्वीकार करके वृद्धि को प्राप्त हों। स्तुति से देवता वा मनुष्य का वृद्धि को प्राप्त होना एक नियमहै। (देखो पृ० २१९) ॥

(२) हम बलवाली सुमति (Enorgising and rightthought) से युक्त हों। जो मति हम को दुष्कर कर्म के लिये प्रेरण करे। और जिस का परिणाम सुख कारी हो। मनुष्य निरन्तर (सुमति युक्त) कर्म करने से ही इस लोक में सुख और पर लोक में स्वर्ग को प्राप्त कर सकता है ॥

॥ इत्येकत्रिंशं सूक्तम् ॥

ऋ०मं० १ सू० ३२ मं०१

इन्द्रो देवता आङ्गिरसो हिरण्यस्तूप ऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दः

११।११।११।११।

इन्द्रस्य॒ नु वी॒र्या॑णि॒ प्र वो॑चं॒ यानि॑ च॒कार॑ प्रथ॒मानि॑ व॒ज्री। अह॒न्नहि॒मन्व॒पस्त॑तर्द॒ प्र व॒क्षणा॑ अभिन॒त्पर्व॑तानाम् ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्द्रस्य	इन्द्रस्य	इन्द्र के
नु	अतः परम् (आ० को०)	यहां से
१ वीर्याणि	पराक्रमयुक्तकर्माणि	पराक्रमों को
प्र	प्र+	--
वोचम्	प्र+वोचम् प्रब्रवीमि (लडर्थे लुङ्)	मैं वर्णन करता हूं
यानि	यानि	जिन का
चकार	चकार	किया है
प्रथमानि	पूर्वाणि	पहलों को
वज्री	वज्री	वज्रधारी ने
अहन्	हतवान्	मारा
१ अहिम्	मेघम् (निघं० १।१०)	मेघ को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनु	पश्चात्	पीछे
२ अपः	जलानि	जलों को
२ ततर्द	विसृष्टवान् (आ० का०)	छुड़ाया
प्र	प्र +	–
१ वक्षणाः	नदीपथान् (आ० को०)	नदियों के रस्तों को
अभिनत्	प्र + अभिनत्	फाड़ के निकाला
१ पर्वतानाम्	पर्वतेभ्यः (पञ्चम्यर्थे षष्ठी)	पर्वतों में से

संस्कृतार्थः ।

वज्रीन्द्रः पूर्वाणि यानि पराक्रमयुक्तकर्माणि चकार (तानि) अतः परं प्रब्रवीमि, (स प्रथमम्) मेघं हतवान् पश्चाज्जलानि विसृष्टवान् (ततः) पर्वतेभ्यो नदीपथान्प्राभिनत् ॥ १ ॥

भावार्थः ।

वज्रधारी इन्द्र ने पूर्व में जिन पराक्रम युक्त कर्मों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

को किया है(उनको)मैं यहांसे वर्णन करता हूं (प्रथम उन्होंने) मेघ का मारा फिर जलोंको छुडाया (फिर) पर्वतों से नदियों के रस्तों का फाडकर निकाला ॥१॥

विनियोग—यह सूक्त अग्निष्टोम के माध्यन्दिन सवन में निष्केवल्य शस्त्र में पढा जाता है और इसके आठवें मंत्र के आगे इन्द्र की निविद डाली जाती है (आ० श्रौ० सू० ५।१५।२२)

विषुवत् और महाव्रत के निष्केवल्य शस्त्र में भी यह सूक्त पढा जाता है (आ० औ० सू० उ० २।६।१२)

(१) इस सूक्त में हिरण्यस्तूप ऋषि पृथिवी के पूर्व इतिहास को जब जीव सृष्टि नहीं हुई थी परन्तु जिन घटनाओं से जीवों की उत्पत्ति की इस पृथिवी पर सम्भावना हुई वर्णन करते हैं। यह वह समय था जब वायु और जल वर्तमान रूप में इस पृथिवी पर न थे, पृथिवी की पपडी के सुकड़ने से पहाड़ और निम्न प्रदेश बन गए थे, अन्तरिक्ष में पृथिवी के चारों ओर अनेक रस उपरस क्षार और अम्ल की कई कोस मोटी वाष्प थी, जिस से पृथिवी पर महा घोर अन्धेरा छाया हुआ था और सूर्य की किरणों के पृथिवी तक पहुंचने के लिये कोई छिद्र न था,यही रस क्षार और अम्लका मेघ " प्रथमज " अहि वा वृत्रथा,इसी के बरस कर पत्थरों में मिलने से धूलि बनी है जो वृत्रका पर रूप है और जिसके सूक्ष्म कणों पर जलके सूक्ष्म बिन्दुओंके जमनेसे साधारण मेघ बनता है। इस समय देवताओंके लियेएकबहुत कठिनकर्म उपस्थित था प्रजाओंकी उत्पत्ति के लिये जल; वायु और सूर्यकी ज्योति की आवश्यकता थी और इन को वृत्ररो के हुए था । इस अवस्था में इन्द्र ने इस महान् कर्म का भार अकेले अपने ऊपर लेकर वृत्र से युद्ध आरम्भ किया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह युद्ध बहुत काल तक रहा और अन्त में इन्द्र ने वृत्र को मार कर जल वायु और ज्योति रूपी गौओं को जीता इस युद्ध के महत्व का विचार हमारे चित्त में आना कठिन है इसी के प्रताप से

(२) पृथिवी पर इतना जल बरसा कि जिससे पृथिवी तल के १४,२०,००,००० वर्ग मील में इस समय भी कोसों गहरा जल समुद्र रूपमें पाया जाता है और जो सैकडों सहस्रों करोड वर्ष तकजीवोंकी उत्पत्ति और स्थिति के लिये पर्याप्त है।

(३) समुद्र का जल वृत्र की लोथ के गिरने से (अनेक रस उपरस और क्षारकी बाष्पके जमने और समुद्रके जलमें मिलने से) खारी होगया था इसलिये मीठे जल के लिये इन्द्र ने पर्वतों की छातियां फाडकर नदियों का मार्ग बनाया जिनमें सूर्य भगवान समुद्र के खारी जल को किरणों द्वारा भपके में खेंचकर और प्रजा के हित के लिये मीठा बनाकर बहाते रहते हैं॥ मंत्र के अन्तिम पाद का यह भी अर्थ हो सकता है कि(पर्वतानां) पर्वतों की(वक्षणाः, वक्षांसि) छातियों को (प्राभिनत्) फाडा।

इन्द्रो देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११।

अहन्नहिं पर्वते शिश्रियाणं त्वष्टास्मै वज्रं स्वर्यं ततक्ष। वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमव जग्मुरापः ॥२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अह॑न्	हतवान्	मारा
अहि॑म्	मेघम्	मेघ को
पर्व॑ते	पर्वते	पर्वत में
शि॒श्रि॒या॒णम्	आश्रितम्	टिके हुए को
त्वष्टा॑	त्वष्टा	त्वष्टा ने
अ॒स्मै॒	अस्मै	इस के लिये
वज्र॑म्	वज्रम्	वज्र को
स्व॒र्य॑म्	शब्दनीयम्	शब्द करने योग्य को
त॒त॒क्ष॒	तनूकृतवान्	पैनाया
वा॒श्रा॑ऽइ॑व	हंभारवोपेताइव	रांभती हुइयों की न्याईं
धे॒नवः॑	धेनवः	गौएं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्यन्दमानाः	प्रस्रवन्त्यः	बहते हुए
अञ्जः	ऋजुगत्या (तृतीया यालुक्)	सीधे
समुद्रम्	समुद्रम्	समुद्र को
अव	अव +	—
जग्मुः	अव+जग्मुः नीचैःप्राप्ताः	नीचे नीचे चले गए
आपः	आपः	जल

संस्कृतार्थः ।

त्वष्टाऽस्मै (इन्द्राय) शब्दनीयं वज्रं तनूकृतवान् (स तेन) पर्वत आश्रितं मेघं हतवान् (ततः) प्रस्रवन्त्य आपो हंभारवोपेता धेनव इव ऋजुगत्या समुद्रं नीचैः प्राप्ताः ॥२॥

भाषार्थः ।

त्वष्टा ने इस (इन्द्र) के लिये शब्द करने योग्य वज्र को पैनाया जिस से (उस ने) पर्वत में टिके हुए मेघ को मारा ऐसा करने से बहते हुए जल रांभती हुई गौओं की न्याईं सीधे समुद्र को नीचे२ चले गए॥२॥

साधारण वर्षा का मेघ पृथिवी से दो अढाई मील से अधिक ऊंचा नहीं होता, 'प्रथमज' मेघ भारी होने से और भी अधिक समीप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

था इसलिये पर्वत में टिका हुआ भान होता था। साधारण मेघ के सूक्ष्मजल कणों को धूलि से पृथक् करके वर्षा के योग्य बिन्दुओं के बनाने में विद्युत कारण है, यही विद्युत इन्द्र का गर्जने वाला वज्र है, इसी अस्त्र से इन्द्र ने प्रथमज वृत्र को मार कर जलों को छुडाया और वह बरसकर समुद्ररूपमें पृथिवी पर स्थिर हुए।

इन्द्रो देवता त्रिष्टुप् छन्दः ११।११।११।११

वृषायमाणोऽवृणीतसोमं त्रिकद्रुके-
ष्वपिबत्सुतस्य। आसायकंमघवा-
दत्तवज्रमहन्नेनंप्रथमजामहीनाम् ३

वृषऽयमाणः	वृषइवाचरन्	बैल की न्याईं आचरण करते हुए ने
अवृणीत	वृतवान्	वरा
सोमम्	सोमम्	सोम को
त्रिऽकद्रुकेषु	(ज्योतिर्गौरायु र्नामसु) त्र्यहेषु	त्र्यहों में
अपिबत्	पीतवान्	पान किया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुतस्य	अभिषुतम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	निष्पीडन किये हुए को
आ	आ+	–
सायकम्	बाण (रूपम्)	बाण (रूपी) को
मघऽवा	धनवान् (इन्द्रः)	धनवाले (इन्द्र) ने
अदत्त	आ+अदत्त गृही॰ तवान्	ग्रहण किया
वज्रम्	वज्रम्	वज्र को
अहन्	हतवान्	मारा
एनम्	एनम्	इस को
प्रथमऽजाम्	प्रथमोत्पन्नम्	पहिले उत्पन्न हुए को
अहीनाम्	मेघानाम् (मध्ये)	मेघोंके (मध्यमें)

संस्कृतार्थः।

वृषइवाचरन् (इन्द्रः) सोमं वृतवान् (वृत्वाच) त्र्यहेष्वभिषुतम् (सोमम्) पीतवान् (तदा) धनवान् (इन्द्रः) बाणरूपम् वज्रं गृहीतवान् (गृहीत्वा च) मेघानाम् (मध्ये) प्रथमोत्पन्नमेनं (अहिम्) हतवान् ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाषार्थः।

बैल की न्याईं आचरण करते हुए (इन्द्र ने) सोम को वरा (और) त्र्यहों में निष्पीडन किये हुए (सोम) को पान किया (फिर) धन वाले (इन्द्र) ने बाण (रूपी) वज्र को ग्रहण किया (और) मेघों में सब से पहले उत्पन्न हुए इस (मेघ) को मारा ॥ ३ ॥

(१) ज्योतिष्टोम गोष्टोम और आयुष्टोम ये तीनों याग अग्निष्टोम की विकृति हैं और सत्र में एक २ दिन ये याग किये जाते हैं इन तीनों दिनों को मिलाकर त्र्यह वा त्रिकद्रुक कहते हैं द्वादशाह में तीन त्र्यह और गवामयनादि सत्रों में अनेक षडह (जो दो त्र्यहों को इस प्रकार मिलाने से बनते हैं ज्योतिः० गोः० आयुः० आयुः० गोः० ज्योतिः०) होते हैं।

देवताओं का निष्पीडन किया हुआ सोम चन्द्रमा है जिसको उन्होंने इस कथा से पूर्वकालमें पृथिवी से खेंचकर निकाला था और जिससे उत्पन्न हुए पृथिवी के क्षत भागको इन्द्र ने इस युद्धमें जलों से पूर्ण करके समुद्र बनाया। चन्द्रमा का विद्युत पर प्रभाव उस के नाक्षत्र भगण काल (२७.३२ दिन) और विद्युत वृद्धि के काल में सम्बन्ध देखे जाने से निरूपण किया गया है, इसीलिये ऋषि कहते हैं कि चन्द्रमा को इन्द्र ने बहुत त्र्यहों में पान किया, फिर विद्युत रूपी वज्र को धारण करके सब से पहिले उत्पन्न हुए इस वृत्र को मारा

इन्द्रो देवता त्रिष्टुप्छन्दः ११।११।११।११।

यदि॒न्द्राह॑न्प्रथम॒जामही॑ना॒ मान्मा॒-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदिन्द्राहन्प्रथमजामहीनामान्मायिनाममिनाः प्रोत मायाः । आत्सूर्यं जनयन्द्यामुषासं तादीत्नाशत्रुं न किलाविवित्से ॥ ४ ॥

यत्	यदा	जब
इन्द्र	हे इन्द्र	हे इन्द्र
अहन्	हतवान्	मारा
प्रथमऽजाम्	प्रथमोत्पन्नम्	पहले उत्पन्न हुए को
अहीनाम्	मेघानां (मध्ये)	मेघों के (मध्य में)
आत्	अनन्तरम्	पीछे
मायिनाम्	मायोपेतानाम्	छल करने वालों की
अमिनाः	प्र + अमिनाः प्रकर्षेण नाशितवान् (मीञ् हिंसायाम्)	अत्यन्त नाश किया
प्र	प्र +	—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत	च	और
मायाः	मायाः	माया को
आत्	अनन्तरम्	पीछे
सूर्यम्	सूर्यम्	सूर्य को
जनयन्	प्रादुर्भावं कुर्वन्	प्रकट करता हुआ
द्याम्	आकाशम्	आकाश को
उषसम्	उषसम्	उषा को
तादीत्ना	तदानीम्	तब
शत्रुम्	शत्रुम्	शत्रु को
न	न	नहीं
किल	खलु	निश्चय करके
विवित्से	लब्धवान् विद्लृ-लाभे	पाया

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र यदा त्वं मेघानां(मध्ये)प्रथमोत्पन्नम्(मेघम्)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हतवान् अनन्तरं मायोपेतानां मायाः प्रकर्षेण नाशितवान् अनन्तरं सूर्यमाकाशमुषसम् (च) प्रकटयन् (अस्थात्) तदानीं (त्वम्) शत्रुं न लब्धवान् खलु ॥४॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र जब आप ने मेघोंके (मध्यमें) पहले उत्पन्न हुए (मेघ को) मारा और छल करने वालों की माया को अत्यन्त नाश किया, फिर (आप) सूर्य आकाश (और) उषा को प्रकट करते हुए (ठहरे) तब आप को कोई भी शत्रु नहीं मिला ॥ ४ ॥

जब इन्द्र ने प्रथम होनेवाले मेघको मारकर,नाना रूप से पृथिवी को आच्छादन करने वाले अन्य वृत्रों की माया को नष्ट किया और सूर्य,आकाश और उषा को पृथिवी के लिये प्रकट कर दिया, (अब तक पृथिवी पर से इन देवताओं के दर्शन नहीं होते थे,इन्द्र ने ही प्रथम वार इनको प्रकट करके पृथिवी के लिये उत्पन्न किया)तबइन्द्र के सामने कोई शत्रु नहीं आया ॥

इन्द्रो देवता त्रिष्टुप् छन्दः । ११।११।११।११।

अहन्वृत्रंवृत्रतरंव्यंस मिन्द्रोवज्रेणम-

हतावधेन । स्कन्धांसीवकुलिशेना-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विवृक्णा ऽहिः शयत उपपृक्पृथिव्याः ।५

अहन्	हतवान्	मारा
वृत्रम्	मेघम् (निघं०१।१०)	मेघ को
वृत्रऽतरम्	आच्छादकतरम् (वृञ् आच्छादने)	बहुत आच्छादन करने वाले को
विऽअंसम्	विगतांसं यथा स्यात्तथा	काटी हुई भुजाओं की न्याईं
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
वज्रेण	वज्रेण	वज्र से
महता	महता	बड़े से
वधेन	वधेन	वध से
स्कन्धांसि ऽइव	(वृक्ष) स्कन्धांसीव	(वृक्ष के) तनों की न्याईं
कुलिशेन	कुठारेण	कहाड़े से
विऽवृक्णा	छिन्नानि (शेर्लोपः)	काटकर अलग किए हुओं को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अहिः	मेघः	मेघ
शयते	शयितवान् (लुङर्थे लट्)	सोया
उपऽपृक्	सामीप्येन संपृक्तः	समीप मिला हुआ
पृथिव्याः	पृथिव्याः	पृथिवी के

संस्कृतार्थः ।

इन्द्र आच्छादकतरं मेघं वज्र–(सम्पादितेन) महता वधेन, कुठारेण विच्छिन्नानि(वृक्ष)स्कन्धांसीव, विगतांसं हतवान् (तदा सः) वृत्रः पृथिव्याः सामीप्येन संपृक्तः शयितवान् ॥ ५ ॥

भाषार्थः ।

इन्द्र ने बहुत आच्छादन करने वाले मेघ को वज्र (सम्पादित) महान वध से, कुल्हाडे से काटे हुए (बृक्ष) के तनों की न्याईं, भुजा काटकर मार (गिराया)। (तब वह) मेघ पृथिवी के साथ लगकर सोगया ॥ ५ ॥

जब इस घोर अन्धकार करनेवाले असाधारण मेघ को इन्द्रने मार कर(द्रवरूप में जमाकर)पृथिवी पर गिरा दिया तो वह ऐसे गिर पडा जैसे तना कटा हुआ वृक्ष गिरता है । अभी वृत्रके प्राण नहीं निकले थे क्योंकि पृथिवीके तप्त होनेके कारण वृत्र के द्रव रूप में से वाष्प निकल कर फिर पृथिवीके समीप अन्धकार छा गया था, इसी लिये ऋषि कहते हैं (देखो अगला मंत्र)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्द्रो देवता त्रिष्टुपछन्दः । ११।११।११।११।

